


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत ...

दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत रैपिड रेल को पीएम मोदी दिखाएंगे ... 12



वर्ष : 11 | अंक : 293 | नई दिल्ली, बुधवार, 06 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| संसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### गया में सेना का एयरक्राफ्ट विमान गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

गया। बिहार में गया जिले के बोधगया प्रखंड के बगदाहा गांव के बधार में आज सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान अचानक गिर गया। सूत्रों ने बताया कि गया के पहाड़पुर गांव के समीप स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से ट्रेनिंग के दौरान माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान ने उड़ान भरी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण विमान बगदाहा गांव के गेहूं के खेत में गिर गया। विमान में एक महिला और एक पुरुष पायलट सवार थे। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों ने दोनों पायलट को विमान से बाहर निकाला। इसके बाद पायलट के द्वारा इसकी सूचना ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी को दी गई। अकादमी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर विमान को वापस लेकर चले गये।

### चुनाव में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं : सीईसी

कोलकाता। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल के प्रशासन को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है। उन्होंने कहा, चुनाव में डर या धमकी के लिए कोई जगह नहीं है।

### अयोग्य घोषित विधायकों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में हाल के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग के बाद अयोग्य घोषित किये गये छह कांग्रेस विधायकों ने अपनी अयोग्यता को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। पूर्व विधायकों ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के 29 फरवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के ये बागी विधायक बाद में पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए बजट पर मतदान से अनुपस्थित रहे थे।

### मध्य प्रदेश में राहुल गांधी की यात्रा में लगे मोदी-मोदी के नारे

भोपाल। अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मध्य प्रदेश में मंगलवार को चौथा दिन है। ब्यावरा से शाजापुर पहुंची यात्रा के सामने लोगों ने मोदी-मोदी और जय श्री राम के नारे लगाए। राहुल गांधी को इन लोगों ने आलू भी दिए।राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इन दिनों मध्य प्रदेश में है और मंगलवार को उसका चौथा दिन है। चौथे दिन यात्रा ब्यावरा से शाजापुर पहुंची। वे अपने वाहन से जब आगे बढ़ रहे थे, तभी सड़क किनारे खड़े लोगों ने मोदी-मोदी और जय श्री राम के नारे लगाए।नारे सुनकर राहुल गांधी ने अपना वाहन रुकवाया। वाहन रुकने के बाद राहुल गांधी उतरे और उन लोगों के करीब पहुंच गए जो मोदी-मोदी तऔर जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। इन लोगों ने राहुल गांधी को आलू भी सौंपे। उसके बाद राहुल गांधी आगे बढ़ गए। भारत जोड़ो न्याय यात्रा दो मार्च को मुरैना जिले से मध्य प्रदेश पहुंची था और यह यात्रा छह मार्च तक प्रदेश में रहेगी।

# युवाओं को बढ़ावा देने से डरती है कांग्रेस, परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र व युवा विरोधी हैं : मोदी

प्रात: किरण

संगारेड्डी (तेलंगाना)/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह युवा नेताओं को बढ़ावा देने से डरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी अब 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां उन्हें निशाना बना रही हैं क्योंकि वह उनके हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का पदार्फाश कर रहे हैं। मोदी ने यहां भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कोई निजी हमला नहीं किया बल्कि परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके दोस्त अब उन्हें और उनके जनता रूपी परिवार को गाली दे रहे हैं क्योंकि वह जनता को दी गई गारंटी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं। क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और युवाओं को नए अवसर नहीं देता है तो वे इसका जवाब नहीं देते हैं लेकिन कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले वंशवादी पार्टी नहीं थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने कभी भी 50 साल से कम उम्र के किसी व्यक्ति को पदोन्नति नहीं दी। मोदी ने कहा, कांग्रेस पहले वंशवादी नहीं थी। यह 50 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को बढ़ावा नहीं देती है। यदि उन्हें किसी को नियुक्त करना है तो वे किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करेंगे जो 75-80 वर्ष का हो, 85 वर्ष का हो। उन्हें डर है कि अगर 50 साल का आदमी आकर आगे बढ़ जाता है तो परिवार का क्या होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, जहां-जहां परिवार संचालित पार्टियां शासन कर रही हैं, वे राज्य बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे परिवार मजबूत जरूर हुए हैं, लेकिन राज्य नहीं। उन्होंने जनता से सवाल



किया, क्या इन परिवार द्वारा संचालित राजनीति को जारी रहने दिया जाना चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार द्वारा संचालित ऐसी पार्टियां लोकतंत्र विरोधी, प्रतिभा विरोधी और युवा विरोधी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह वंशवादी राजनीति की बात करते हैं तो वे कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है।

**मोदी ने सीएआरओ केन्द्र राष्ट्र को समर्पित किया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित किया। यह केंद्र स्वदेशी और नवीन समाधान प्रदान करने के लिए घरेलू और सहयोगी अनुसंधान के माध्यम से विमानन समूह के लिए एक वैश्विक अनुसंधान मंच प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन से केंद्र के साथ आगामी दिनों में हैदराबाद और तेलंगाना को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में अपनी तरह का पहला विमानन केंद्र, जो बेगमपेट हवाई अड्डे पर खुला है, विमानन स्टार्टअप, अनुसंधान और कौशल विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीएआरओ विमानन क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा, ह्लएविएशन सेक्टर में भारत नित दिन नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश में पिछले 10 सालों में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो चुकी है और इस क्षेत्र में लगातार रोजगार के नए साधान सृजित हो रहे हैं। ऐसे में सीएआरओ आगामी दिनों में रोजगार के नए साधन पैदा करेगा।

## विप चुनाव : 11 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 11 मार्च को होगी समाप्त

# सीएम नीतीश ने चौथी बार दाखिल किया नामांकन

### जदयू एमएलसी खालिद अनवर व मंत्री संतोष सुमन ने भी भरा पर्चा

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य विधान परिषद में फिर से मनोनयन के लिए मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मुख्यमंत्री ने लगातार चौथी बार विधान परिषद की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल किया है और उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। मुख्यमंत्री के अलावा राज्य सरकार में शामिल मंत्री संतोष सुमन और जदयू एमएलसी खालिद अनवर ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर सुमन के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी भी उपस्थित थे। दरअसल, निर्वाचन आयोग ने राज्य विधान परिषद की 11 सीटों के द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा



बिहार विधान परिषद् के लिये विधानसभा के सचिव कक्ष में नामांकन करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

की है जिनका कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है। इनमें से चार पर जदयू का कब्जा था, हालांकि विधानसभा में उसका संख्या बल कम होने के बाद पार्टी ने दो सीटों पर अपना दावा छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री और अनवर के अलावा, जदयू के जिन लोगों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, उनमें संजय कुमार झा हैं, जो हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इनमें रामेश्वर महतो भी हैं जो इस बार उम्मीदवार नहीं हैं। भाजपा ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी," ने कहा है कि हम चार सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, एक सीट अपने सहयोगी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के लिए छोड़ेंगे। जिन सीटों पर चुनाव की घोषणा हुई है उनमें से तीन पर भाजपा के सदस्य थे। शेष सीटों में से दो पर राजद की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधान परिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी और राम चंद्र पूर्वे हैं। पूर्वे उच्च सदन के उप सभापति हैं। एक सीट कांग्रेस के प्रेम चंद्र मिश्रा के पास है। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 11 मार्च को समाप्त होगी और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 14 मार्च निर्धारित की गई है। मतदान 21 मार्च को होना है।

# बड़े नेता 100 किमी के भीतर 10 करेंगे सभा : सम्राट

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

● डिप्टी सीएम ने कहा - सनातन के समर्थक किसी के विरोधी नहीं

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा कार्यालय में आज लोकसभा चुनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के प्रबंधन के कार्यो की चर्चा की गई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज हमारे पास ऐसा चमत्कारिक नेतृत्व है जिससे चुनाव के पहले ही हम अपने विरोधियों पर बढ़त बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। भाजपा अपने संकल्प पत्र के जरिए लोगों से जो वादा करती है वह पूरा भी करती है। यही भाजपा का ट्रैक रिकार्ड है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने आंकड़ों के जरिए किए वादों पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा ने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 मे 530 संकल्प लिया था, जिसमे से 529 संकल्पों यानी 99.99 प्रतिशत पूरा किया। भाजपा वर्ष 2019 के





चुनाव के दौरान 234 संकल्प लिए जिसमे से अभी तक 222 यानी 95 प्रतिशत संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचा दिए गए। उन्होंने सनातन विरोधियों पर सियासी निशाना साधते हुए कहा कि हम सभी सनातन के समर्थक किसी भी धर्म, समाज के विरोधी नही हैं, लेकिन जो तुष्टिकरण करेगा उसे हम छोड़ने वाले भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज तुष्टिकरण की खातिर सनातन धर्म, सनातन गुरुओं और सनातन ग्रंथों का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार पिछले 5 दिनों के अंदर 39 लाख आयुष्मान कार्ड बने। जिन लोगो को 5 किलो अनाज मिल रहा है उन्हे 5 लाख इलाज की भी गारंटी मोदी जी और नीतिश जी दे रहे है। गरीब कल्याण के 125 योजनायें चल रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी बड़े नेता 100 किलोमीटर के भीतर 10 कार्यक्रम और सभा करेंगे, जिसकी तैयारी की जा रही है। कार्यशाला के दौरान दीवार लेखन के काम को बूथ तक करने तथा 10 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाए जाने की बात कही गई। विकसित भारत के लिए भाजपा संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत 15 मार्च तक मिस्ड कॉल कर या बॉक्स मे सुझाव के लिए लोगों को प्रेरित करना है। हर बूथ पर 370 नये वोटर जोडने के लिए भाजपा के कार्यकताओं को कहा गया है। इस कार्यशाला में बिहार चुनाव सह प्रभारी राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय सह संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक राजेन्द्र गुप्ता, सह संयोजक मिथिलेश तिवारी, संयोजक राजेश कुमार वर्मा और संजय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बिहार से महागठबंधन चौंकाने वाला देगा रिजल्ट : तेजस्वी

प्रात: किरण



पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया किया है। मंगलवार को 5 देशरत्न मार्ग स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में तेजस्वी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। उन्होंने कहा कि एनडीए के सीट शेयरिंग से पहले बिहार में महागठबंधन सीट तय कर लेगा। उन्होंने महागठबंधन की रैली को सफल बनाने के लिए बिहार वासियों और महागठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं के प्रति आभार जताया। उन्होनें कहा कि हम तो कलम बांटते है जबकि भाजपा तलवार बांटती है। उन्होंने भाजपा के मेरा परिवार अभियान को लेकर कहा कि किसानों के खिलाफ लाठी बरसायी जाती है क्या वे उनका परिवार नहीं है। उन्होंने कहा भाजपा बताए कि कितनी महंगाई, गरीबी पलायन को कम किया। इस दौरान तेजस्वी व राजद प्रमुख लालू यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिंदू नहीं बताए जाने वाले बयान पर सफाई दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम भी हिंदू हैं, घर में पूजा-पाठ करते हैं। किसी के मरने पर बाल मुंडवाते हैं। लालू जी ने सिर्फ यही तो कहा कि राम-रहीम के बंदों को लड़वाते हैं, तो बाल क्यों नही मुड़वाये थे। लेकिन इस पर इतनी राजनीति हो रही है। तेजस्वी ने कहा कि जन विश्वास रैली के दौरान बिहार के लोगों ने भरपूर प्यार, विश्वास और ताकत दिया, इसके लिए पूरे बिहार के लोगों को धन्यवाद देते हैं। केवल 10 दिनों के अंदर हम लोगों ने जन विश्वास रैली किया। खराब मौसम के बावजूद भी लाखों की तादात में लोग जुटे और एक ऐतिहासिक रैली का सफल आयोजन किया गया। आने वाले चुनाव को देखते हुए बिहार की धरती ने रैली के माध्यम से पूरे देश में संदेश दिया कि हमारा इंडी गठबंधन मजबूत है और आने वाले समय में हमलोग बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देंगे।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम हो गए डाउन !

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम डाउन हो गए हैं। मेटा कंपनी के दोनों प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स को लॉगइन और फीड रिफ्रेश करने में दिक्कत आ रही है। फेसबुक पर यूजर्स के अकाउंट ऑटोमेटिक लॉगआउट हो गए हैं। हालांकि इसके बाद दोबारा लॉग-इन भी नहीं हो पा रहा है। दोबारा लॉग-इन करने पर समथिंग वेंट रॉन्ग मैसेज आ रहा है। मेटा के स्वामित्व वाले लोकप्रिय प्लेटफॉर्म फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, भारत सहित कई देशों में सोशल मीडिया अकाउंट अचानक से बंद हो गए। यूजर्स ने इसकी रिपोर्ट की है। कई यूजर्स को इंस्टेंट मैसेजिंग एप्लिकेशन वॉट्सएप के साथ भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 9 बजे से फेसबुक इंस्टाग्राम एवं मैसेंजर का सर्वर डाउन है और सभी यूजर्स को फेसबुक उसे करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक लोगों को समस्याएं आ रही थी।

# विदेश मंत्री ने दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से भेंट की, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

प्रात: किरण

सियोल/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में यहां आये हैं।

वह अपनी इस यात्रा के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताई-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट



किया, सियोल में आज दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना की प्रशंसा करता हूं तथा कल होने वाली संयुक्त आयोग की 10 वीं बैठक से पहले उनके मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारता हूं।

जयशंकर की इस यात्रा से पहले नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि जेसीएम में द्विपक्षीय सहयोग के समूचे दायरे की समग्र समीक्षा होने तथा उसे और मजबूत करने के अवसरों को खंगाले जाने की संभावना है। मंत्रालय का कहना था कि जेसीएम दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का मौका भी प्रदान करेगा।

**समारोह** | मुख्यमंत्री योगी, उपमुख्यमंत्री, ब्रजेश पाठक समेत योगी मंत्रिमंडल के कई सदस्य और भाजपा के पदाधिकारी रहे मौजूद

# योगी मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में चार मंत्रियों ने ली शपथ

प्रात: किरण

लखनऊ, एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार में मंगलवार को चार नये मंत्रियों ने शपथ ली। राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल आनदीबेन पटेल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष एवं विधायक ओम प्रकाश राजभर, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में मुजफ्फरनगर के पुरकाजी क्षेत्र के विधायक अनिल कुमार और गाजियाबाद जिले की साहिबाबाद विधानसभा सीट से विधायक सुनील शर्मा को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत योगी मंत्रिमंडल के कई सदस्य और भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। जहूराबाद सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले ओम प्रकाश राजभर और समाजवादी पार्टी (सपा) छोड़ कर कुछ महीने पहले भाजपा में वापसी करने वाले दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाये जाने की अटकलें काफी समय से लगायी जाती रही हैं वहीं



हाल ही में सपा गठबंधन से किनारा कर भाजपा का समर्थन करने वाले रालोद के विधायक अनिल कुमार को मंत्री पद के लिये ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। ऐसा ही भाजपा विधायक सुनील शर्मा के साथ भी हुआ है।

राजभर योगी सरकार के पहले कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री थे और उन्हे दिव्यांग कल्याण विभाग का दायित्व सौंपा गया था मगर 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कुछ मतभेदों के बाद उन्होंने भाजपा से किनारा कर समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ गठबंधन कर लिया था।

2022 के विधानसभा चुनावों के बाद, उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए सपा से गठबंधन तोड़ दिया और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में फिर से शामिल हो गए। राजग में उनकी दोबारा एंट्री के बाद से ही अटकलें लगाई जा रही थीं कि उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है।

इसी तरह, दारा सिंह चौहान भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में वन मंत्री के पद पर काम कर चुके हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होने मंत्री पद और भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और सपा में शामिल हो गये। बाद में दारा सिंह ने सपा उम्मीदवार के रूप में घोसी सीट से चुनाव लड़ा और विजयी हुए। हाल ही में उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता और सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और दोबारा भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में घोसी सीट के लिए उपचुनाव लड़ा, जो उनके इस्तीफे के कारण रिक्त हुई थी लेकिन उन्हे हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधान परिषद के लिए द्विवार्षिक चुनाव जीता। मंत्री पद की शपथ लेने वाले अनिल कुमार मुजफ्फनगर जिले की पुरकाजी सीट से तीन बार रालोद के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। गौरतलब है कि लंबे समय से सपा के साथ गठबंधन कर रहे रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने अखिलेश यादव से नाता तोड़ लिया और रालोद के पाले में चले गये। अनिल कुमार को जयंत चौधरी का करीबी माना जाता है। इंटरमीडिएट पास अनिल कुमार मूल रूप से सहारनपुर के ताहरपुर के निवासी है। वह दो बार 2007 एवं 2012 में मुजफ्फरनगर की चरथावल (सुरक्षित) सीट से बसपा विधायक चुने गए थे पर 2017 में वह पुरकाजी (सुरक्षित) सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रमोद ऊंटवाल से पराजित हो गए थे मगर 2022 के चुनाव में उन्होंने भाजपा के प्रमोद ऊंटवाल को पराजित कर दिया।

# सात मार्च को पीएम मोदी के स्वागत के लिए श्रीनगर पूरी तरह तैयार

श्रीनगर/एजेंसी। अनुच्छेद 370 हटने के बाद सात मार्च को पहली बार कश्मीर घाटी जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए श्रीनगर पूरी तरह तैयार है।संघीय क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा नेता यह सुनिश्चित करने के लिए श्रीनगर में डेरा डाले हुए हैं कि सात मार्च को बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की रैली पूर्ण रूप से सफल हो।इस अवसर पर पूरे शहर में स्वागत द्वार, झालरें, होर्डिंग्स और झंडे लगाए गए हैं। सड़कों व गलियों को साफ कर दिया गया है।व्यापार, यात्रा, पर्यटन, आतिथ्य, लघु उद्योग, हस्तशिल्प आदि से जुड़े लोग पीएम मोदी के दौरे को लेकर उत्सुक हैं। उनका मानना है कि पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में कभी खाली हाथ नहीं आए हैं। वह पहले जब भी यहां आए, स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबरें लेकर आए। वर्षो से स्थाई होने का इंतजार कर रहे जल शक्ति विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मी 32 वर्षीय इमरान अहमद ने कहा," हम प्रधानमंत्री से सकारात्मक खबर की उम्मीद कर रहे हैं। हमे उम्मीद है कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री से उनके परिवार के लिए कोई अच्छी खबर आएगी।"इमरान जैसे हजारों दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी भी प्रधानमंत्री की यात्रा को उम्मीद की नजर से देख रहे हैं। इसी तरह, लघु उद्योग, हस्तशिल्प, पर्यटन और यात्रा, आतिथ्य व परिवहन में लगे स्थानीय लोग भी पीएम मोदी से कुछ अच्छी खबर की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा नेताओं को सात मार्च को बख्शी स्टेडियम में आयोजित होने वाली सार्वजनिक रैली में बड़ी संख्या में लोगों के भाग लेने की उम्मीद है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कौल ने कहा, "हमें यकीन है कि प्रधानमंत्री को सुनने के लिए आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए स्टेडियम की क्षमता कम पड़ जाएगी।" पार्टी के अन्य लोगों ने कहा कि रैली में लोगों के आने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि एक महीने से भी कम समय में पीएम मोदी का जम्मू-कश्मीर का यह दूसरा दौरा होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 12.15 घंटे इंतजार के बाद यात्रियों को मिली उपासना एक्सप्रेस

**देहरादून, एजेंसी।** दून रेलवे स्टेशन से हावड़ा के लिए जाने वाली उपासना एक्सप्रेस के लिए शनिवार को यात्रियों को 12.15 घंटे का इंतजार करना पड़ा। लंबे इंतजार के बाद सुबह आठ बजे दून रेलवे स्टेशन पहुंची उपासना एक्सप्रेस का री-शेड्यूल बनाकर उसको 10 बजे रवाना किया गया। जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। देहरादून रेलवे स्टेशन से उपासना एक्सप्रेस का समय रात 9:45 बजे का है। यात्रियों ने अपने-अपने टिकट बुक करा लिए, लेकिन ट्रेन नहीं आई। बताया जा रहा है हावड़ा से ही ट्रेन बहुत देरी से चली थी। रात को नौ बजे तक आ जाने वाली यह ट्रेन पूरी रात नहीं आई। हालांकि यात्रियों को ट्रेन के री-शेड्यूल किए जाने की जानकारी मैसेज और अन्य माध्यमों से यात्रियों को दे दी गई थी, लेकिन उसके बाद भी बहुत से यात्री रात में इंतजार करते देखे गए। यह ट्रेन सुबह आठ बजे दून रेलवे स्टेशन पर पहुंची। उसके बाद इसे हावड़ा के लिए दोबारा सुबह 9:45 बजे रवाना किया गया।

### यूथ फेस्ट का रंगारंग आगाज, महिलाओं ने किया रासो-तांदी

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** कर्तव्य फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय यूथ फेस्ट का रंगारंग आगाज हुआ। फेस्ट के पहले दिन मिस और मिस्टर उत्तरकाशी के लिए 30 प्रतिभागियों ने प्रथम चरण में प्रतिभाग किया। इस दौरान किड्स फैशन शो का भी आयोजन किया गया। रामलीला मैदान में कर्तव्य फाउंडेशन के तीन दिवसीय यूथ फेस्ट का शुभारंभ कंडार देवता, जग्गनाथ देवता, मां अष्टभुजा की देवडोली और हरि महाराज के ढोल ने किया। इसके बाद वरुणाघाटी के साल्ड गांव सहित बाड़ागड्डी के साड़ग गांव और कुरोली की महिलाओं ने रासो-तांदी की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मिस और मिस्टर उत्तरकाशी के पहले चरण के लिए 30 युवक-युवितयों ने प्रतिभाग किया। प्रथम चरण में युवक और युवतियों के लिए पहाड़ की संस्कृति और परंपरा से जुड़ी वेशभूषा और लोकबोली की थीम रखी गई थी। उसके बाद किड्स फैशन शो का आयोजन किया गया। कर्तव्य फाउंडेशन की ओर से तीन दिन तक कार्यक्रम में नशे से दूर रहने के लिए युवाओं को जागरूक किया जाएगा। साथ ही स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर शुभम पंवार, दीपक नौटियाल, पारस कोटनाला आदि मौजूद रहे।

### 3756 बच्चों को पिलाई पोलियो से बचाव की दवाई

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पल्स पोलियो अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो से बचाव की दवा पिलाई गई। आशा कार्यकर्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते स्वास्थ्य विभाग की ओर से नर्सिंग अधिकारी, एनजीओ और चिकित्सकों ने बूथों पर मोर्चा संभाला। 70 बूथों पर 3756 बच्चों को दवा पिलाई गई। पल्स पोलियो अभियान में आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है। लेकिन आशा कार्यकर्ताओं ने 3 से 9 मार्च तक आयोजित पल्स पोलियो अभियान का बहिष्कार किया है। आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग से पांच सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान करने की मांग कर रही हैं। आशा कार्यकर्ता को स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में 100 रुपये प्रतिदिन भुगतान करता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते रविवार को अभियान को सफल बनाने के लिए नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सक और संगठन के लोगों मोर्चा संभाला। शहर और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 70 बूथों पर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई गई।

### नेशनल हाईवे चंडीगढ़ से आ रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलटी, 34 यात्री थे सवार

**देवप्रयाग (श्रीनगर गढ़वाल), एजेंसी।** 34 सवारियों को लेकर चंडीगढ़ से श्रीनगर आ रही रोडवेड अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में आठ यात्रियों को चोट आई है। नेशनल हाईवे चंडीगढ़ से आ रही एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर देवप्रयाग बछेलीखाल के समीप हाईवे पर पलट गई। हादसा होते ही बस में बैठे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची देवप्रयाग पुलिस ने राहत-बचाव का कार्य शुरू किया। बस हादसे में आठ यात्रियों को हल्की चोटें आई है। जिन्हें रेलवे के वाहन से सीएचसी देवप्रयाग भर्ती किया गया। बस में कुल 34 यात्री सवार थे। सभी यात्री चंडीगढ़ से श्रीनगर आ रहे थे।

# सीमली में वर्षों पहले ब्राह्मण परिवार को जमीन पर दिखी थी शिव पिंडी, अब आस्था का केंद्र



**लक्सर (रुड़की), एजेंसी।** लक्सर कस्बे के सीमली गांव का प्राचीन शिव मंदिर की भी अपनी अलग ही महत्ता है। वैसे तो यहां पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन शिवरात्रि और सावन के महीने में मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है।

सीमली गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर की महिमा अपरंपार है। जो भी भक्त यहां श्रद्धा भाव से आते हैं। भगवान शिव उनकी मनोकामना निश्चित रूप से पूरी करते हैं। वर्षों पहले एक ब्राह्मण परिवार को यहां जमीन पर शिव पिंडी दिखी थी। तब से यह स्थान लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

लक्सर तहसील क्षेत्र में अनेक प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने हुए हैं। इनमें लक्सर कस्बे के सीमली गांव का प्राचीन शिव मंदिर की भी अपनी अलग ही महत्ता है। वैसे तो यहां पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन शिवरात्रि और सावन के महीने में मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। ग्रामीणों की मानें तो मंदिर पर जो भी सच्चे मन से मन्नत मांगता है। वह हमेशा पूरी होती है।

ग्रामीण बताते हैं कि वर्षों पहले एक ब्राह्मण परिवार को जमीन पर शिव पिंडी दिखाई दी थी। उन्होंने वहां पर मंदिर का निर्माण कराया था। तभी से यह स्थल ग्रामीणों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। ग्रामीण शेखर चौधरी, अरविंद कुमार, सुशांत कुमार, वासु शर्मा व अभिनव शर्मा व आदि का कहना है कि शादी के बाद वैवाहिक जीवन में बंधने वाले वर-वधु भी मंदिर पर पहुंचकर अपने सुखी दांपत्य की भगवान से कामना करते हैं।

मंदिर पर सावन के सोमवार को अनेक भंडारों का आयोजन भी किया जाता है। यहां मुख्य रूप से इलायची दाने का प्रसाद चढ़ाया जाता है। पुजारी पंडित अरविंद शर्मा ने बताया की शिवरात्रि के दिन यहां अनेक स्थानों से श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं।

प्राचीन शिव मंदिर के पास एक पुराना कुआं भी था। जिस पर वर्षों पहले सीमली गांव के अलावा आसपास के गांव के ग्रामीण भी पानी लेने के लिए आते थे। कई बार क्षेत्र में सूखा पड़ने की स्थिति पैदा हुई। लेकिन अब तक कभी भी कुएं का पानी नहीं सूखा। लेकिन कुछ वर्ष पहले कुआं बंद कर उसके ऊपर माता काली के मंदिर का निर्माण कर दिया गया है।

## बेटी की देखभाल के लिए मां अवकाश की हकदार, महिला कांस्टेबल को 45 दिन की छुट्टी देने का दिया निर्देश

**नैनीताल, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने उत्तरकाशी में स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) में तैनात महिला हेड कांस्टेबल को बेटी के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए 45 दिन का अवकाश मंजूर करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही टिप्पणी करते हुए कहा कि बच्चे प्रकृति में सर्वोपरि हैं। किसी को बच्चों के हित के प्रति अनजान नहीं रहना चाहिए।

एक महिला पुलिसकर्मी जो अकेली भी रहती है। उसने अपनी बेटी की देखभाल को छुट्टी के लिए आवेदन किया है तो उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए था। न्यायाधीश न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में दायर याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता उत्तरकाशी में तैनात है। वह अपनी पांच वर्षीय बेटी का पालन-पोषण एकल माता-पिता के रूप में कर रही है। उनकी बेटी 70 वर्षीय नानी के साथ रहती है।

याचिकाकर्ता ने 21 फरवरी को चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) के लिए आवेदन किया था। राज्य सरकार ने पिछले साल जून में एक आदेश जारी कर सीसीएल को महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य बना दिया था। महिला हेड कांस्टेबल का कहना था कि उसकी बेटी मनोवैज्ञानिक समस्या से पीड़ित है।

डाक्टर की सलाह के अनुसार उसे उचित पालन-पोषण व अपनी मां के साथ रहने की जरूरत है। एसएसपी ने आवेदन को मंजूरी नहीं दी। इस मामले में सरकारी वकील ने कहा कि सीसीएल एक बार में पांच से 120 दिन के लिए दी जाती है। अब संसदीय चुनाव भी नजदीक आ रहे हैं।

इस पर कोर्ट ने कहा, वह इस तथ्य से अवगत है कि सीसीएल कर्मचारी का अधिकार नहीं है। यह नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक के अधीन है। लेकिन याचिकाकर्ता की बेटी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसलिए न्यायालय की राय है कि वह अवसाद से जूझ रही बेटी की देखभाल के लिए 45 दिनों की सीसीएल की हकदार है। कोर्ट ने एसएसपी उत्तरकाशी को निर्देश दिया कि महिला हेड कांस्टेबल को तीन दिन के भीतर यह अवकाश दिया जाए।

## बहुत आवाज देने के बाद भी युवक नहीं खोल रहा था होटल का रूम

**हरिद्वार, एजेंसी।** विकासनगर देहरादून के एक युवक ने मध्य हरिद्वार में एक होटल के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर होटल में ठहरा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर स्वजनों को सूचना दे दी है।

पुलिस को सूचना मिली कि पुराना रानीपुर मोड के समीप विकास कॉलोनी स्थित कन्हैया होटल के कमरे में एक युवक ठहरा था। कमरे का दरवाजा नहीं खुल रहा है। अंदर से कोई हलचल भी नहीं हो रही है। सूचना पर मायापुर चौकी से एक पुलिस टीम होटल पहुंची और होटल प्रबंधक और स्टॉफ से जानकारी लेते हुए भीतर से बंद कमरे को उनकी मदद से कमरे का दरवाजा तोड़ कर तौलिये की मदद से पंखे से लटके युवक का शव बरामद किया। उसकी पहचान नितिन मेहरा निवासी नियर नैनीताल बैंक डाक पत्थर रोड़ विकासनगर देहरादून के रूप में हुई है।



पुलिस ने कमरे को खंगाला, लेकिन कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ हैं। होटल कर्मचारियों ने बताया कि युवक ने शादी समारोह में शामिल होने की बात कहकर कमरा लिया था। शहर कोतवाल कुंदन सिंह राणा ने बताया कि युवक के परिवार को सूचना दे दी गई है उनके आने पर ही आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 के तहत अब तक हो चुकी है 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग : मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून, एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उद्योग जगत से आये हुये उद्योगपतियों तथा प्रतिनिधियों का स्वागत, करते हुये कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा रही है, इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा चुकी है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्राण्ड




अम्बेस्डर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़कर की भूमिका आप लोगों ने निभाई है। हमने दिल्ली, लन्दन, दुबई, अहमदाबाद, मुम्बई, ऊधम सिंह नगर, हरिद्वार, देहरादून आदि स्थानों पर निवेश हेतु जितने प्रयास किये, उसे आगे बढ़ाने का कार्य आप लोगों ने किया तथा विकास के हर क्षेत्र में आपने योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं तथा व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्राउण्डिंग हमारे द्वारा सम्पादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, जो हमने महज 3 माह में प्राप्त किया है। इसे हम शत-प्रतिशत करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने इन्वेस्टर समिट के दौरान जो सपने देखे थे, वे सपने अब धीरे धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अवस्थापना के क्षेत्र में आज निरन्तर प्रगति हो रही है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क हो या हवाई इसमें लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ के लिये 42 सीटर हवाई जहाज संचालन की अनुमति मिल चुकी है तथा पन्तनगर को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। प्रधानमंत्री का इस राज्य से विशेष लगाव के साथ उनका उत्तराखण्ड से कर्म व मर्म का रिश्ता है और पिछले 10 सालों में उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अनेक विकास कार्य हुये हैं।

# पांडवों के अज्ञातवास से लाया गया शिवलिंग बना आस्था का केंद्र, पुजारी परिवार से जुड़ी है कहानी

**लालढांग (हरिद्वार), एजेंसी।** पुजारी लीलावती के पुत्र सत्येन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उनके पूर्वज को सपने में (पांडव अज्ञातवास) पांडववाली स्रोत से शिवलिंग को लाकर स्थापित करने को कहा गया। यहां पढ़िए पूरी ये रोचक कहानी...

पांडवों के अज्ञातवास गुजारने वाले स्थान से लाया गया शिवलिंग लोगों की आस्था का केंद्र बन गया है। सपने में आए शिवलिंग को एक व्यक्ति ने जंगल से बेलगाड़ी में लाकर स्थापित किया था। तब से ही मंदिर में लोगों की श्रद्धा बढ़ती चली आ रही है। महाशिवरात्रि पर मंदिर में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के लोग जलाभिषेक करते हैं।

मंदिर में स्थापित शिवलिंग के बारे में मान्यता है कि शिवलिंग प्राचीन काल के प्रस्तर शिल्प का उत्कृष्ट नमूना है। पुजारी लीलावती के पुत्र सत्येन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उनके पूर्वज को सपने में (पांडव अज्ञातवास) पांडववाली स्रोत से शिवलिंग को लाकर स्थापित करने को कहा गया।



इस पर अगले दिन उपाध्याय परिवार ग्रामीणों को लेकर बेलगाड़ी से शिवलिंग को लेने पांडववाली स्रोत पहुंचे, लेकिन वह लगभग 5 फीट गोलाई और लगभग 8 फीट ऊंचाई के शिवलिंग को लाख कोशिशों के बाद भी हिला नहीं सके। निराश होकर सभी लोग अपने घरों को लौट गए। उसी दिन पुजारी परिवार के उसी व्यक्ति के सपने में अकेले ही शिवलिंग लेकर आने का आदेश हुआ। दूसरे दिन अकेले सुनसान जंगल में बेलगाड़ी लेकर शिवलिंग के पास पहुंचे। शिवलिंग पर हाथ लगाते ही शिवलिंग हिलने लगा और वह शिवलिंग को अकेले ही बेलगाड़ी में रखकर लालढांग लाए और स्थापित कर दिया। तब से आज तक महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक करते आ रहे हैं। प्राचीन शिव मंदिर के वर्तमान पुजारी काशीनाथ मंदिर की देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक के लिए साफ-सफाई और पेंट कर लिया गया है। सात मार्च को रात्रि से ही कांवड़ लेकर आने वाले शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर लालढांग में महाशिवरात्रि मेले का आयोजन भी होता है। विशेष पूजा और भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। जिस स्थान से शिवलिंग लाया गया। वहां पांडवों ने अपना अज्ञातवास बिताया था। इसके चलते इसका नाम पांडववाली स्रोत पड़ा, जो वर्तमान में राजाजी टाइगर रिजर्व के जंगल में आता है, जो रिजर्व फॉरेस्ट का क्षेत्र है। इसके कारण अब उस स्थान पर सामान्य रूप से आने-जाने में पूर्ण रूप से प्रतिबंध है।

## हाईकोर्ट के उत्तरकाशी एसपी को निर्देश : बेटी की देखभाल के लिए महिला पुलिसकर्मी को दें 45 दिन का अवकाश

**नैनीताल, एजेंसी।** महिला का कहना है कि 21 फरवरी को उसने चाइल्डकेयर लीव के लिए आवेदन किया था। लेकिन एसपी ने उसके आवेदन को आगामी संसदीय चुनाव को देखते हुए मंजूर नहीं किया।

हाईकोर्ट ने बच्ची की अकेली अभिभावक महिला पुलिसकर्मी को उसकी बेटी की देखभाल के लिए तीन दिन के भीतर 45 दिन का अवकाश देने के निर्देश उत्तरकाशी के एसपी को दिए हैं। न्यायाधीश पंकज पुरोहित की एकलपीठ में उत्तरकाशी में स्थानीय खुफिया इकाई में हेड कांस्टेबल मनीषा नेगी की याचिका पर सुनवाई हुई। इसमें कहा गया है कि वह अपनी 5 वर्षीय बेटी का पालन-पोषण एकल माता-पिता के रूप में कर रही है। बेटी अपनी सत्तर वर्षीय नानी के साथ रहती है। कहा कि 21 फरवरी को उसने चाइल्डकेयर लीव के लिए आवेदन किया था। इसमें उसने



बताया कि बेटी मनोवैज्ञानिक समस्या से पीड़ित है। ऐसे में उसके लिए बेटी की देखभाल जरूरी है लेकिन एसपी ने उसके आवेदन को आगामी संसदीय चुनाव को देखते हुए मंजूर नहीं किया। अवगत है कि सीसीएल कर्मचारी का अधिकार नहीं है, बल्कि सरकारी कर्मचारी की नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक और निपटान के अधीन है। चूंकि याचिकाकर्ता की बेटी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए इस न्यायालय की राय है कि याचिकाकर्ता अपनी बेटी की देखभाल के लिए 45 दिन की सीसीएल की हकदार है। आदालत ने एसपी को निर्देश दिए हैं कि महिला हेड कांस्टेबल को तीन दिन के अंदर यह अवकाश दिया जाए।

## कांग्रेस नेता का अश्लील वीडियो वायरल

**रुद्रपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव होने में महज कुछ महीने बचे हैं, ऐसे में नेताओं की करतूतें फिर से सामने आने लगी हैं। ऐसा ही एक मामला तराई से सामने आया है, जिसके बाद उक्त कद्दावर नेता के राजनीतिक भविष्य पर ग्रहण लग गया है।

चर्चा है कि तराई की राजनीति में अच्छी खासी दखल रखने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच उनका अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर फिर से प्रसारित हुआ तो उनकी ज्वाइनिंग फिलहाल के लिए टल गई है। वीडियो काल पर वह किसी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहे हैं।

तराई की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय कद्दावर नेता का कांग्रेस के साथ दशकों से राजनीतिक नाता रहा है। वह कांग्रेस से तराई की एक सीट से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं, लेकिन तब जीत हासिल नहीं हो सकी थी। 2017 में कांग्रेस के कद्दावर नेता के भाजपा का दामन थाम लेने के बाद उनके करीबियों ने भी भाजपा का रुख कर लिया था।

वहीं राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले जब उक्त नेता ने कांग्रेस में वापसी की तो उनके करीबियों की भी वापसी की संभावनाएं तेज हो गईं। जिसके बाद उन्होंने ने भी कांग्रेस में वापसी कर ली थी। इसी दौरान 2021 में उनका एक आपत्तिजनक अश्लील वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुआ।

## उत्तरकाशी में सीएम धामी का भव्य रोड शो...रामलीला मैदान में लाभार्थी सम्मान समारोह

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बड़कोट गांव के रामलीला मैदान में लाभार्थी सम्मान समारोह में पहुंचे। इससे पहले उन्होंने यहां भव्य रोड शो किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी बड़कोट में भव्य रोड शो किया। मुख्यमंत्री के साथ यहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों और महिलाओं ने पुष्प वर्षा के साथ सीएम धामी का स्वागत किया।

बड़कोट में रोड शो के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बड़कोट गांव के रामलीला मैदान में लाभार्थी सम्मान समारोह में पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यहां पार्टी ध्वज के साथ ढ़ोल दमाऊ की थाप पर सड़क पर रासो तांदी



लोकनृत्य किया। टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह भी कार्यक्रम स्थल पहुंचीं।

इससे पहले सोमवार को भी मुख्यमंत्री पुष्कर धामी लक्सर कस्बे में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में भाग लेने पहुंचे थे। इस दौरान सीएम धामी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को सिरमौर बना दिया है। कहा कि देश में युवा पीढ़ी का भविष्य बनाने के लिए अनेक शिक्षण संस्थाएं, तकनीकी स्कूल, विश्वविद्यालय व आईआईटी खोले जा रहे हैं। साथ ही गरीब, किसान, मजदूर, युवा कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद देश के हर वर्ग का विकास हो रहा है। हर वर्ग को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। कहा कि पहले चहेतों को ध्यान में रखकर नीतियां तैयार होती थीं। लेकिन अब देश और देशवाशियों की जरूरत के अनुसार नीति तय हो रही है। सीएम ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हो रहा है।

# हाईकोर्ट ने ईडब्ल्यूएस कोटे के आदेश में संशोधन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आदेश दिया कि ढाई लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चे ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत दिल्ली के स्कूलों में प्रवेश ले सकते हैं। खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश पीठ द्वारा पारित आदेश में संशोधन करते हुए यह निर्णय दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने 5 दिसंबर 2023 के एकलपीठ के फैसले में बदलाव किया है। एकलपीठ ने सरकार द्वारा कम आय वर्ग के तहत (ईडब्ल्यूएस) सालाना आय को एक लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया था।

डपीठ ने एकलपीठ के इस आदेश में संशोधन करते हुए यह सालाना आय को ढाई लाख रुपये कर दिया है। उच्च न्यायालय ने एकल न्यायाधीश के फैसले को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की अपील पर अंतरिम आदेश पारित किया है। एकल पीठ ने दिल्ली सरकार को माता-पिता द्वारा आय की स्व-घोषणा की व्यवस्था को तुरंत खत्म करने और स्कूलों में ईडब्ल्यूएस के लिए मुफ्त सीटों की निरंतरता के लिए एक उचित रूपरेखा तैयार करने का भी निर्देश दिया था। एकलपीठ ने कहा था कि दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय (डीओई) आय सत्यापन और पात्रता मानदंड की नियमित निगरानी के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगा।

दिल्ली सरकार के स्थायी वकील (सिविल) संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सीमा आय में अचानक वृद्धि से 1 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों के योग्य उम्मीदवारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इससे संभावित रूप से ईडब्ल्यूएस कोटा के तहत प्रवेश पाने की संभावना कम हो जाएगी। न्यूनतम आय सीमा को 5 लाख रुपये तक बढ़ाने से विशेष रूप से शारीरिक मजदूरों के बच्चों के साथ अन्याय होगा और ईडब्ल्यूएस को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य में बाधा आ सकती है। स्व-घोषणा पर भरोसा करने की मौजूदा नीति उचित है और इसमें किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

भले ही 5 दिसंबर 2023 के फैसले के निर्देशों को लागू करना हो, राज्य को व्यवस्था बदलने के लिए समय की आवश्यकता होगी। एकल न्यायाधीश ने यह आदेश उस मामले में पारित किया था, जहां एक व्यक्ति ने जन्म और आय प्रमाणपत्रों में हेराफेरी करके ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत शहर के प्रतिष्ठित संस्कृति स्कूल में अपने बेटे का प्रवेश सुरक्षित करने में कामयाबी हासिल की थी। पीठ ने ईडब्ल्यूएस कोटा के तहत अपना प्रवेश रद्द करने को चुनौती देने वाली लड़के की याचिका खारिज कर दी थी। हालाँकि पीठ ने उन्हें सामान्य श्रेणी के छात्र के रूप में वहाँ पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी थी। दिल्ली सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने स्कूल और बच्चे को मामले में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। इस मामले को अगस्त में आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इससे पूर्व एकल पीठ ने कहा था कि बच्चा जो वर्ष 2013 से अपनी पढ़ाई जारी रख रहा है, उसकी कोई गलती नहीं है और उसे अपने पिता के गलत कृत्य के लिए पीड़ित नहीं किया जा सकता। पीठ ने लड़के के पिता पर अवैध तरीकों से अपने बेटे का दाखिला कराने के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, जिससे एक योग्य उम्मीदवार को प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ने का मौका नहीं मिला।

# दस साल के संघर्ष के बाद न्याय मिला : डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा की पत्नी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा की पत्नी वसंता कुमारी ने माओवादियों से संबंध रखने के मामले में उन्हें (साईबाबा को) बरी किये जाने पर मंगलवार को कहा कि 10 साल के संघर्ष के बाद न्याय मिला। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने साईबाबा को बरी करते हुए कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में विफल रहा। कुमारी ने कहा कि उनके पति की प्रतिष्ठा कभी भी दांव पर नहीं लगी क्योंकि जो लोग उन्हें जानते थे वे उन पर विश्वास करते थे। उन्होंने संघर्ष के दौरान साईबाबा का समर्थन करने वाले वकीलों और कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद दिया।

उच्च न्यायालय ने साईबाबा (54) को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को भी रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। साईबाबा 2014 में, गिरफ्तारी के बाद से नागपुर केंद्रीय कारागार में बंद हैं। वर्ष 2017 में, महाराष्ट्र के गडचिरोली जिले की एक सत्र अदालत ने माओवादियों से संबंध रखने और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोपों को लेकर साईबाबा, एक पत्रकार और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक छात्र सहित पांच अन्य को दोषी ठहराया था। सत्र अदालत ने उन्हें गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रॉपर्टी नहीं देने पर पति ने टीचर पत्नी को जिंदा जलाया, बेटी ने खोला राज

नई दिल्ली। दिल्ली के बेगमपुर इलाके में सनसनीखेज मामला सामने आया है. पति पर पत्नी को जिंदा जलाकर मारने का आरोप लगा है. जानकारी के अनुसार, आरोपी पति डीटीसी में कंडक्टर है. पत्नी एमसीडी स्कूल में शिक्षिका थी. आरोप है कि संपत्ति नहीं देने पर पति ने उसको जिंदा जला दिया. आरोपी ने गैस लाइन में रिसाव बताकर हत्या को हादसे का रूप देना चाहा, लेकिन दंपती की 12 साल की बेटी की गवाही से मामले का खुलासा हो गया. परिजनों के मुताबिक, महिला की शादी साल 2009 में झज्जर निवासी से हुई थी. परिजनों के मुताबिक महिला पोलियोग्रस्त थी. शादी के कुछ समय बाद ही महिला एमसीडी के स्कूल में शिक्षिका के तौर पर चयनित हो गई. परिवार जैन नगर स्थित मकान में रहता था. दंपती को 12 साल और डेढ़ साल की दो बेटियां भी हैं. सोमवार सुबह करीब 7 बजे पति ने आग लगा दी. महिला पोलियोग्रस्त होने की वजह से वह भाग नहीं पाई और आग की लपटों में घिरने के बाद वह शोर मचाने लगी, तभी दोनों बच्चे भी उठ गए. मां को बचाने के दौरान 12 वर्षीय बेटी और डेढ़ साल की बेटी भी झुलस गई. आग की लपटों में घिरा महिला का पति बाहर दौड़ता हुआ आया और लोगों से कहा कि आईजीएल पाइपलाइन में रिसाव से आग लग गई है. दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया और सभी घायलों को महाराजा अग्रसेन अस्पताल ले जाया गया, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी. दोनों बेटियों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन आरोपी 40 फीसदी तक झुलस गया है, इसलिए वह अस्पताल में भर्ती है. परिजनों के अनुसार, राजवीर शादी के समय डीटीसी में कंडक्टर था, लेकिन वह शायद ही कभी काम पर जाता था. उसने पत्नी का एटीएम कार्ड आदि भी अपने पास रख लिया था. बताया जाता है कि कि राजवीर अक्सर अपनी पत्नी और बच्चों की पिटाई करता था. मिली जानकारी के अनुसार, उसने गुरुवार को पत्नी को उसके मायके वालों के सामने ही जान से मारने की धमकी भी दी थी. पुलिस ने उसकी बड़ी बेटी से पूछताछ की तो उसने पूरी कहानी बता दी. पुलिस ने महिला का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है, जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया.

### कुत्तों का आतंक जारी, पीतमपुरा में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला को नोचा

नई दिल्ली। राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है. पीतमपुरा इलाके में मॉर्निंग वॉक पर गई महिला पर कुत्तों ने हमला कर दिया. महिला वॉक के लिए एक पार्क में गई थी, यहां कुत्तों के हमले से वो घायल हो गई. पार्क के चौकीदार ने महिला की मदद की और उसे लहूलुहान हालत में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया. पीतमपुरा इलाके के मौर्य एनक्लेव के पॉश इलाके की रहने वाली प्रोमिला सिंघल मॉर्निंग वॉक के लिए पार्क गई थी. थोड़ी देर बाद अचानक 5 से 6 कुत्तों के एक झुंड ने हमला बोल दिया. घबराहट में महिला नीचे गिर गई और कुत्ते उनके शरीर को नोचने लगे. जिसकी वजह से उनके हाथ और पैर पर काफी गहरे जख्म हो गए. गनीमत रही कि पार्क में गार्ड मौजूद था और उसने डंडे की मदद से कुत्तों को भगाकर महिला की जान बचाई. उन्होंने घटना की जानकारी अपने पति को दी और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. जहां पर डॉक्टर ने उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन दिए. पीड़ित महिला और उनके परिवार की मांग है कि दिल्ली सरकार, एमसीडी और संबंधित विभाग आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़े और लोगों को राहत मिल सके. पीड़ित महिला ने पुलिस को भी इस घटना की शिकायत की है. बता दें कि बीते महीने दिल्ली के तुगलक लेन इलाके के धोबी घाट में आवारा कुत्तों ने डेढ़ साल की बच्ची को नोच

# छात्रों ने संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर प्रदर्शन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में सैकड़ों छात्रों ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध में कार्रवाई न करने के लिए ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया। मध्य दिल्ली के बंग भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार के खिलाफ नारे लगाए और संदेशखालि में कथित तौर पर जमीन हथियाने और महिलाओं से दुष्कर्म के मामलों की उच्च स्तरीय जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग की। छात्र संगठन अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपेगा। इस महीने की शुरुआत में भाजपा की दिल्ली इकाई ने संदेशखालि मुद्दे को लेकर टीएमसी सरकार के खिलाफ एक प्रदर्शन किया था और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की थी। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नेता तख्तियां लिए तीन मूर्ति चौक पर एकत्रित हुए और उन्होंने यह कहते हुए बनर्जी के खिलाफ नारे लगाए कि इस मुद्दे पर एक महिला मुख्यमंत्री की चुप्पी शर्मनाक और दुखद है। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए अवरोधक तोड़ दिए जिसके बाद उसकी दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत 150 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया और उन्हें तुगलक रोड पुलिस थाने ले जाया गया। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि ममता को पद से इस्तीफा देना चाहिए। पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को 55 दिन बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। शेख को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद टीएमसी ने उन्हें छह साल के लिए निलंबित कर दिया।

# यूथ कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड की मांग को लेकर एसबीआई के खिलाफ प्रदर्शन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में यूथ कांग्रेस कार्यालय के बाहर मंगलवार को भारतीय युवा कांग्रेस ने एसबीआई से इलेक्टोरल बॉन्ड के दानकताओं का नाम उजागर करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. इस दौरान युवा कांग्रेस के दिल्ली कार्यकारणी अध्यक्ष शुभम शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी, 2024 को इलेक्टोरल बॉन्ड बैन करते हुए कहा था कि लोकतंत्र में किसने, किस पार्टी को, कितना पैसा दिया यह जनता को जानने का हक है. सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 6 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड डोनर के नाम सार्वजनिक करने का आदेश दिया था. शुभम शर्मा ने कहा कि अब एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक का वक्त मांगा है, क्योंकि वो इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा देने में असमर्थ हैं. विडंबना देखिए कि डिजिटल बैंकिंग के युग में कंप्यूटर की एक क्लिक पर 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा निकालने के लिए एसबीआई को 5 महीने चाहिए. रिश्वतखोरी का काला सच छिपाने के लिए भाजपा ने एसबीआई को ढाल बनाया है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी सार्वजनिक करने में एसबीआई का गला सूख रहा है.

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम शर्मा ने यह मांग कि एसबीआई जल्द से जल्द इलेक्टोरल बॉन्ड दानकताओं का नाम उजागर करे, ताकि देश की जनता के सामने असली सच आ सके. कांग्रेस के कार्यकर्ता एसबीआई ब्रांच जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया. कांग्रेस कार्यकताओं का आरोप है कि दिल्ली पुलिस आगे नहीं जाने दे रही. प्रदर्शन करने से रोका जा रहा है. आज लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा रहा है.

# रुपये दोगुना करने के आरोप में आठ शातिर ठग गिरफ्तार

नई दिल्ली। कम समय में पैसे दोगुना करने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह का पश्चिमी जिला पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके पास से लाखों रुपये की नकदी, दर्जन भर मोबाइल और गहने बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक इन्हें नारायणा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें से एक बदमाश खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताता था। पुलिस टीम ने इन बदमाशों के पास से लगभग 16 लाख रुपये और एक लाख रुपये के गहने बरामद किये हैं। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार ठगों के इस गिरोह ने नारायणा में बाकायदा एक दफ्तर बनाया हुआ था और लोगों को उनकी रकम का दुगना करने का झांसा देते थे। इन बदमाशों के पास से दर्जन भर मोबाइल फोन भी बरामद किये गए हैं। 22 फरवरी को एक पीसीआर कॉल हुई थी, जिसमें लगभग 10 लाख रुपये से भरा बैग छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जब जांच शुरू की तो ये पता चला कि राजीव, रोहित और निशांत नाम का व्यक्ति मिलकर नारायणा इंडस्ट्रियल इलाके में एक दफ्तर चलाते हैं और वह लोगों को कुछ वक्त में रकम दुगुनी करने का लालच देते हैं। इस दौरान एक शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने 25 लाख रुपये दिए थे, जिसके बदले 50 लाख रुपये देने की इन लोगों ने बात कही थी लेकिन ये लोग पैसे लेकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने नारायणा एसएचओ इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में टीम बनाई

# महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह देने वाली योजना के लिए पंजीकरण जल्द शुरू होगा : केजरीवाल

- केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए एक लंबे पोस्ट में कहा कि कल से उन्हें दिल्ली की माताओं और बहनों के ढेरों फोन आ रहे हैं
- मेरे विरोधियों ने तो मुझे कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन आपका आशीर्वाद उनके सभी षड्यंत्रों को असफल कर रहा है।



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महिलाओं का आशीर्वाद मांगते हुए मंगलवार को घोषणा की कि उन्हें 1,000 रुपये प्रति माह देने वाली योजना के लिए पंजीकरण जल्द ही शुरू होगा। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी, जिसके तहत 18 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को 1,000 रुपये प्रति माह दिया जाएगा।

दिल्ली में मतदाता के तौर पर पंजीकृत महिलाएं इस योजना के लिए पात्र होंगी, बशर्ते कि उन्हें किसी अन्य योजना का लाभ नहीं मिल रहा हो और वे सरकारी कर्मचारी या आयकरदाता नहीं हों। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने प्रस्तावित हैं और दिल्ली से संसद के निचले सदन में सात सदस्य निर्वाचित होते हैं। चुनाव के बाद लागू होने वाली इस योजना से राष्ट्रीय राजधानी में करीब 50 लाख महिलाओं को लाभ मिलने की संभावना है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए एक लंबे पोस्ट में कहा कि कल से उन्हें दिल्ली की माताओं और बहनों के ढेरों फोन आ रहे हैं और वे पूछ रहीं हैं कि महिला सम्मान योजना में कैसे पंजीकरण करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस योजना पर काम कर रहे हैं और इसके लिए पंजीकरण जल्द शुरू होगा। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने कहा कि वह जो भी कुछ कर पा रहे हैं, वह सभी माताओं और बहनों के आशीर्वाद का नतीजा है। उन्होंने कहा, मेरे विरोधियों ने तो मुझे कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन आपका आशीर्वाद उनके सभी षड्यंत्रों को असफल कर रहा है। आप दिल्ली में कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे की व्यवस्था के तहत सात में से चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा के प्रत्यक्ष संदर्भ में केजरीवाल ने कहा कि वह अगले महीने चुनाव में उनसे लड़ने के लिए जो भी अच्छा काम करना चाहते हैं, ये (भाजपा) लोग उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के जरिए मुझे रोकते हैं। केजरीवाल ने एक पोस्ट में कहा, अगले महीने चुनाव है। इस चुनाव में आप सब मुझे आशीर्वाद दें, अपने घर के सभी लोगों से भी कहें। इस चुनाव में मेरे हाथ मजबूत करें, ताकि आपका भाई और बेटा आपकी खूब सेवा कर सके और आपके परिवार का खयाल कर सके।

# घर के बाहर बैठे नाबालिग को बदमाशों ने मारी गोली

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के भजनपुरा इलाके में बदमाशों ने एक नाबालिग को गोली मार दी। वारदात सुभाष मोहल्ले की है, जहां 17 साल का युवक अपने घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को तुरंत जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। 17 साल का युवक अपने परिवार के साथ सुभाष मोहल्ले में रहता है, सोमवार रात करीब 9 बजे वो अपने घर के बाहर गली में बैठा हुआ था, इसी दौरान किसी ने उसे गोली मार दी और फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने लड़के के घर में सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। फिलहाल लड़के का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है, डॉक्टरों के मुताबिक उसके पेट में गोली लगी है और उसकी हालत गंभीर

# चाबी बनाने वाले गैंग ने की थी लाखों की चोरी, राजस्थान से पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिन में चाबी बनाते हुए कॉलोनियों की रेकी करते और रात के वक्त बंद मकानों के ताले तोडकर सोना चांदी व नकदी चोरी करने वाले एक ताला चाबी सिकलीगर अंतर्राज्जीय गैंग के एक बदमाश मंजीत को मन्दिर मार्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले दिल्ली, गुजरात और राजस्थान के पांच मामलों में शामिल रहा है। पुलिस आरोपी से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के कब्जे से चाबी, ताला तोडे के उपकरण और पोर्टेबल सहित चोरी का सामान व सोना तौलने की मशीन बरामद की है। आरोपी मंजीत सिंह पहले भी दिल्ली, राजस्थान और गुजरात के पांच मामलों में शामिल रहा है। सिकलीगर गिरोह इंदौर (एमपी) और उदयपुर/बांसवाड़ा (राजस्थान) से संचालित होता है। गिरोह के सदस्य दिल्ली आते थे और पुरानी और नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों के पास बजट होटलों में रुकते थे। दिन के समय, वे चाबी बनाने वाले बनकर आवासीय कॉलोनियों में जाते थे और घरों तक पहुंचकर वहां की जानकारी जुटाते थे। साथ ही वे बंद और खाली घरों की भी तलाश करते थे। वारदात करने के तुरंत बाद दिल्ली छोडकर अपने स्थान पर पहुंच जाते थे। पिछले महीने 28 फरवरी को मन्दिर मार्ग में चोरी का मामला दर्ज हुआ था। शिकायतकर्ता पंकज कुमार से पता चला था कि वह शिक्षा विभाग में लैब असिस्टेंट के रूप में काम करता है। 24 फरवरी की दोपहर ढाई बजे जब वह अपने घर में मौजूद था। उसने अपनी गली में फेरी लगाने वाले एक ताला बनाने वाले को बुलाया, जो अलमारी का ताला ठीक करने के लिए उसके घर में दाखिल हुआ। जांच करने के बाद, ताला बनाने वाले ने उसे बताया कि अलमारी के हैंडल की मरम्मत की जरूरत है और वह मरम्मत के लिए अगले दिन आएगा। 6 फरवरी को, जब शिकायतकर्ता अपने कार्यालय में मौजूद था और उसके बच्चे अपने घर में मौजूद थे, साढ़े तीन बजे ताला बनाने वाला और उसका एक सहयोगी उसके घर पहुंचे। उनके द्वारा बनाई गई चाबी की जांच करने के बहाने, उन्होंने दूसरी अलमारी खोली और हजारों रुपये, सोने के गहने, एक जोड़ी बालियां, दो सोने की चेन, दो अंगूठियां और नकद रुपये चुरा लिए। अलमारी को फिर से बंद कर दोनों वहां से चले गए। एसएचओ अमित कुमार के निर्देशन में एसआई संतोष, एसआई ओमबीर सिंह, एएसआई चंद्रहास, हेड कांस्टेबल परीक्षित, रहीस खान और महेंद्र को आरोपियों को पकडे का जिम्मा सौंपा गया। वारदात वाली जगह के आसपास दो से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और हयूमैन सॉर्से की सहायता ली। आस-पास के होटलों और गेस्ट हाउसों की जांच की गई और टीम को पहाडगंज के एक होटल के रजिस्टर में तीन संदिग्ध व्यक्तियों की एंट्री मिली।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना क्रमांक 83235068Cसी/मेड/भाग-2 दिनांक: 05.03.2024

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 83235068C | ओसीटी मशीन (संलग्र विनिर्देश के अनुसार) | 1 | 28.03.2024 |
| 02 | 83235098A | उच्च अंत इकोकार्डियोग्राफी मशीन (संलग्र विनिर्देश के अनुसार) [कंपनी को निंदा की गई इकोकार्डियोग्राफी मशीन (यानी 33 फिलिप्स) को वापस खरीदने के लिए रेट पेज पर डिस्काउंट कॉलम तहत प्रतिशत की छूट उद्धृत करनी चाहिए। | 1 | 28.03.2024 |

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

697/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. सर्जरी आइटम दिनांक 04.03.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82248874A | एडवांस हेमोस्टेसिस 36 सेमी यूएसएफडीए/ बीआईएस के साथ हार्मोनिक एचडी 1000i स्वीकृत | 90 | 28.03.2024 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

694/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

## SONA MACHINERY LIMITED

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name of "Sona Machinery Private Limited" on February 12, 2019 under the provisions of the Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies, Delhi. Subsequently, pursuant to Special Resolution passed by the Shareholders at the Extraordinary General Meeting, held on September 21, 2023, our Company was converted into a Public Limited Company and consequently the name of our Company was changed from "Sona Machinery Private Limited" to "Sona Machinery Limited" vide a fresh certificate of incorporation Consequent upon conversion to public company dated October 17, 2023, issued by the Registrar of Companies, Delhi and bearing CIN U29256DL2019PLC345856.For further details of Incorporation, change of name and registered office of our Company, please refer to chapter titled ***"History and Corporate Structure"*** beginning on page 116 of the Red Herring Prospectus.

**Registered Office:** Unit No. 701, 7th floor, KLJ Tower, Plot No. B-5, Netaji Subhash Place, Maurya Enclave, North West Delhi, Delhi – 110034, India.
**Corporate Office:** F-16 & C-1, Sec A-3, Tronica City, GZB, Loni, Ghaziabad-201103, Uttar Pradesh India.
**Tel No:** +91-8448984368.; **E-mail:** cs@sonamachinery.com; **Website:** www.sonamachinery.com;
**Contact Person:** Supriya, Company Secretary & Compliance Officer

**OUR PROMOTERS:** VASU NAREN & SHWETA BAISLA

**"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NSE."**

### THE ISSUE

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 36,24,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF SONA MACHINERY LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF [•] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹[•] LAKHS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH 1,82,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 34,42,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹[•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹[•] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.41% AND 25.08% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

### PUBLIC NOTICE

This is to inform public at large that the logo which the company is using for the business is in the name of the Promoter, Vasu Naren and the same is in opposed status with the Registrar of Trademarks in India, under the Trade Marks Act, 1999. The details of the same is mentioned by the company in ***Risk Factor No. 9 "We have not registered the trademarks which we are using for our business in the name of our company."*** on page 26 of the Red Herring Prospectus dated February 27, 2024.

Further, by way of this public notice, we would like to inform that there is no connection between Sona Machinery Limited and SONA BLW Precision Forgings Limited. Both Sona Machinery Limited and SONA BLW Precision Forgings Limited are distinct and independent with no shared interests or commonality among the promoters.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| **HEM SECURITIES LIMITED**<br>**Address:** 904, A Wing, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Lower Parel, Mumbai-400013, Maharashtra, India<br>**Tel. No.:** +91-22-49060000;<br>**Email:** ib@hemsecurities.com<br>**Investor Grievance Email:** redressal@hemsecurities.com<br>**Website:** www.hemsecurities.com<br>**Contact Person:** Ajay Jain;<br>**SEBI Reg. No.:** INM000010981 | **MAASHITLA SECURITIES PRIVATE LIMITED**<br>**Address:** 451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura, New Delhi, 110034, India.<br>**Tel No:** +91-11-45121795<br>**Email:** ipo@maashitla.com<br>**Investor Grievance ID:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Website:** www.maashitla.com<br>**Contact Person:** Mukul Agrawal<br>**SEBI Reg. No.:** INR000004370 | **Supriya**<br>**SONA MACHINERY LIMITED**<br>**Registered Office:** Unit No. 701, 7th floor, KLJ Tower, Plot No. B-5, Netaji Subhash Place, Maurya Enclave, North West Delhi, Delhi – 110034, India.<br>**Tel No:** +91-8448984368;<br>**E-mail:** cs@sonamachinery.com;<br>**Website:** www.sonamachinery.com<br>Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer or the BRLMs or the Registrar to the Issue in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account and refund orders, etc. |

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Red Herring Prospectus.**

**On behalf of Board of Directors**
**Sona Machinery Limited**
**Sd/-**
**Supriya**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Delhi
**Date:** March 05, 2024

**Disclaimer:** Sona Machinery Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares the Red Herring Prospectus dated February 27, 2024 has been filed with the Registrar of Companies, Delhi, and thereafter with SEBI and the Stock Exchanges. The RHP is available on the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, please refer to the Red Herring Prospectus including the section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 22 of the Red Herring Prospectus. `

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com



# रकम दोगुनी करने के नाम पर ठगी करने वाले आठ आरोपी गिरफ्तार, 16 लाख नकद और ज्वेलरी बरामद

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

कम वक्त में पैसे दोगुना करने का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का वेस्ट जिला पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने गिरोह के आठ बदमाशों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके पास से लाखों रुपए कैश, दर्जन पर मोबाइल और जूलरी बरामद की है.ये लोगों को पैसे दोगुनी करने का लालच देते थे ऐसे 8 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वेस्ट जिले के नारायणा थाना पुलिस ने ठगों के बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है.

इसमें से एक बदमाश खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताता था. पुलिस टीम ने इन बदमाशों के पास से लगभग 16 लाख रुपए कैश और एक लाख की ज्वेलरी भी बरामद की है. वेस्ट जिले के डीसीपी विचित्र वीर से मिली जानकारी के अनुसार ठगों के इस



गिरोह ने नारायणा में बाकायदा एक दफ्तर बनाया हुआ था और लोगों को उनके दिए रकम का दुगना कर देने का झांसा देते थे. इन बदमाशों के पास से दर्जन भर मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है.

डीसीपी से मिली जानकारी के अनुसार पिछले महीने 22 तारीख को एक पीसीआर कॉल हुई थी जिसमें बैग में लगभग 10 लाख रुपए थे जिसके छीने जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी. पुलिस ने जब जांच शुरू किया तो ये पता चला कि राजीव, रोहित और निशांत नाम का व्यक्ति मिलकर नारायणा इंडस्ट्रियल इलाके में एक दफ्तर चलाते हैं और वह लोगों को कुछ वक्त में रकम दुगुनी करने का लालच देते हैं.

इस दौरान एक शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने 25 लाख रुपए दिए थे जिसके बदले 50 लाख रुपए देने की इन लोगों ने बात कही थी लेकिन वे लोग पैसे लेकर फरार हो गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने नारायणा एसएचओ इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में टीम बनाई जिसका निर्देशन एसीपी मायापुरी कर रहे थे. छानबीन के दौरान पिंकू नाम का युवक पुलिस के हाथ आया जिसने शिकायतकर्ता की उन तीनों बदमाश जिन्होंने दफ्तर खोला हुआ था से जान पहचान कराई थी. पूछताछ में यह बात साफ हो गई की पिंकू भी इस वारदात में शामिल था. इसके बाद पुलिस ने एक-एक कर बदमाशों को गिरफ्तार करना शुरू किया और फिर आठों लोग जो इस गिरोह में शामिल थे वह पुलिस के हाथ आ गए. इन बदमाशों की गिरफ्तारी हापुर गाजियाबाद मेरठ जयपुर से की गई.

मिली जानकारी के अनुसार वे लोगों को उनकी रकम दुगुनी कर उनके जीएसटी अकाउंट में भेजने की बात करते थे और लोग रकम दुगनी होने के झांसे में आकर उनके जाल में फंस जाते थे. इस दौरान एक बदमाश जो पुलिस के हत्थे आया उसका नाम सुरेंद्र पाल है जो द्वारका के एक निजी कंपनी में पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर की नौकरी करता है और खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताता है. इन सबों ने मिलकर अब तक कितने लोगों को ठगा इस बात की जानकारी अभी पक्के तौर पर नहीं मिल पाई है.

गिरफ्तार बदमाशों की पहचान पिंकू जो सीतामढ़ी बिहार का रहने वाला है, राजीव, प्रयागराज का रहने वाला है, निशांत मोहन कुमार, द्वारका का रहने वाला है. निशांत पर पहले से ठगी के मामले दर्ज हैं. वहीं शैलेंद्र राय जनकपुरी का रहने वाला है, प्रेमानंद नोएडा का रहने वाला है, अनूप कुमार गाजियाबाद का रहने वाला है, हरीश कुमार शर्मा मेरठ का रहने वाला और सुरेंद्र पाल एटा यूपी का रहने वाला है के रूप में की गई है.

# गांवों से भारी-भरकम हाउस टैक्स वसूलना राम राज्य कैसे - थान सिंह यादव

- दिल्ली किसानों की कृषि भूमि का सर्कल रेट कोड़ियों में राम राज्य कैसे- पंचायत संघ
- गांवों को अंग्रेजों के लालडोरा की कैद में रखना राम राज्य कैसे:पंचायत संघ
- गांवों व कृषि भूमि के रिकॉर्ड को मुगकालिन उर्दू,फारसी की कैद में रखना राम राज्य कैसे: थान सिंह यादव

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात गांवों व ग्रामीणों की अनदेखी राम राज्य की कल्पना से बाहर बताया। खेद जताया कि गांव राम होता है।ओर उसी की अनदेखी। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारे बुजुर्गों व सीधे-साधे गांव वालों से जबरदस्ती उनकी कृषि भूमि कोड़ियों में अधिग्रहण व छिन कर सरकार अरबो की कमाई कर रही है। वहीं गांवों से शहरी क्षेत्र के हिसाब से भारी-भरकम हाउस टैक्स व अन्य टैक्स वसूल कर रही है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि राम राज्य की बात जब करें जब आपः-

1- गांवों को मलिकाना हक दें।

2- आपके शहरी विकास विभाग में वर्ष 2013 से 130 गांवों की 244 फाइलें मलिकाना हक के लिए धूल चाट रही है। उस पर तुरंत कार्रवाई करें।

3- मेयर ने गांवों का हाउस टैक्स माफ की झुटी घोषणा की थी। उसे पूरा करें और माफ करें।

4- निगम द्वारा गांवों में अवैध बताकर बुक की संपत्तियो को फ्री करें।

5- गांवों को लाल फीताशाही से मुक्त करें।ओर गांवों में किसी भी शासन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण बताकर तोड़ने की कार्रवाई बंद करें।

6- गांवों के ले-आउट प्लान तैयार कराएं।

7- किसानों को उनकी जमीन से संबंधित रिकॉर्ड जो उर्दू,फारसी में हैं। उनसे मुक्ति दिलवाएं।

8- महिलाओं व बहनों को कम से कम 3000 प्रतिमाह दें। क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली है यहां सस्ता कुछ नहीं।

9- सस्ती है सिर्फ किसानों की कृषि भूमि।जो पड़ोसी राज्यों से भी बहुत सस्ती है। इसलिए पहले सर्किल रेट बढ़ा कर तुरंत 10 करोड़ प्रति एकड़ करें।

10- गांवों की ग्राम सभा कृषि भूमि गांवों के विकास व जरूरतों के लिए आरक्षित करें। दूसरा इसका मालिक ना बनें।

11- पहले जिन गांवों की ग्रामसभा भूमि व ग्रामसभा कृषि भूमि पर कब्जा किया हुआ है। उसे वापस करें।

12- गांवों के विकास के लिए 900 करोड़ ऊंट के मुंह में जीरा है। यह राशि 90 गांवों पर खर्च हो जाएगी।

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव, सह प्रमुख सुनील शर्मा,पंच प्रमुख अधिवक्ता यमन यादव भलस्वा,राजकुमार यादव ख्याला गांवों के हाउस टैक्स माफ वह निगम से संबंधित अन्य मुद्दों को लेकर निर्णय लिया की पंचायत संघ आगामी रविवार को पंचायत कर अभियान की शुरूआत करेगा।क्योंकि दिल्ली देहात व गांव,ग्रामीणों के अधिकारों की लडाई भी राम राज्य के लिए है।जहां दिल्ली की आधी आबादी रहती है।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली दंगे के आरोपी खालिद सैफी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली हिंसा की साजिश से जुड़े आरोपी खालिद सैफी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है. जस्टिस सुरेश कैत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया. सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा था कि अब तक कितने चार्जशीट दाखिल किए गए हैं. इसके जवाब में दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाले विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद ने कहा कि अब तक 4 पूरक चार्जशीट दाखिल किए गए हैं. 6 फरवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा था कि आप साफ-साफ बताइए कि आरोपी की भूमिका क्या है. सुनवाई के दौरान अमित प्रसाद चार्जशीट के उन हिस्सों के बारे में बता रहे थे जिसमें व्हाट्सऐप पर बातचीत का जिक्र है. इस पर कोर्ट ने कहा था कि वो जमानत याचिका पर पूरी चार्जशीट नहीं पढ़ने जा रही हैं. कोर्ट ने कहा था कि अगर वे प्रदर्शन कर रहे थे तो इसमें क्या गलत है. कोर्ट ने कहा था कि जमानत पर सुनवाई के लिए असीमित समय नहीं दिया जा सकता है. आप सात हजार पेज पढ़कर दलील नहीं दे सकते हैं. आप साफ-साफ बताइए कि खालिद सैफी की भूमिका क्या है. बता दें, दिल्ली हिंसा की साजिश से जुड़े आठ आरोपियों की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट नए सिरे से सुनवाई कर रहा है. इन आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर पहले से सुनवाई कर रहे जज जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल को मणिपुर हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाये जाने के बाद जस्टिस सुरेश कैत की बेंच सुनवाई कर रही है. दिल्ली हिंसा की साजिश से जुड़े जिन आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है. उनमें शरजील इमाम, खालिद सैफी, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शादाब अहमद, अतहर खान, शिफा उर रहमान और सलीम खान शामिल हैं. हाईकोर्ट इस मामले के एक आरोपी इशरत जहां को मिली जमानत को चुनौती देनेवाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर भी सुनवाई कर रही है. बता दें, 18 अक्टूबर 2022 को हाईकोर्ट ने इस मामले के आरोपी उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज कर दिया था. उमर खालिद ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रखी है.

### भारत की विकास गाथा के अग्रदूत हैं युवाः उपराज्यपाल

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को कहा कि भारतीय युवा भारत की विकास गाथा के अग्रदूत हैं और देश को दुनिया में आगे ले जाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेंगे। सक्सेना ने इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के 16 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उपराज्यपाल ने यहां विश्वविद्यालय के परिसर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, युवाओं को भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपनी क्षमता का एहसास करना चाहिए। उन्हें अपने ज्ञान का उपयोग देश के विकास में योगदान देने के लिए भी करना चाहिए। दीक्षांत समारोह के दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी सहित 24,000 से अधिक डिग्रियां वितरित की गईं।

# युवक की हत्या में फरार आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस हत्या के एक आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार कर लाई है। हत्या करने के बाद आरोपी मुंबई पहुंच गया था। वहां अपने रिश्तेदारों के साथ रहकर मजदूरी कर रहा था। पकड़े गए आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कंपनी में साथ काम करने वाले युवक की हत्या की थी। पुलिस आरोपी के दोस्त को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। इकोटेक-तीन कोतवाली पुलिस के मुताबिक करीब तीन महीने पहले पुलिस को आम्रपाली मॉल के पीछे नाले की पुलिया के नीचे से बादल नाम के युवक का शव मिला था। बादल ग्रेनो वेस्ट के एक कंपनी में काम करता था। पुलिस ने 18 जनवरी को हत्या का खुलासा कर उसके साथ काम करने वाले सलमान को गिरफ्तार किया। सलमान ने पुलिस को बताया कि उसका कम्पनी में ही काम करने वाली किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी सूचना बादल को हो गई थी। इसको लेकर वह सलमान को कंपनी में बदनाम करने लगा लगा था। इससे क्षुब्ध होकर सलमान ने अपने साथी आदिल के साथ मिलकर बादल की हत्या की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना में शामिल फरार आरोपी आदिल को पूर्व मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी आदिल नजीबाबाद जिला बिजनौर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को मारिया मंजिल मूसरी नगर पूर्वी मुम्बई से गिरफ्तार किया है।

# योजना बनाकर लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार



पश्चिमी दिल्ली। नारायणा थाना पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान बिहार के सीतामढ़ी के पिंकू उर्फ एकांश, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के रजई आनापुर के राजीव उर्फ आनंद बिहारी कुशवाह, नोएडा के परमानंद, गाजियाबाद के अनूप कुमार, मेरठ के हरीश कुमार, एटा के बनार गांव के सुरेंद्र, द्वारका के निशांत मोहन कुमार उर्फ वाशव व जनकपुरी के शैलेंद्र राय उर्फ शिवम के रूप में हुई है। आरोपितों के पास से 15.59 लाख रुपये नकदी व 12 मोबाइल बरामद किए गए हैं। आरोपित भोले-भाले लोगों को उनके पैसे दोगुना करने का झूठा वादा करके ठगते थे और अगर वे उन्हें नकदी देते थे तो उसे अपने खाते में डाल लेते थे। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि नारायणा थाना पुलिस को 22 फरवरी को रुपयों से भरा बैग छीनने की जानकारी मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि राजीव, रोहित और निशांत उर्फ वाशव नारायणा औद्योगिक क्षेत्र फेज-एक में ऑफिस चलाते हैं। 25 लाख रुपये के निवेश का झांसा उन्होंने शिकायतकर्ता को लालच दिया कि अगर वे 25 लाख रुपये का निवेश करते हैं तो आरटीजीएस के माध्यम से उनके जीएसटी खाते में 50 लाख रुपये आ जाएंगे। पिंकू उर्फ एकांश ने शिकायतकर्ता से उन्हें मिलवाया था। शिकायतकर्ता ने 25 लाख रुपये की व्यवस्था की और राजीव, रोहित, वाशव और दो अन्य व्यक्तियों को दे दिए।इसी दौरान दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का अधिकारी बनकर कुछ लोग दफ्तर में आए व उनसे 25 लाख रुपये लेकर चले गए।नारायणा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने पिंकू उर्फ एकांश से पूछताछ की, क्योंकि उसने ही शिकायतकर्ता को आरोपितों से मिलवाया था।पूछताछ में पता चला कि वह भी इस मामले में शामिल है। इसलिए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। तकनीकी जांच के आधार पर राजीव उर्फ आनंद बिहारी कुशवाह और निशांत मोहन कुमार उर्फ वाशव को मोहन गॉर्डन से गिरफ्तार किया गया। झूठे वादे देकर बनाते शिकार उन्होंने बताया कि वे झूठे वादे पर भोलेभाले लोगों को ठगते हैं। पिंकू उर्फ एकांश को कार्यालय में निवेश करने के लिए लोगों को प्रेरित करने का काम दिया था। इसके बाद अलग-अलग जगह छापेमारी कर शैलेंदर उर्फ शिवम, अनूप, परमानंद, हरीश और सुरेंद्र पाल को गिरफ्तार किया गया। सुरेंद्र पाल ने बताया कि वह द्वारका में व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) के रूप में कार्यरत है। वह आरोपित हरीश शर्मा उर्फ रोहित को जानता है। उसने नारायणा स्थित कार्यालय पर फर्जी छापा मारा और 25 लाख रुपये लेकर चले गए थे। उसके साथ शेर सिंह और आरके यादव नाम के दो सहयोगी भी थे, जो फरार हैं। उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सगाई से लौट रहे शख्स से चाकू की नोक पर लूट, बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

भजनपुरा इलाके में सगाई से लौट रहे एक शख्स को तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर लूट लिया। हत्या करने की धमकी देकर बदमाशों ने शख्स से 55 हजार रुपये, स्कूटी और मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद बदमाश चाकू लहराते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित जितेंद्र गुप्ता की शिकायत पर भजनपुरा थाना ने लूट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। अरविंद नगर में रहते हैं जितेंद्र गुप्ता जितेंद्र गुप्ता अपने परिवार के साथ अरविंद नगर में रहते हैं। उनका पेंटिंग का काम है। लक्ष्मी नगर में रविवार रात को उनके दोस्त की बहन की सगाई थी। सगाई में शामिल होकर रात डेढ बजे वह स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। जब वह घोंडा में पूर्व विधायक भीष्म शर्मा के घर के पास पहुंचे, तभी मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके उन्हें रोक लिया। चाकू दिखाकर उनसे लूटपाट शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो बदमाश हत्या की धमकी देने लगे। दो बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया, तीसरे बदमाश ने उनकी जेब से 55 हजार रुपये व मोबाइल लूट लिया। जाते-जाते बदमाश उनकी स्कूटी भी लूटकर ले गए। पीड़ित ने किसी से मदद लेकर वारदात की सूचना पुलिस को दी।

# मुंबई ट्रेन हमले के दोषी की याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने ठुकराई

नई दिल्ली। 7/11 मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में मौत की सजा पाए दोषी एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी की याचिका को खारिज कर दिया। एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत उन अधिकारियों के बारे में विवरण मांगा था, जिन्होंने मामले की जांच की और उसकी गिरफ्तारी और अभियोजन को मंजूरी दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने जानकारी देने से इनकार करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के निर्णय को बरकरार रखते हुए कहा कि जानकारी उपलब्ध कराने से अधिकारियों को गंभीर खतरा हो सकता है। अदालत ने कही ये बातें अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि यह सार्वजनिक हित में है कि मांगे गए विवरण का रहस्योद्घाटन नहीं किया जाए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी उन अधिकारियों के खिलाफ है जो जांच में शामिल थे और जो याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी और दोषसिद्धि से संबंधित अभियोजन को मंजूरी देने में भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि भले की घटना को हुए 20 साल बीत चुके हैं, लेकिन उक्त जानकारी उपलब्ध कराना संभव नहीं होगा।

# दिल्ली में महिलाओं को 1000 रुपये मिलने की स्कीम का कब शुरू होगा रजिस्ट्रेशन?

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आप के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को महिलाओं से लोकसभा चुनाव के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं को महीने में 1000 रुपये मिलने की स्कीम का रजिस्ट्रेशन कब शुरू होगा। इन लोगों को मिलेगा 1000 रुपये बता दें कि सोमवार को 2024-25 के लिए दिल्ली विधानसभा में अरविंद केजरीवाल सरकार का बजट पेश किया गया था। बजट में वित्त मंत्री आतिशी ने महिलाओं के लिए नई स्कीम का एलान किया। इस स्कीम के तहत 18 साल से अधिक उम्र की गैर आयकर दाता महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये मिलेगा।

खास बात है कि इस साल अप्रैल-मई के महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। दिल्ली में लोकसभा के सात सीटें हैं। अरविंद केजरीवाल सरकार की इस स्कीम से दिल्ली में लगभग 50 लाख महिलाओं को फायदा होगा। यह स्कीम लोकसभा चुनाव के बाद लागू होगी। एक्स पर केजरीवाल ने किया पोस्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट करके कहा कि सोमवार को मुख्य मंत्री महिला सम्मान योजना की घोषणा के बाद उन्हें महिलाओं की तरफ से कई सारे फोन कॉल आ रहे हैं और वे इस स्कीम के रजिस्ट्रेशन के बारे में पूछ रही हैं। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि स्कीम पर काम कर रहे हैं, जल्द ही योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जो भी कर पा रहे हैं, वह महिलाओं के आशीर्वाद और प्राथनाओं के कारण है। मेरे विरोधियों ने मुझे कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी है, लेकिन आपका आशीर्वाद उनकी सभी साजिशों को विफल कर रहा है।

महिलाओं से केजरीवाल की खास अपील मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि मेरे विरोधियों ने तो मुझे कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी पर आपका आशीर्वाद उनके सभी षड्यंत्रों को असफल कर रहा है। मैं लगा हुआ हूँ। जल्दी इस योजना का रजिस्ट्रेशन भी चालू करेंगे। पर अपनी बहनों और माताओं से हाथ जोड़कर बिनती है, मैं आपके और आपके परिवार के लिए जो भी अच्छा काम करना चाहता हूँ, ये लोग छत्त्र और केंद्र सरकार के जरिये मुझे रोकते हैं। महिलाओं से अपील करते हुए अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि अगले महीने चुनाव हैं। इस चुनाव में आप सब मुझे आशीर्वाद दें, अपने घर के सभी लोगों से भी कहें। इस चुनाव में मेरे हाथ मजबूत करें ताकि आपका भाई और बेटा आपकी खूब सेवा कर सके और आपके परिवार का ख़्याल रख सके।

# प्रेमी से मिलाने के बहाने युवती को बनाया हवस का शिकार

पश्चिमी दिल्ली। झगड़ा होने के बाद प्रेमी ने प्रेमिका को छोड़ दिया था। प्रेमिका चाहती थी कि उसका प्रेमी दोबारा से उसके पास आ जाए। जब कहीं से भी कोई रास्ता दिखाई नहीं दिया तो उसे टैरो कार्ड रीडर के बारे में पता लगा। मदद के लिए गई थी युवती प्रेमिका मदद के लिए जब टैरो कार्ड रीडर के पास गई तो टैरो कार्ड रीडर ने उसे ही अपनी हवस का शिकार बना लिया। युवती की शिकायत पर कापसहेड़ा थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर करीब एक हजार किलोमीटर तक पीछा कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान उत्तराखंड के उधमपुर के रुद्रपुर के सिद्धांत जोशी के रूप में हुई है। आरोपित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। दक्षिण-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहिण मीणा ने बताया कि कापसहेड़ा थाना पुलिस को युवती से दुष्कर्म की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वर्ष 2023 में सिद्धांत जोशी नामक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म किया। उसने यह भी आरोप लगाया था कि उसने उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो भी बना रखे हैं। उसे धमकी दी कि वह उनके रिश्ते के बारे में किसी को न बताए नहीं तो वह वीडियो को सोशल मीडिया पर लीक कर देगा। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। टीम ने आरोपित के मोबाइल के सर्विलांस के आधार पर उत्तर प्रदेश के मेरठ से उसका पीछा करना शुरू किया। इस दौरान पता लगा कि आरोपित मेरठ छोड़कर उत्तराखंड के रुद्रपुर की ओर जा रहा है। आरोपित निकला टैरो कार्ड रीडर टीम रुद्रपुर पहुंची तो पता लगा कि आरोपित पंजाब के जालंधर पहुंच गया है। टीम जालंधर पहुंची तो आरोपित हिमाचल प्रदेश पहुंच गया। करीब एक हजार किलोमीटर की यात्रा के बाद आरोपित को कसौली से पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित सिद्धांत जोशी ने बताया कि वह टैरो कार्ड रीडर है। पीड़िता ने अपने प्रेमी के साथ अपनी समस्याओं को सुलझाने के लिए उससे संपर्क किया था। आरोपित ने दोनों के बीच के मुद्दों को सुलझाने को लेकर उससे दुष्कर्म किया। उसने उसकी निजी तस्वीरें और वीडियो भी खींचे और उसे धमकी दी कि वह अपने रिश्ते के बारे में किसी को न बताए नहीं तो वह वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर लीक कर देगा।

## सांड की टक्कर से बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर की मौत

नोएडा। पर्थला खंजरपुर स्थित सब्जी मंडी के पास से घरेलू सामान लेकर घर लौट रहे बाइक सवार दो किशोरों को सांड ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान एक किशोर की मौत हो गई। एक अन्य का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। किशोरों के परिजनों ने अभी तक इस मामले को लेकर सेक्टर-113 थाने में शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि मूलरूप से बिजनौर के रहने वाले 15 वर्षीय कृश और 16 वर्षीय देव पर्थला गांव में अपने परिवार के साथ रहते हैं। दोनों मौसेरे भाई हैं। सोमवार सुबह नौ बजे के करीब दोनों एक बाइक पर सवार होकर गांव स्थित सब्जी मंडी के पास घरेलू सामान लेने गए थे। जब दोनों लौट रहे थे, तभी घर से महज 20 से 30 मीटर दूर सांड ने बाइक में टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बाइक से गिरने के कारण कृश और देव गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों के परिजन राहगीरों की मदद से घायलों को आधे घंटे से भी कम समय में अस्पताल पहुंचाने में सफल रहे।

# उपसभापति श्री हरिवंश राष्ट्रीय आयुष सम्मेलन के होंगे मुख्य अतिथि, कई अन्य नामचीन हस्तियां भी होंगी शामिल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आयुष्मान और इंटीग्रेटेड आयुष काउन्सिल के संयुक्त तत्वावधान द्वारा आगामी 21-22 मार्च, 2024 को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय आयुष सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने उपसभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह को आमंत्रित किया है।विदित हो कि उक्त राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में शामिल होने हेतु उपसभापति श्री हरिवंश नारायण सिंह जी ने बतौर मुख्य अतिथि सहमति प्रदान प्रदान कर दी है। बता दें कि इस सम्मेलन का आयोजन आयुष्यमान और इंटीग्रेटेड आयुष काउन्सिल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है और इस वर्ष सम्मेलन का विषय विकसित भारत का आधार - आयुष से आरोग्यह्न है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पद्मश्री,पद्मभूषण श्री यार्लगड्डा लक्ष्मीप्रसाद जी द्वारा की जा रही है, जो भारत सरकार के संसदीय राजभाषा समिति के पूर्व उपाध्यक्ष/ राज्यसभा सांसद रहे हैं।वहीं, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर आरएसएस के वरिष्ठ अधिकारी श्री रवि अय्यर, इंटीग्रेटेड आयुष काउन्सिल के अध्यक्ष डॉ सृष्टा नड्डा,पद्मश्री खादर वली, एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ पी के सिन्हा, हृदय रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ एस. सी.मनचंदा, पद्मभूषण प्रख्यात वैद्य डॉ देवेंद्र त्रिगुणा सहित देश के नामी-गिरामी



आयुष चिकित्सक एवं आयुष प्रेमी लोग भाग लेंगे। गौरतलब है कि आयुष, आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी, यूनानी,सिद्ध और होम्योपैथी जैसी भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करता है। यह न केवल रोगों का इलाज करता है, बल्कि समग्र स्वास्थ्य और खुशी को भी बढ़ावा देता है। भारत, जो अपने प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के लिए मशहूर है, आज एक स्वस्थ और समृद्ध देश की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आयुष से आरोग्य इस विकसित भारत की नींव है जो हमें सभी नागरिकों को एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन की प्राप्ति की दिशा में मदद करती है।आयुष शब्द का अर्थ है आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, और होम्योपैथी, जो हमारे पूर्वजों द्वारा प्रचलित चिकित्सा पद्धतियों का समृद्ध भंडार हैं। इन पद्धतियों को मिलाकर बनी आयुष नामक नई चिकित्सा प्रणाली हमें स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्र में नए दरवाजे खोल रही है। आयुष से विकसित भारत की एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह लोगों को स्वास्थ्य की देखभाल में मदद करता है। यह न केवल रोगों की रोकथाम में सहारा प्रदान करता है, बल्कि यह सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने में भी मदद करता है। आयुर्वेद, योग, और प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धांतों का पालन करते हुए, यह सस्ती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करता है जिससे लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है इसके अलावा, आयुष ने नए रोजगार के अवसर भी बनाए हैं। यह चिकित्सा प्रणाली न केवल चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को रोजगार का मौका देती है, बल्कि परंपरागत चिकित्सा के क्षेत्र में भी नौकरियों का अवसर प्रदान करती है। आयुष से विकसित भारत की एक और महत्वपूर्ण पहलू है सामाजिक विकास। यह समाज के सभी वर्गों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखता है और लोगों को मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में मदद करता है।आयुष से आरोग्य का सिद्धांत एक सुंदर भविष्य की ओर हमें मोड़ने का एक अद्वितीय तरीका है। इसके माध्यम से हम एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में बढ़ सकते हैं जिससे राष्ट्र का स्वास्थ्य और विकास सुनिश्चित हो सकता है। आयुष से आरोग्य हमें एक बेहतर भविष्य की दिशा में बढ़ने के लिए एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने के लिए अनुप्रेरित करता है। यह न केवल हमारा स्वास्थ्य संवर्धन करता है, बल्कि हमें एक समृद्ध, समर्थ, और समग्र विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ने का भी मार्गदर्शन भी करता है। विकसित भारत का आधार -आयुष से आरोग्यः सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता को आयुष चिकित्सा पद्धतियों का समुचित लाभ प्रदान करना है। इस सम्मेलन के अंतर्गत लोगों को आयुष चिकित्सा पद्धतियों के लाभों और महत्व के बारे में जागरूक करने के अलावा, आयुष चिकित्सा पद्धतियों के बारे में गलत धारणाओं को दूर करने, आयुष चिकित्सा पद्धतियों में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने, आयुष चिकित्सा पद्धतियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण संस्थानों की स्थापना करने, आयुष चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए नीतियां और कार्यक्रम बनाने, आयुष चिकित्सा पद्धतियों के लिए सरकारी सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करने जैसे कई मुद्दों पर विमर्श किया जाएगा।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें! पुरानी दिल्ली-सहारनपुर रूट के यात्रियों को होगी परेशानी, ट्रेनें निरस्त

नई दिल्ली। दिल्ली-सहारनपुर रूट पर चलने वाले यात्रियों को अगले चार दिनों तक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस रूट पर कई लोकल ट्रेनें निरस्त करने के साथ ही कुछ के मार्ग में बदलाव किया गया है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि पुरानी दिल्ली-शामली-सहारनपुर रेलखंड पर नान इंटरलाकिंग का काम चल रहा है। शामली स्टेशन पर इस काम को पूरा करने के लिए पांच से आठ मार्च तक ट्रैफिक ब्लाक लिया गया है।

इस कारण पांच से आठ मार्च तक इस रूट पर ट्रेनें निरस्त करने के साथ ही कुछ को आंशिक रूप से निरस्त करने और कुछ को अन्य मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे यात्रियों विशेषकर दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। निरस्त की गईं ट्रेनें

पुरानी दिल्ली-शामली विशेष (04999) छह और सात मार्च को निरस्त रहेगी।

शामली-पुरानी दिल्ली विशेष (05000) सात और आठ मार्च को निरस्त रहेगी।

देरी से चलने वाली ट्रेन

सहारनपुर-पुरानी दिल्ली विशेष (04402) सात और आठ मार्च को सहारनपुर से दो घंटे की देरी से रवाना होगी। अलग-अलग स्टेशनों पर कुछ देर के लिए रोककर चलने वाली ट्रेनें पुरानी दिल्ली-सहारनपुर विशेष (04521) छह और सात मार्च को रास्ते में 2.20 घंटे और आठ मार्च को 1.20 घंटे रोककर चलाने का निर्णय लिया गया है।

सहारनपुर-पुरानी दिल्ली विशेष (04402) सात मार्च को रास्ते में एक घंटा रुककर चलेगी।

आंशिक रूप से निरस्त रहने वाली ट्रेनें

पुरानी दिल्ली-शामली विशेष (01617)- सात व आठ मार्च को कंधाला तक चलेगी।

शामली-पुरानी दिल्ली विशेष (01618)- सात व आठ मार्च को कंधाला से पुरानी दिल्ली के लिए रवाना होगी।

इन ट्रेनों के मार्ग में किया गया बदलाव पुरानी दिल्ली-हरिद्वार एक्सप्रेस(14305) सात व आठ मार्च को पुरानी दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ सिटी-टपरी के रास्ते चलेगी।

हरिद्वार-पुरानी दिल्ली एक्सप्रेस (14306) सात व आठ मार्च को टपरी-मेरठ सिटी-गाजियाबाद-पुरानी दिल्ली के रास्ते चलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अभिषद् की बैठक आज

मधेपुरा भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में अभिषद् (सीनेट) की आगामी साधारण वार्षिक बैठक के निमित अभिषद् (सिंडिकेट) की दो बैठकों की तिथि घोषित कर दी गई हैं। अभिषद् की प्रथम बैठक 6 मार्च और दूसरी बैठक 12 मार्च को होगी।कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों बैठकें कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में अप. 12:30 बजे से निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि बैठक की कार्यसूची में गत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि, अनुपालन प्रतिवेदन, वार्षिक बजट 2024-25 से संबंधित प्रक्रियाओं का अनुमोदन आदि पर विचार किया जाना शामिल है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी सदस्यों को वाट्सएप एवं ई. मेल और स्पीड पोस्ट से आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।

### ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

मधेपुरा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा एवं पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आतंरिक निरीक्षण किया गया। त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण के क्रम में वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई,सुरक्षा आदि व्यवस्था पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया। उक्त निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, ईवीएम, वीवीपैट के वेयर हाउस प्रभारी पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, मधेपुरा तथा मधेपुरा जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# चिकित्सा कर्मियों का सिविल सर्जन के समक्ष प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा चिकित्सा कर्मियों का सिविल सर्जन के समक्ष प्रदर्शन। आज बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला शाखा दरभंगा द्वारा स्थानीय एवं राज्य -स्तरीय समस्याओं को लेकर आक्रोसपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण कुमार झा के अध्यक्षता में रैली किया गया । रैली को संबोधित करते हुए जिला संयोजिका शांति देवी ने कहा कि ए. एन.एम संवर्ग के साथ शोषण दोहन किया जा रहा है ।हमे जिला संवर्ग से राज्य -स्तरीय संवर्ग बना दिया गया जिसे रद्द किया जाय ।संविदा पर कार्यरत ए. एन.एम. को नियमित किया जाय तथा उन्हें पुराना पेंशन दिया जाय । उनके साथ हो रही अन्याय पर रोक लगाया जाय ।मॉनिटर की गलतियों के कारण ए. एन.एम को




प्रताड़ित किया जा रहा है तथा प्रभारी द्वारा उनके वेतन पर रोक लगा दी जाती है,इसपर रोक लगाई जाय । इस अवसर पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलामंत्री फुलकुमार झा ने संबोधित करते हुए कहा कि जब राज्य सरकार द्वारा सेवा संवर्ग में प्रोन्नति पर लगी रोक वापस ले लिया तथा सभी संवर्ग के लिए बनाए गए उच्चतर पदपर प्रोन्नति देने का निर्देश दिया । राज्य के सभी विभागों द्वारा सहित स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय संवर्ग के कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गयो , परंतु दरभंगा सिविल सर्जन द्वारा अपनी नियंत्रणाधीन कर्मचारियों को संवर्गीय प्रोन्नति नहीं दिया जा रहा है। फलस्वरूप लिपिक संवर्ग के कर्मचारी ,सहायक प्रशासी पदाधिकारी प्रधानलिपिक तथा उच्च वर्गीय लिपिक के पदों से वंचित हो रहे हैं । समूह ल्घह्व के कर्मियों को निम्न वर्गीय लिपिक के पदपर 15% प्रोन्नति का प्रावधान है, उसे अम्ली-जामा नही दिया जा रहा है । वित्तविभाग एवम् स्वास्थ्य विभाग के निदेश के बाबजूद परिधापक संवर्ग को 01.01.2016 से वेतन पुनरीक्षण नहीं किया जा रहा है जो लाल फीतासाही का द्योतक है । आज हमलोग चिकित्सा विभाग के संविदा पर कार्यरत ए. एन.एम सहित अन्य कर्मचारियों के मांगों संबंधित अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग को संबोधित मांग संलेख भी समर्पित कर रहे हैं। मलेरिया कर्मचारी संघ के जिला मंत्री गोपाल नारायण झा ने कहा कि हमारी अस्थानीय समस्या घनीभूत हो रहा है,परंतु सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा उसे दरकिनार कर कान में रुई देकर सोया हुआ है बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि सिविल सर्जन द्वारा समस्याओं कानीदान नहीं किया जा रहा है और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा ए. एन.एम सहित अन्य कर्मचारियों का दमन किया जा रहा है। इन समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करना होगा । इस अवसर पर रंभा कुमारी , आरती कुमारी , मोनालिशा , नूतन कुमारी , अनामिका कुमारी, आद्या कुमारी, विभा कुमारी, राम बहादुर पासवान, गनौर पासवान आदि ने विचार व्यक्त किया तथा संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया ।

## सांसद द्वारा कमाख्या - गया एक्सप्रेस का तिलैया जंक्शन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



प्रात: किरण संवाददाता

नवादा। सांसद चन्दन सिंह द्वारा गाड़ी संख्या- 15619 /15620 गया - कमाख्या एक्सप्रेस का तिलैया जं. स्टेशन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। गया - कमाख्या एक्सप्रेस गाड़ी संख्या- 15619 का आगमन/प्रस्थान तिलैया स्टेशन पर दोपहर 13.48/ 13.50 बजे एवं गाड़ी संख्या - 15620 का प्रातः 04.06/04.08 बजे ठहराव के साथ आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन के ठहराव शुरू होने से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले जनमानस को किऊल होते हुए कमाख्या आने - जाने में काफी सहुलियत होगी। इस अवसर पर सांसद चन्दन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस ट्रेन के ठहराव दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अश्विनी वैष्णव रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री को धन्यवाद दिए । इस अवसर पर दानापुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), ' अनुपम कुमार चंदन एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी सहित यात्री जनमानस भी मौजूद रहें।

# शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड जदयू अध्यक्ष बने गौरी यादव



प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज भटनागर ने प्रखंड के गौरी यादव को पुरैनी प्रखंड जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इससे संबंधित पत्र सौपते हुए आशा प्रकट करते हुए कहा है कि संगठन को मजबूत, धारदार एवं गतिशील बनाने में गौरी यादव का सक्रिय भूमिका अपेक्षित है तथा मनोनयन पार्टी के प्रति इनके समर्पण एवं सक्रियता को देखते हुए मनोयान पत्र सौपा गया है। उनके इस मनोनयन पर मुखिया विनोद कांबली निषाद, विश्वनाथ साहनी, मनोज साहनी, सहित कई लोगों ने बधाई दी है। इनलोगों ने कहा है कि गौरी यादव के इस पद पर मनोनयन से शिक्षा प्रकोष्ठ सहित पार्टी की मूल इकाई को भी इस प्रखंड में मजबूती मिलेगी। श्री गौरी यादव ने कहा, सरकार ने जो मुझपे भरोसा जताया है उसका मैं आभारी हूँ और मैं सरकार को यह आश्वासन देता हूँ की मैं यह भार की ज़िम्मेदारी बहुत ही ईमानदारी से निभाऊँगा और इस प्रकोष्ठ को सर्वोच्च पर ले जाऊँगा।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी पर लोजपा ने की चर्चा



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) के जिला कार्यकारणी की बैठक मंगलवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पासवान की अध्यक्षता में सिंहेश्वर में हुई। बैठक में पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष,विधानसभा अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं विभिन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों के साथ बूथ कमेटी समीक्षा हुई। बैठक में लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह पार्टी मधेपुरा जिला प्रभारी प्रदीप कुमार ठाकुर शामिल हुए। समीक्षा बैठक में कायकताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं का बूथ स्तर पर कमेटी बनाने में जुट गए हैं। मौके पर विजय कुमार भगत, जिला महासचिव राजेश कुमार, जिला प्रवक्ता मिथिलेश कुमार, किसान सेल के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार,धर्म पासवान, नवीन कुमार यादव, पंकज ठाकुर, केशव कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय परिसर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओ की बैठक जिलाध्यक्ष निशांत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कॉलेज कमिटी के विस्तार के लिए ज्ञानेंद्र कुमार, दीपक कुमार, दिलखुश कुमार, लाल बहादुर, रवि कुमार, विभाष कुमार, आशुतोष राजा, प्रदीप कुमार और सुनील कुमार को संयोजक बनाया गया। आगामी 20 मार्च को टीपी कॉलेज कमिटी का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की आज जिस प्रकार से देश में अराजक स्थिति बनी हुई है, बेरोजगारी, महंगाई आसमान छू रही है। देश की जनता के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार पर सरकार द्वारा हमले किए जा रहे है। ऐसे समय छात्र और युवाओं का कर्तव्य बढ़ गया है। देश को बचाने, आवाम के हक और अधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी छात्र और युवाओं के कंधे



पर है। इतिहास गवाह है की जब - जब शासन तानाशाह और निरकुंश हुआ है तब -तब छात्र और युवाओं ने आगे बढ़कर संघर्ष किया है। उन्होंने कहा की आज एनएसयूआई मोदी सरकार के तानासाही, छात्र और युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही है। उस संघर्ष और आंदोलन में आम छात्र और युवाओं को जोड़ने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की इसलिए एनएसयूआई युद्धस्तर पर संगठन का विस्तार कर रही है। संगठन को पंचायत स्तर पर विस्तार देकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा की आगामी 20 मार्च के बाद एनएसयूआई जिले भर में नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा एवं अप्रैल में छात्र - युवा महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला सचिव सोनू कुमार, जिला महासचिव जयकिशन कुमार, मधेपुरा प्रखंड संयोजक निरंजन कुमार, घैलाध संयोजक अमरेश कुमार, नीतीश कुमार यादव, कृष्णा यादव, रंजित कुमार, प्रिंस कुमार, विकाश कुमार, हिमांशु कुमार, मणिभूषण कुमार, रमन यादव, आशीष कुमार, आयुष कुमार, दिलखुश कुमार, अमित कुमार, श्रवण कुमार, गौतम कुमार, दूलेन कुमार समेत दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई का आक्रोश मार्च आज




प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मधेपुरा नगर इकाई ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ एक आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च बीएनएमयू प्रशासनिक परिसर से कॉलेज चौक तक निकाला गया। नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् हमेशा राष्ट्रपति के मुद्दों को केंद्र में रखकर कार्य करता रहा है। हमारे लिए राष्ट्रीयहित सर्वोपरि है और राष्ट्र-विरोधी ताकतों के मनसुबों को कभी भी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। विभाग संयोजक सौरभ यादव ने कहा कि बंगाल की पवित्र भूमि देवी स्वरूप शक्ति की आराधना-स्थली रही है। दुर्भाग्यवश वर्तमान में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति के चलते महिलाओं की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह जिहादियों के विस्तारवादी चरित्र का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो अक्टूबर-नवंबर 1946 में स्वतंत्रता पूर्व के तत्कालीन संयुक्त बंगाल में नोआखाली की विध्वंसक घटना की याद दिलाती है। संदेशखाली की घटना भी इस की पुनरावृति प्रतीत होती है। जिला संयोजक नवनीत सम्राट ने राष्ट्रपति से मांग की है कि वे अपनी ओर से इस मामले में हस्तक्षेप करें। अविलंब सत्ता प्रायोजित एवं सत्ता संपोषित हिंसा एवं महिलाओं की सामूहिक अस्मिता-हनन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की केंद्रीय एजेंसी जांच एजेंसी के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। नगर मंत्री अंकित आनंद ने कहा कि महिला विरोधी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीतीश सिंह यादव ने कहा कि संदेशखाली में जिहादी समूह द्वारा स्त्री-अस्मिता का हनन किया जा रहा है। अधिकांश पीड़ित महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनूसूचित वर्ग की हैं। इस अवसर पर राजू सनातन, सत्यम कुमार , अंकित राज, सौरभ कुमार, गुरुनंदन कुमार, अमरजीत कुमार, विशाल कुमार, बाबुल कुमार, आशीष कुमार, मानव कुमार, शिवम कुमार , सुभम कुमार, सौरभ कुमार, देवाशीष कुमार आदि उपस्थित थे।

## मोटर चालक ने एक बुजुर्ग को मारपीट कर किया घायल

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा श्रीनगर थाना क्षेत्र के पुरैनी वार्ड नंबर 13 में खेत में लगे पानी पटाने वाला मोटर को लेकर कहा सुनी में मोटर चालक ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। पुरैनी वार्ड नंबर 13 निवासी घायल अब्दुल अब्दुल वदूद ने बताया खेत में पानी पटाने के दौरान जदिया थाना क्षेत्र के मोहरमपुर निवासी मोहम्मद मोजीब का मोटर खराब हो गया। मोटर चालक मोहम्मद मोजीब और बुजुर्ग अब्दुल वदूद के बीच कहां सनी होते हुए मोटर चालक मोहम्मद मोजीब ने धारदार कछिया से बुजुर्ग अब्दुल वदूद पर हमला कर दिया। जिससे अब्दुल वदूद घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है।

# कथाकार फणीश्वरनाथ की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर । शुकदेव मुखलाल महाविद्यालय हाजीपुर के सभागार में कथाकार फणीश्वरनाथ की 124वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक एवं कवि अरुण कुमार सिंह की, जबकि संचालन प्रो. रवीन्द्र कुमार भक्त ने किया। सर्वप्रथम समारोह में कथाकार रेणु के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बिहार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी ने कहा कि रेणु महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध आंचलिक कथाकार थे, उनकी रचनाओं में आज भी गांव ज़िन्दा है। अध्यक्षीय संबोधन में जिला के प्रसिद्ध कवि अनिल कुमार ने कहा कि कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु अंधेर बंद कमरे के लेखक नहीं थे। जहां पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्य और स्थापित धारणाएं टूट रही हो, लोक संस्कृतियां टूटती हुई विलुप्त होती जा रही हो। वहां



भला रेणु कैसे चुप बैठ सकते थे। यह सब देखना उनके जैसे संवेदनशील लेखक के लिए एक सांस्कृतिक यातना थी। उनकी सामाजिक सोंच व स्वतंत्रता के लिए किए गए जन आंदोलनों ने उनका लेखकीय मानस तैयार कर दिया था। उन्होंने प्रेमचंद के कुरुप यथार्थ को लोकजीवन की बहुरंगी छवियों से सजा दिया। अबोल भाषा को भी उन्होंने बोली दे दी। मौके पर उपस्थित बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महनार के शिक्षक डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कथाकार रेणु को अपनी माटी, अपने समाज के रीति-रिवाजों, लोकगीतों और स्थानीय बोलियों से अत्यधिक लगाव था। उनकी जीवन शैली, रचना शैली, शब्द शैली, शब्द चयन व परिस्थितियों से लगाव का ही निचोड़ था उनकी कालजयी रचना मैला आँचल। बिहार के पुर्णिमा जनपद अंतर्गत औराही हिंगना गांव में पैदा हुए लाल ने हिन्दी साहित्य के लिए परती परिकथा, ठुमरी, अग्निखोर, मारे गए गुलफाम जैसी रचनाएं देकर उसे समृद्ध बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी। समारोह में प्रो. विजय कुमार प्रसाद एवं शिक्षक डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कथाकार रेणु को अपनी माटी, अपने समाज के रीति-रिवाजों, लोकगीतों और स्थानीय बोलियों से अत्यधिक लगाव था। उनकी जीवन शैली, रचना शैली, शब्द शैली, शब्द चयन व परिस्थितियों से लगाव का ही निचोड़ था उनकी कालजयी रचना मैला आँचल। बिहार के पुर्णिमा जनपद अंतर्गत औराही हिंगना गांव में पैदा हुए लाल ने हिन्दी साहित्य के लिए परती परिकथा, ठुमरी, अग्निखोर, मारे गए गुलफाम जैसी रचनाएं देकर उसे समृद्ध बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी। शिक्षक योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वीणा द्विवेदी, अनिल कुमार अमोला, पूजा कुमारी, उमाशंकर राय, मुकेश कुमार, समन्वयक अमरेन्द्र कुमार, शिक्षक राघवेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, शिवचंद्र राम, रामनाथ राम, महेश प्रसाद यादव, रामदास राम, अनुराग आनंद, ज्योति कुमार, सविता कुमारी ने रेणु के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में डॉ. संजय विजित्वर, डॉ. महेश राय, डॉ. मीना, प्रो. मीनाली प्रियदर्शी, रंजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रमन कुमार, राजीव कुमार सिंह, रुपा कुमारी, रश्मि कुमारी, अस्मिता सिंह के अलावे बड़ी संख्या में प्राध्यापक और शिक्षक उपस्थित थे। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार ने किया।

# श्रीमद्भगवद्गीता का प्रभाव विषयक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में ह्लभारतीय ज्ञान-परंपरा पर श्रीमद्भगवद्गीता का प्रभावह्व विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में किया गया, जिसमें दिल्ली, असम, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश आदि के साथ ही मंगोलिया आदि देशों के 100 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता हुई। प्रधानाचार्य डा दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो ओम नाथ बिमली ने उद्घाटन वक्तव्य दिया, जबकि जेएनयू ,नई दिल्ली के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्राध्यापक प्रो सी उपेन्द्र राव ने बीज वक्तव्य दिया। वहीं मिथिला विश्वविद्यालय के संस्कृत- प्राध्यापक डा आर एन चौरसिया ने मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्तव्य दिया, जबकि इस्कॉन, शुभंकरपुर, दरभंगा के प्रबंधक लक्ष्मण कृपा दास ने विशिष्ट वक्तव्य दिया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डा सुनीता कुमारी के संचालन में आयोजित इस सत्र में अतिथि स्वागत एवं विषय प्रवर्तन संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी- संयोजक डा विकास सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के बर्सर डा अवधेश प्रसाद यादव ने किया। सेमिनार में जीडी कॉलेज, बेगूसराय के डा शशिकांत पांडे, संस्कृत विश्वविद्यालय के डा नंदकिशोर ठाकुर, आरबीएस कॉलेज, अंदौर के डा राम नारायण राय, एम एस एस कॉलेज, सरिसवपाही के डा शकुंतला कुमारी, डॉ कविता, डा विनोद बैठा, पीजी से डा अंकित कुमार, डा अमित कुमार सिंह, डा अनिरुद्ध प्रसाद, डा गजेन्द्र भारद्वाज, गंगेश कुमार झा, डा रवि कुमार राम तथा डा हेमंत कुमार ठाकुर आदि सहित 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। उद्घाटन वक्तव्य में प्रो ओमनाथ बिमली ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वोत्कृष्ट है जो मूलतः एक श्रुति परंपरा है, जिसका मूल वेद है। गीता भी वेदज्ञान को ही प्रतिपादित करती है, जिसमें भक्ति, कर्म और ज्ञान आदि का विशेष रूप से प्रतिपादन हुआ है। उन्होंने कहा कि गीताज्ञान समग्र है, जिसका भारतीय ज्ञान- परंपरा के सभी आयामों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। बीज वक्तव्य में प्रो सी उपेन्द्र राव ने सेमिनार के विषय को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि गीता महोदधि है और गीताज्ञान आचरण का ज्ञान है। इसलिए हर अवस्था के व्यक्तियों को गीताज्ञान सतत प्राप्त करना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य डा दिलीप कुमार ने सेमिनार आयोजन को सफल बताते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी में नई ऊर्जा तथा ज्ञान का प्रवाह होता है। उन्होंने कहा कि विपरीत स्थिति में भी गीताज्ञान हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। गीता में बहुत- सी ऐसी बातें वर्णित हैं जो हमारे जीवन को सफल एवं उपयोगी बनती हैं।

# महाविद्यालय में नि:शुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण




प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर ।प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, जमुनी लाल महाविद्यालय, हाजीपुर (वैशाली) में डॉ रजनीश कुमार की अध्यक्षता में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र,छात्राओ को मार्ग दर्शन सह निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। केंद्र निदेशक डॉ रजनीश कुमार और श्री आलोक कुमार, नोडल पदाधिकारी, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना ने बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में सरकार द्वारा उपलब्ध संसाधनों , छात्रवृत्ति एवं योजनाओं के बारे में व्यापक रूप से छात्र/छात्राओ को बतलाया ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। श्री आलोक कुमार ने केंद्र में वाई फाई सुविधा, पुस्तकालय, स्मार्ट बोर्ड एवं कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सभी को लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में कठिन परिश्रम को ही सफलता का मूलमंत्र बतलाया। इस अवसर पर डॉ सुजीत मुखर्जी, कुमार देवेश, मिलिंद कुमार, राजीव कुमार सिंह, राजीव कुमार और शहजाद आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग जगह से चार नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रात: किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से कुमारखंड पुलिस ने छापेमारी कर चार आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में मंगलवार को न्याय किरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया थाना कांड संख्या 57/24 के नामजद आरोपी सुनील कुमार को कुमारखंड वार्ड 12 से गिरफ्तार किया। वही भवानीपुर में कुमारखंड पुलिस ने छापेमारी कर एससी एसटी के फरार वारंटी थाना कांड संख्या 158/18 के नामजद आरोपी उपेंद्र राय अमित राय अर्जुन राय को गिरफ्तार कर मंगलवार को पुलिस अभीरक्षा में न्यायाधीश में जेल भेज दिया।

# दो दिवसीय किसान मेला -सह- कृषि प्रदर्शनी शुरू

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। किसान मेला -सह- कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला -सह- प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री विनोद कुमार सिंह, अपर समाहर्त्ता, वैशाली के कर कमलों द्वारा किया गया। डा० वेद नारायण सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, वैशाली द्वारा बुके एवं अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। अपर समाहर्त्ता, वैशाली द्वारा कृषि प्रदर्शनी, यांत्रिक स्टॉल एवं आत्मा के समूहो द्वारा तैयार किये गये उत्पाद, मोटे अनाज की सामग्री इत्यादि का निरीक्षण करते हुये मेले में भाग लेने वाले कृषकों को लाभ उठाने का अनुरोध किया। कृषि प्रदर्शनी में कृषकों द्वारा लाये गये प्रदर्श आलू, फूलगोभी, बंधगोभी, मूली, गाजर, पपीता, गेन्दा, डहेलिया, सेम, लौकी, बैगन, मशरूम, शलगम, नीम्बू, केला, टमाटर इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा उद्घाटन सत्र में जानकारी दी गयी कि कृषि यंत्र ट्रैक्टर, रोटा वेटर, पावर टीलर, रीपर, गटोर, नेपसेक इत्यादि हेतु लॉटरी सिस्टम से चयनित कृषकों को अनुदानित दर पर मेला में ही यंत्र वितरित किया जायेगा। मेले में तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ वैज्ञानिक द्वारा कृषकों को गरमा फसलों एवं गरमा सब्जियों की खेती एवं उनमें लगने वाले रोगो के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। सहायक निदेशक, (रसायन) श्री शिवेश मिश्रा द्वारा मिट्टी जाँच के लाभकारी गुणों से कृषकों को अवगत कराया गया। मेले में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, हाजीपुर सुश्री रिंकी कुमारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, महुआ श्री रविरंजन कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, महनार - श्री इन्द्रजीत कुमार, पौधा संरक्षण निरीक्षक श्रीमती उषा किरण, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण - श्री अजीत कुमार शरण, उप परियोजना निदेशक श्री रमण कुमार एवं श्री सियाराम साहू, जिले के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के साथ आत्मा, वैशाली के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के सभा कक्ष में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन आत्मा मधेपुरा के द्वारा किसानों के बीच कराया गया ।जिसमें मुख्य रूप से किसानों को विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण पटना के बकरी पालन विशेषज्ञ संजय कुमार के द्वारा दी गई। बताते चलें कि आत्मा मधेपुरा के द्वारा किसानो के लिए पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसमें बकरी पालक कृषकों ने समय पर उपस्थित होकर बकरी पालन की आवश्यकता क्यों ,बकरी कैसे पालन किया जाए ,बकरी पालन करने से स्वरोजगार का उन्मुखीकरण



कैसे होगा तथा बैंक के द्वारा बकरी पालन करने वाले कृषकों को अनुदान की राशि कैसे मिलेगी इन पांच दिनों में कृषकों ने विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया ।वही अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि किसानों के लिए बकरी पालन एक आमदनी का स्रोत है, प्रशिक्षण के माध्यम से जो भी तकनीकी जानकारी कृषक बंधु को प्राप्त हुई है ,उसका बकरी पालन में भरपूर सहयोग लेंगे ।वहीं बताया कि किसान के लिए बकरी पालन में भी अनुदान की राशि सरकार के द्वारा मुहैया कराई जाती है ।इसके लिए किसानों को प्रोजेक्ट डिटेल के साथ आवश्यक दस्तावेज बैंक को उपलब्ध कराई जाती है ।तत्पश्चात बैंक के द्वारा प्रोजेक्ट के आधार पर ऋण दिया जाता है ,वहीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किए किसानों के बीच प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया ।इस मौके पर कृषि समन्वयक कौशल कृष्णा अंबेडकर ,अंबुज कुमार कृषिकर्मी स्वतंत्र कुमार पासवान ,राजीव कुमार चौधरी, कुंदन कुमार ,कुंज बिहारी शास्त्री बकरी पालन कृषक राजीव कुमार यादव ,पंकज पासवान ,सीमा देवी आदि सैकड़ो कृषकों ने भाग लिया।

सम्पादकीय

## ये आंकड़े चुनावी हैं?

उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने आर्थिक वृद्धि संबंधी आंकड़ों में कई संशोधन किए और नतीजा हुआ कि भारत के 2023-24 के आंकड़ों में चमत्कारिक वृद्धि हो गई। पिछले महीने एनएसओ ने यह वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अब इसे बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। बताया गया कि वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में अनुमानित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) को बढ़ा कर 6.9 प्रतिशत पर रखा गया है। तो यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिर बाकी संशोधन किस आधार पर किए गए। एनएसओ ने 2022-23 में दर्ज हुई जीडीपी वृद्धि दर को घटाकर अब 7.2 से 7 प्रतिशत कर दिया है। जाहिर है, जब आधार नीचे हुआ, तो इस वर्ष की वृद्धि दर ऊंची हो गई। वैसे संशोधन 2021-22 (कोरोना महामारी के ठीक बाद वाले साल) के आंकड़ों में भी किया गया, जिसे अब 9.1 से बढ़ाकर 9.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो चूंकि वह आधार ऊंचा हुआ, तो अगले वर्ष की वृद्धि दर गिर गई। उधर पिछले वित्त वर्ष के बारे में बताया गया था कि जीवीए वृद्धि 7 प्रतिशत रही। लेकिन अब इसे घटा कर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो यहां भी आधार नीचे हुआ। उससे चालू वित्त वर्ष का अनुमान ऊंचा हो गया। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा?यह देखकर कहानी कुछ और रहस्यमय हो जाती है कि एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष में निजी उपभोग में अब सिर्फ तीन प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया है, जबकि जनवरी में जारी आंकड़ों में इसके 4.4 प्रतिशत रहने का अंदाजा लगाया गया था। उधर कृषि क्षेत्र के जीवीए में 0.8 फीसदी की गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है, जबकि पूरे वर्ष में महज 0.7 प्रतिशत वृद्धि की बात कही गई है। फिर भी संभवतः कुछ चुने हुए आंकड़ों के आधार पर खुशहाली की कहानी बुनी गई है।

## कांग्रेस में सीटिंग गेटिंग का फॉर्मूला

एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी थोक के भाव सांसदों की टिकट काटने जा रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस यथास्थिति रखने वाली है। पार्टी के जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस इस बार शायद की किसी सांसद की टिकट काटेगी। राज्यों से भी सभी मौजूदा सांसदों के नाम की सिफारिश की जा रही है। कांग्रेस के साथ मुश्किल यह है कि उत्तर भारत के राज्यों में उसके गिनती के सांसद हैं। उनमें से भी झारखंड की सिंहभूम सीट से जीती कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा भाजपा में चली गई हैं तो उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से जीतीं सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ेंगी। वे राज्यसभा में चली गई हैं। इसलिए इन दो सीटों पर नए उम्मीदवार देने होंगे। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के नकुलनाथ इकलौते सांसद हैं, जो छिंदवाड़ा से जीते थे। वे इस बार भी लड़ेंगे और छत्तीसगढ़ के दोनों सांसदों-कोरबा की ज्योत्सना चरणदास महंत और बस्तर के दीपक बैज को फिर से टिकट मिलेगी। कर्नाटक में कांग्रेस सिर्फ एक बेंगलुरू ग्रामीण सीट से जीती थी। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश उस सीट से सांसद हैं और फिर से उनको ही इस सीट पर लडा है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं, जिसमें 15 सीटें कांग्रेस की थी। इस बार केरल प्रदेश कमेटी ने सभी 15 मौजूदा सांसदों को फिर से टिकट देने का प्रस्ताव पार्टी आलाकमान को भेजा है। इसमें राहुल गांधी की वायनाड सीट भी है। तेलंगाना में कांग्रेस तीन सीटों पर जीती थी। रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री बनने और एन उत्तम कुमार रेड्डी के मंत्री बनने से दो सीटें खाली हुई हैं। वहां नए उम्मीदवार होंगे लेकिन तमिलनाडु में सभी नौ सांसदों को रिपीट किए जाने की खबर है। बिहार में कांग्रेस एकमात्र किशनगंज सीट जीती थी, जहां से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को फिर से टिकट मिलेगी। पश्चिम बंगाल की दोनों सीटों- बहरामपुर और माल्दा दक्षिण पर मौजूदा सांसद- अधीर रंजन चौधरी और अबू हाशिम खां चौधरी ही चुनाव लड़ेंगे।

## एमएसपी को कानूनी दर्जे से मजबूत होगी कृषि

-अरविंद सरदाना-

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यतः गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं- वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। एमएसपी का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी एमएसपी से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंशकालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है। दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी एमएसपी नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल एमएसपी के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी। उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव एमएसपी के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले। नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष एमएसपी की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोडकर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 एमएसपी फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे। इसे अनिवार्य करने के लिए एमएसपी की घोषणा से उपार्जन को जोडा होगा और केंद्र द्वारा संचालित एफसीआई को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूं और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में एफसीआई का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा जहां आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है।

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है। ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है।





**आशीष वशिष्ठ-**
लेखक स्वतन्त्र पत्रकार हैं

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है। ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता।

# अब गांधी का नहीं मोदी परिवार भी.....

हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेहरू-गांधी परिवार का खात्मा करने की अविराम कोशिश करते-करते संघ परिवार का ही खात्मा कर बैठे। उन्होंने संघ परिवार के स्थान पर मोदी परिवार का नारा दिया है। स्वर्ग में बैठे संघ के संस्थापक मान्यवर डॉ केशव बलिराम हेडगेवार आंसू बहा रहे हैं। वे अपनी आंखों के सामने संघ परिवार की साख पर मोदी परिवार की कोंपलें फूटते देख रहे हैं। मै हर तरह के। परिवारवाद के खिलाफ रहा हूं किन्तु परिवार के खिलाफ कभी नहीं रहा। परिवार का सुख गृहत्यागी क्या जाने? बाझ के जानि प्रसव की पीड़ा? बहरहाल हम मोदी जी के नये परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हम किसी के परिवार को कोसते नहीं हैं। परिवारवाद हर वाद से ज्यादा लोकप्रिय है। दुनिया भर में समाजवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद अस्तित्व में हैं किन्तु परिवार सबमें हैं। अंबानी अपने बेटे को अपना उत्तराधिकारी बनाते हैं। तो बाकी भी ऐसा ही चाहते हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है। मोदी जी के भी जब शितकेश हो गये तो उन्हें भी स्वाभाविक है कि परिवार की चिंता सताने लगी होगी। बिना परिवार के उनका नाम, वंश आखिर कैसे आगे बढ़ेगा? मोदी जी अब तक देश पर जादू की लकड़ी घुमा रहे थे।





**राकेश अचल-**
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नसीब खराब हो तो त्रिदेव भी आपकी मदद नहीं कर सकते। कम से कम हम भारतीय गण तो ये मानकर चलते हैं। हानि, लाभ, जीवन, मरण, जस, अपजस भले ही विधि के हाथ हो लेकिन जो विधि लिखा लिलार, सो बदल नहीं सकता। पूरे 44 साल से नेहरू-गांधी के बहाने राजनीति में परिवारवाद को पानी पी-पीकर कोसने वाले भी आखिर में परिवारवाद के शिकार हो गए। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी भरे-पूरे परिवार में जन्मे लेकिन अपना परिवार नहीं बना पाए। उनके घर वालों ने मोदी जी का पाणिग्रहण संस्कार भी कराया किंतु उनके लिलार में परिवार बढ़ाना, चलाना विधि ने लिखा ही नहीं। मोदी जी भी अपना गम गलत करने संघ परिवार में शामिल हो गए। कोई माने या न माने किंतु मैं मानता हूं कि भारत में नेहरू-गांधी परिवार से भी बड़ा संघ परिवार है। संघ परिवार में पाणिग्रहण का संस्कार नहीं होता लेकिन परिवार बढता रहता है। संघ परिवार के सदस्य भले ही रक्त संबंधी न हों लेकिन एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं। यानि एक-दूसरे के लिए मर भी सकते हैं और मार भी सकते हैं। ऐसा हमेशा से होता आ रहा है। लेकिन अब शायद नहीं हो पाएगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेहरू-गांधी परिवार का खात्मा करने की अविराम कोशिश करते-करते संघ परिवार का ही खात्मा कर बैठे। उन्होंने संघ परिवार के स्थान पर मोदी परिवार का नारा दिया है। स्वर्ग में बैठे संघ के संस्थापक मान्यवर डॉ केशव बलिराम हेडगेवार आंसू बहा रहे हैं। वे अपनी आंखों के सामने संघ परिवार की साख पर मोदी परिवार की कोंपलें फूटते देख रहे हैं। मै हर तरह के। परिवारवाद के खिलाफ रहा हूं किन्तु परिवार के खिलाफ कभी नहीं रहा। परिवार का सुख गृहत्यागी क्या जाने? बाझ के जानि प्रसव की पीड़ा? बहरहाल हम मोदी जी के नये परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हम किसी के परिवार को कोसते नहीं हैं। परिवारवाद हर वाद से ज्यादा लोकप्रिय है। दुनिया भर में समाजवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद अस्तित्व में हैं किन्तु परिवार सबमें हैं। अंबानी अपने बेटे को अपना उत्तराधिकारी बनाते हैं। तो बाकी भी ऐसा ही चाहते हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है। मोदी जी के भी जब शितकेश हो गये तो उन्हें भी स्वाभाविक है कि परिवार की चिंता सताने लगी होगी। बिना परिवार के उनका नाम, वंश आखिर कैसे आगे बढ़ेगा? मोदी जी अब तक देश पर जादू की लकड़ी घुमा रहे थे। अब उन्होंने संघ परिवार पर ही जादू की लकड़ी घुमा दी है। मोदी परिवार का नारा देकर उन्होंने संघ परिवार की इतिश्री कर दी है। मोदी जी को इस साहसिक कदम के लिए हार्दिक बधाई बनती है। राजनीति में अजर-अमर होने के लिए परिवार एक जरूरी इकाई है। मोदी जी को भी आखिर परिवार चाहिए। वे अच्छी तरह जान गये हैं कि संघ परिवार उनका अपना परिवार नहीं है। संघ परिवार में तो शाखामृग होते हैं। मोदी जी तो शेर भी है और सवा सेर भी। उनके नाम का अलग परिवार होना ही चाहिए। मोदी जी का परिवार सबसे बड़ा और बलशाली हो इसके लिए मोदी जी का तीसरी बार सत्ता में आना आवश्यक है। मोदी जी संघ परिवार पर यकीन नहीं कर सकते। उनके लिए नीतीश कुमार भी काबिले यकीन नहीं हैं। बाबा यानि योगी आदित्यनाथ पर भी उन्हें शायद भरोसा नहीं है।अब शेष भारत को तो छोड़ दीजिए, देखना ये है कि संघ परिवार के कितने लोग अपनी सोशल मीडिया बल्दियत में मोदी जी का नाम लिखते हैं? देखना ये भी है कि संघी भाई अब अपने आपको मोदी भाई कहलाना पसंद करेंगे या नहीं? अब भविष्य की कल्पना कीजिए। जब संघ परिवार की जगह मोदी परिवार चलेगा तो संघ की शाखाओं का नाम भी स्वतः मोदी शाखा हो जाएगा। संघ की वर्दी भी मोदी जी की वर्दी बन जाएगी। इसके लिए किसी अध्यादेश की जरूरत थोड़े ही है। याद रहे कि संघ परिवार अगले साल 2025 में शतायु होने को था किन्तु मोदी जी ने उसे सचिन तेंदुलकर की तरह 99 साल में ही निबटा दिया। भारतीय राजनीति में परिवारवाद के नफा-नुकसान से पूरी दुनिया वाकिफ हैं, सिवाय भारतीयों को छोड़कर। भारत में कोई भी क्षेत्र हो परिवारवाद का शिकार है। राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय राजनीतिक दल भी परिवारवाद के गुलाम हैं। कोई दूध का धुला नहीं है। 2024 का आम चुनाव ही आम आदमी को ये मौका दे रहा है कि वो देश की राजनीति को हर हाल में, हर तरह के परिवारवाद से मुक्त कराए। भले ही वो कैसा भी परिवारवाद हो। वैसे हम पूरी वसुधा को अपना कुटुम्ब मानते हैं। इसलिए परिवारवाद हमारे डीएनए में हजारों साल से मौजूद हैं।

# क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?

**अजय कुमार-**

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।

चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की ह्यफौजह्ल तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है। 2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया। उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए। 2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने। लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ। 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे, लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने कहा, पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी। मैं समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गया हूं और अब यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी को मजबूत करूँ और अखिलेश यादव का समर्थन करूँ। मुझे यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा। हम सेक्युलर लोगों के साथ रहना चाहते हैं। ह्यह्ल गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से साल 2012 और 2017 में बीएसपी के विधायक रह चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। उन्होंने 2014 और 2022 का लोकसभा उपचुनाव क्रमशः सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़ा था। इसके अलावा अन्य सांसद रितेश पांडेय ने गत दिनों पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की तो इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं। पार्टी के कई सांसदों के बारे में ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनकी निष्ठा बदल चुकी है। हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा न हो जाए तब तक ऐसी अटकलों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती। मगर बीएसपी चीफ मायावती ने खुद यह कहकर इन खबरों को कुछ हद तक प्रामाणिकता दे दी है कि अपना हित साधने में लगे ऐसे सांसदों को पार्टी टिकट दे भी तो क्यों?2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में रहकर बीएसपी ने यूपी की 10 सीटें जीती थी। उनमें से 6 सांसद या तो बसपा छोड़ चुके हैं या स्पष्ट संकेत दे चुके हैं कि वह नया विकल्प तलाशेंगे। बीएसपी के दो और सांसदों के जल्द पाला बदलने की अटकलें हैं। इनमें से एक पश्चिमी यूपी के सांसद हैं, जो अब अपना भविष्य जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोक दल में देख रहे हैं। आरएलडी हाल ही में भाजपा के साथ आ चुका है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार-ट्रक टक्कर में बच्ची समेत तीन व्यक्तियों की मौत, छह अन्य घायल

कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर बारात से वापस आ रही तेज रफ्तार कार एवं खड़े एक ट्रक में टक्कर हो जाने से सात वर्षीय बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सिराथू के क्षेत्राधिकारी (सीओ) अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी कस्बा से एक बारात फतेहपुर जिले के हथगांव गई थी। उन्होंने कहा कि आज सुबह बारात से वापस लौटते समय चालक को झपकी आ जाने के कारण कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। उन्होंने कहा कि कार में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। विश्वकर्मा ने बताया कि डॉक्टरों ने दिव्यांशी (सात), हरेंद्र शर्मा (55) तथा राजकुमार (45) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल छह लोगों में से चार को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया है।

### बलिया में अवनीनाथ महादेव मंदिर के बुजुर्ग पुजारी का शव झाड़ी में मिला

बलिया जिले में बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में मंगलवार सुबह एक पुजारी का शव झाड़ी में पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसके अनुसार बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में मंगलवार सुबह बाबा अवनीनाथ महादेव मंदिर के पुजारी सिंगारी दास (72) का शव मंदिर से थोड़ी दूर झाड़ी से बरामद किया गया। मंगलवार सुबह अवनी नाथ बाबा की पूजा-अर्चना करने जाने वाले लोगों की नजर सड़क के किनारे पड़े इस शव पर पड़ी तो ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अनिल कुमार झा ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है। उन्होंने बताया कि पुजारी के नाक से रक्तस्राव दिख रहा है तथा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एएसपी ने बताया कि पुजारी सिंगारी दास बड़सरी गांव के ही निवासी थे तथा तकरीबन तीस वर्षों से बाबा अवनीनाथ शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे।

### उप्र : योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार का मंगलवार शाम होगा पहला मंत्रिमंडल विस्तार

उत्तमर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंगलवार शाम को पहली बार मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, जिसमें कम से कम चार मंत्रियों को शपथ दिलाये जाने की संभावना है ! राजभवन के सूत्रों ने बताया कि शाम पांच बजे कम से कम चार मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। हालांकि एक सूत्र ने पांच मंत्री बनाये जाने की उम्मीद जतायी है। सूत्रों ने बताया कि योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल (2022-2027) के पहले विस्तार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के एमएलसी दारा सिंह चौहान तथा साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा समेत कम से कम चार मंत्रियों को शपथ दिलाये जाने की संभावना है।

### योगी सरकार ने एससीआर गठन के अध्यादेश को दी मंजूरी

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी है।ुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि जो राज्य राजधानी क्षेत्र हैं खासतौर पर बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव सहित वो जिले जो लखनऊ के पड़ोसी हैं वहां अनियोजित विकास न हो। इसका उद्देश्य ये है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। उन्होने बताया कि इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

# उप्र : ओमप्रकाश राजभर, दारा चौहान, सुनील शर्मा और अनिल कुमार ने मंत्री पद की शपथ ली

लखनऊ, एजेंसी



उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंगलवार शाम को पहली बार हुए मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान समेत चार मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंगलवार शाम पांच बजे यहां राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चारों को कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल (2022-2027) के पहले विस्तार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पुरकाजी के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के विधानपरिषद सदस्य दारा सिंह चौहान तथा गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है।राजभर गाजीपुर जिले के जहूराबाद क्षेत्र से विधायक हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2022 में मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 18 कैबिनेट मंत्री हैं तथा 14 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्य मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल अधिकतम 60 मंत्रियों की सीमा के भीतर 52 सदस्य हैं। इस विस्तार के माध्यम से भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न जातियों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाने की पहल की है। राजनीतिक जानकार इसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के सापेक्ष एक नया पीडीए फामूर्ला मान रहे हैं जिसमें पीडीए का निहितार्थ पिछड़ा, दलित और अगड़ा के रूप में निकाला जा रहा है। शपथ लेने वालों में राजभर और चौहान अति पिछड़ी जाति तथा अनिल कुमार अनुसूचित जाति (दलित) और सुनील शर्मा ब्राह्मण (अगड़ा) समाज से आते हैं। राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत सिंह चौधरी ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की थी और औपचारिक रूप से राजग में शामिल हो गए थे। हाल तक विपक्षी दलों के समूह "इंडिया" का हिस्सा रहे जयंत सिंह पिछले कुछ समय से भाजपा के निकट होते दिख रहे थे और उनके पितामह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा "भारत रत्न" दिये जाने के बाद यह करीबी बढ़ती गयी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद 16 जुलाई 2023 को राजग में अपनी वापसी की घोषणा की थी। राजभर ने 2017 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन बाद में उनके रिश्ते खराब हो गये और वह योगी सरकार से इस्तीफा दे दिया था। राजभर ने 2022 में सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और पिछले वर्ष सपा से गठबंधन तोड़कर पुनः राजग का हिस्सा बन गये। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली सरकार में वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान ने 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले मंत्री पद और भाजपा से इस्तीफा देकर सपा का दामन थाम लिया और 2022 में वह मऊ जिले की घोसी से विधानसभा सदस्य चुने गये थे। बाद में वह सपा और विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में लौट आये। घोसी उपचुनाव चौहान के इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया था। सितंबर 2023 में दारा सिंह चौहान घोसी उपचुनाव में सपा के सुधाकर सिंह से 42,759 वोटों के अंतर से हार गए थे और इसके बाद भाजपा ने उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाया। घोसी पहले वह मधुबन विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न



● पार्टी की नितियों को जन-जन तक पहुचाएं सभी कार्याकर्ता: सत्यपाल तोमर

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय कैलसा रोड रौनक वाटिका के पीछे अमरोहा पर संपन्न हुई। जिसमें बोलते हुए जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष सभी को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए हम लोगों को गांव गांव जाकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की नीतियों को बताना है अब क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव का बिगुल बजाने वाला है भारतीय जनता पार्टी एनडीए गठबंधन से अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से चौधरी कंवर सिंह तंवर को प्रत्याशी घोषित किया है हम सभी सुभासपा कार्यकताओं का दायित्व बनता है की गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने के लिए गांव-गांव जाकर सरकार की नीतियों का बखान करना है एनडीए गठबंधन का नारा है कि अबकी बार 400 पर उसको साकार करने के लिए हमें जी तोड़ मेहनत करनी है किसी क्रम में आगे बोलते हुए कहा कि आज बहुत ही हर्ष का विषय है की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री की शपथ ले रहे हैं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओ पदाधिकारी गणों में बहुत ही हर्षोल्लास है कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और बधाई शुभकामनाए दी बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर, आदेश अमरोही पंडित राम अवतार शर्मा बाबर शबाब अफ्फान चौधरी, जगबीर सिंह चौहान, इस्लामुद्दीन इदरीसी ,नदीम अख्तर, मोहमद यूनुस सैफी प्रधान, मोहमद नाजिम, रामगोपाल अशोक कुमार, जगत सिंह गुर्जर बिल्लू गुजर, समीर, सुहेल साबरी, डा0 दानिश सनी सहगल साहिल दीक्षित सिकन्दर राजा शामी सोनू कुमार, मौजूद रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल से की शिष्टाचार भेंट

**विकसित भारत के संकल्पना को साकार करने के लिए हम सब संकल्प बद्ध होकर समर्पित: तवंर**



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अमरोहा लोकसभा के गजरौला नगर प्रवास के दौरान पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल से शिष्टाचार भेंट कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने एवं आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में पुनः कमल खिलाने एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पना को साकार करने के लिए हम सब पूर्ण रूप से संकल्प बद्ध होकर समर्पित हैं। पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल ने लोकसभा चुनाव में अमरोहा में पुनः कमल खिलाने एवं प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पना को साकार करने हेतु चुनाव में मुझे पूर्ण रूप से समर्पित होकर समर्थन करने का वचन दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के साथ भाजपा के जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, रामचंद्र सिंह, वेदपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह स्टेट, पार्टी के पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे इसके पश्चात माननीय पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर ने अमरोहा लोकसभा के गजरौला निवासी प्रदीप मित्तल के सुपुत्र यश मित्तल के दुखद निधन की हृदयविदारक सूचना प्राप्त होने पर उनके आवास पर पहुंच दिवंगत पुण्यात्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मेरी सारी संवेदनाएं उनके शोकाकुल परिवारजनों के साथ है। प्रभु श्री राम दिवंगत पुण्यात्मा को अपने गोलक धाम में स्थान एवं समस्त शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दुख की घड़ी में माननीय पूर्व सांसद व भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर जी के साथ भाजपा के मा. जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, रामचंद्र सिंह, विरेन्द्र चौधरी, अंकुर नागर, रामरतन सिंह जाटव, डॉ० आशुतोष, महेश प्रधान, विचित्र भाटी, डॉ० उत्तम सिंह प्रजापति, राजीव शुक्ला, व अन्य स्वजन उपस्थित रहे।

## नायब तहसीलदार के विरुद्ध अधिवक्ता लामबंद, न्यायालय का कार्य बहिष्कार



प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर। नायब तहसीलदार हसनपुर द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 में वर्णित प्रावधानों के विपरीत, मनमाना रवैया एवं हठधर्मिता पूर्वक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने हेतु एवं नामांतरण वादों को उलझाने के विरुद्ध तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के द्वारा अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में वार्ता की गयी, वार्ता नकारात्मक रही।वार्ता में मुख्य रूप से तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, तहसीलदार सुदीप कुमार तिवारी,नायब तहसीलदार भारत प्रताप, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह,श्योराज सिंह राणा,वीर सिंह प्रजापति, सुनील भटनागर, महीपाल सिंह, मुजाहिद हुसैन, नरेशपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, मेघराज सिंह,आफताब आलम,रामचंद्र सिंह,फतेह सिंह,धीरेन्द्र सिंह, केशव राव प्रजापति,रमेश चंद्र, विनोद कुमार त्यागी,सुहेल अब्बास,संदीप कुमार,केदारनाथ, विजेन्द्र सिंह,महबूब आलम, विनीत कुमार,संजीव कुमार, वीरेंद्र सिंह, नंदराम सिंह सागर, संजय चौहान, देवेन्द्र कुमार शर्मा, यामीन अली, अनूप सिंह, पुनीत, अमानुल्लाह खां, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के अध्यक्ष जी द्वारा निर्णय लिया गया है कि अग्रिम बैठक/आदेशों तक तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के समस्त सम्मानित अधिवक्तागण न्यायालय नायब तहसीलदार हसनपुर में कार्य बहिष्कार पर करेंगे। 07 मार्च को तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर की आम सभा समय पूर्वाह्न 11:45 बजे आयोजित की जाएगी।आवश्यकतानुसार हड़ताल एवं आन्दोलन के लिए अधिवक्तागण के सुझावों पर अमल किया जाएगा।

## अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर किया विरोध-प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। सदर तहसील में मांगों को लेकर मंगलवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर विरोध-प्रदर्शन किया। तहसील कार्यालयों में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर मांगों का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।सदर तहसील बार एसो. पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को बार रूम में हुई। अध्यक्ष प्रमोद कुमार भटनागर ने तहसील कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार के अलावा अधिवक्ताओं व पक्षकारों से जुड़े मुद्दों प्रमुखता से उठाया। कहा कि एसडीएम कोर्ट में पहले की तरह धारा 116 व 144 के वाद दायर होने के बाद स्थगन प्रार्थना पत्र अस्थाई रूप से स्थगन आदेश पारित नहीं किया जा रहा है। इसी कारण पक्षों के बीच तनाव बढ़ रहा है। प्रभावशाली पक्षकार दौराने मुकदमा खुलेआम निर्माण कार्य करा रहे हैं। विवादित जमीनों की चौहददी खोलकर बैनामे भी हो रहे हैं। इस कारण कमजोर पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है। धारा 80 के वादों में अनैतिक रूप से पक्षकारों पर नाजायज दबाव बनाया जा रहा है, जो सरासर गलत है। जांच के बहाने तहसील कर्मी पक्षकारों का उत्पीड़न कर रहे हैं। अधिवक्ता इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। एसडीएम कोर्ट में विचारधीन वादों में अंतिम बहस के बाद भी तय तारीख पर आदेश पारित नहीं किए जाने को लेकर भी विरोध जताया। मांगों पर सुनवाई न होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने का ऐलान करने वाले अधिवक्ताओं ने एसटीएम सुधीर कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने खराब मौसम से सर्वाधिक प्रभावित नौ जिलों को जारी किए 23 करोड़ रुपये



लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से अन्नदाताओं की क्षतिग्रस्त हुई फसलों के मुआवजे के तौर पर मंगलवार को 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि यह धनराशि अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से सर्वाधिक प्रभावित नौ जिलों के लिए जारी की गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में धनराशि भेजने के निर्देश दिये हैं। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। बयान के अनुसार जालौन, ललितपुर, महोबा, सहारनपुर, बांदा, बस्ती, झांसी, शामली और चित्रकूट के लिए यह धनराशि जारी की गयी है। राहत आयुक्त जी एस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए जबकि ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए तीन-तीन करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गयी है। उनके मुताबिक बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ और चित्रकूट के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उनका कहना था कि जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। मुआवजा प्राथमिक रूप से उन किसानों को दिया जाता है जिनकी 33 प्रतिशत से अधिक फसलें बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं।

## शाहजहांपुर में एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने आग लगाई, झुलसा

शाहजहांपुर, एजेंसी



शाहजहांपुर जिले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में मंगलवार को अपने ऊपर तरल पदार्थ डालकर कथित रूप से आग लगा ली, जिसके चलते वह झुलस गया। पुलिस ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया । पुलिस के अनुसार जिले के थाना क्षेत्र कांट कस्बे में ताहिर (45) आज दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय आया और उसने अपने ऊपर कोई तरल पदार्थ डालकर आग लगा ली जिसके बाद आनन-फानन में पुलिस कर्मियों ने आग को बुझाया। इस घटना में पीड़ित के पैर झुलस गए। पुलिस के मुताबिक ताहिर का जिले के सदर बाजार थाना क्षेत्र के नगरिया बहाव निवासी उमेश तिवारी से दो छोटी मालवाहक गाड़ियों की बिक्री के बाद लेनदेन का विवाद है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि ताहिर अली तथा उमेश तिवारी के मध्य जान-पहचान है तथा उनके व्यावसायिक संबंध हैं। उनके मुताबिक ताहिर अली का उमेश तिवारी के साथ दो छोटी "लोडर" गाड़ियों के स्वामित्व को लेकर विवाद न्यायालय में चल रहा है तथा दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर मुकदमा भी सदर बाजार में दर्ज कराया गया है जिनकी जांच की जा रही है। मीणा ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार के नेतृत्व वाली एक टीम कर रही है तथा जांच होने के बाद दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधिक का कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा, हम पूरे मामले को देख रहे हैं और इस मामले में जो भी दोषी होगा उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ताहिर ने बताया कि उसकी दो छोटी मालवाहक गाड़ियां उमेश तिवारी ने छीन ली हैं। उसके अनुसार उमेश तिवारी ने कुछ पैसा उसे ढाई साल में दिया है और वह उसकी गाड़ियां वापस नहीं कर रहा है। उसका कहना है कि इस संबंध में वह पुलिस से शिकायत भी कर चुका है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने "एक्स" पर एक पोस्ट में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा "शाहजहांपुर में पिकअप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज न करने से आहत जिस युवक ने एसपी कार्यालय के सामने अपने शरीर में आग लगाई है, उसको तत्काल सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा दी जाए और इसके लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जाए। इसी पोस्ट में यादव ने कहा, "जब प्राथमिक रिपोर्ट इतनी कम होती हैं तब तो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में प्रदेश की कानून-व्यवस्था की इतनी दुर्गति दिखाई देती है। अगर सच में हर अपराध की रिपोर्ट लिखाई जाए तो पता नहीं प्रदेश में तथाकथित अमृतकाल ही शर्म से आत्मदाह न कर ले।

## लव अफेयर में महिला की हत्या होने की आशंका, बीस टुकड़ों में मिला था शव

प्रात : किरण संवाददाता

नौगावां सादात। महिला की हत्या के मामले में अमरोहा कि नौगांवा सादात पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा कर सकती है। बताया जा रहा है कि जहां से महिला के कपड़े खरीदे गए थे, वहां तक भी पुलिस पहुंच गई है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी सर्विलांस समेत आठ टीम में लगी हुई हैं। महिला की हत्या करके आरोपी ने उसके बीस टुकड़े कर दिए थे। महिला गर्भवती थी, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। पुलिस का अनुमान है कि प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या की गई है। आरोपी के स्थानीय होने की ज्यादा उम्मीद है।बीते मंगलवार की सुबह नौगांवा सादात थानाक्षेत्र याहियापुर चौराहे से दो सौ मीटर दूर जंगल में यूकेलिप्टस पेड़ के नीचे झाड़ियों में दो बड़े कपड़े के थैले पड़े मिले थे। थैलों के आसपास पक्षी मंडरा रहे थे। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो दो थैलों में महिला के शव के कई टुकड़े थे।महिला ने सलवार और कुर्ता पहन रखा था। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पास में ही कपड़ों से भरा थैला भी पड़ा था। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। महिला की हत्या के खुलासे के लिए आठ टीमें काम कर रही हैं।महिला की पहचान के लिए दिल्ली एनसीआर, मुरादाबाद मंडल समेत कई जिलों की पुलिस से मदद ली जा रही है। सातवें दिन बाद भी पुलिस हत्यारों को पकड़ना तो दूर महिला की शिनाख्त करने में भी कामयाब नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के गर्भवती होने की पुष्टि हुई है।महिला की शिनाख्त नहीं होने की स्थिति में डीएनए सैंपल सुरक्षित किया गया है। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि खुलासे के लिए टीमें काम कर रही हैं। कुछ सबूत मिले हैं, जल्द खुलासा किया जाएगा।

## यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मिली मंजूरी

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुये मंगलवार को ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें पांच हजार 45 करोड़ रुपए सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। ऐसे उद्योगों को 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले पांच उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे। अन्य राज्यों में भेजने या मंगाने पर भी 100 प्रतिशत तक बिलिंग और ट्रांसमिशन चार्जेस में छूट मिलेगी। साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में भी 100 प्रतिशत छूट का प्राविधान किया गया है।

## गोंडा में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के शव को रखकर प्रदर्शन

गोंडा, एजेंसी

उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के छपिया थानाक्षेत्र में दो दिन पूर्व हुई एक निजी कॉलेज के प्रधानाचार्य की हत्या से आक्रोशित बच्चों और अभिभावकों ने शव को चौराहे पर रखकर प्रदर्शन किया तथा आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी करने एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्ती लेकर "दिनेश यादव को इंसाफ दो, आरोपियों को फांसी दो" का नारा लगाते हुए धरना दिया। मनकापुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) की अगुवाई में कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर प्रदर्शन खत्म करवाया। सीओ ने एक नामजद अभियुक्त की जल्द गिरफ्तारी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने सोमवार को बताया था कि सी डी यादव इंटर कॉलेज (सिसहनी) में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत फूलपुर गांव के दिनेश यादव (32) अपने रिश्तेदार एवं कॉलेज के प्रबंधक आज्ञाराम यादव के यहां रविवार को एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के छपिया थाना क्षेत्र के चांदा रत्ती गांव आए हुए थे। रविवार रात को करीब 12 बजे जयमाल कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह घर से थोड़ी दूर गांव के बाहर दुकान के बरामदे में सो गये थे। जायसवाल ने बताया कि बीते दिनों हुए आपसी विवाद को लेकर सिसहनी गांव निवासी दो लोगों झ अजय वर्मा एवं राज सिंह ने दिनेश यादव को गोली मार दी, जिनकी अस्पताल में मौत हो गयी। मृतक प्रधानाचार्य के ममेरे भाई अरुण कुमार यादव ने पत्रकारों को बताया कि बीते 26 जनवरी को हत्या के आरोपियों ने सी डी इंटर कॉलेज सिसहनी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी की थी और इसकी जानकारी मिलने पर प्रधानाचार्य ने दोनों आरोपियों को बुलाकर ऐसा करने से मना किया था और उन्हें कॉलेज से बाहर निकाल दिया था। अरूण कुमार यादव के मुताबिक बाद में इंटर कॉलेज में जाकर आरोपी अजय वर्मा ने प्रधानाचार्य के सीने पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायत पर मौके पर पहुंची छपिया थाने की पुलिस दो आरोपियों को पकड़ ले गई थी, लेकिन गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बजाय शांति भंग में चालान कर दिया था, जिससे उन्हें तत्काल जमानत मिल गई थी और फिर उनके हौसले बुलंद हो गए एवं उन्होंने इस घटना का अंजाम दे दिया। प्रधानाचार्य और प्रबंधक के परिजनों की मांग है कि उनके परिवार को सुरक्षा मुहैया कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अगर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे आगे पुन बड़ी घटनाओं को अंजाम देंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

डुमरांव (बक्सर) नगर इकाई क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता ने नगर के जीवित लाभार्थियों के घर-घर दस्तक दे उन्हें मोदी की गारंटी तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कई वार्डों में जाकर जीवित लाभार्थियों से मुलाकात किए। इस दौरान उन्हें भाजपा द्वारा जारी किए गए पत्रक, कार्ड आदि का वितरण किया गया तथा लाभुकों को बताया गया कि केन्द्र सरकार उनके लिए कौन कौन से लाभकारी योजनाएं चला रही है।

### रसोई गैस कालाबाजारी के आरोप में दो को हुई सजा

बक्सर (शाहाबाद) अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह की कोर्ट ने कमर्शियल गैस सिलिंडर की कालाबाजारी के आरोप में दो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए दो-दो वर्ष की सजा तथा पांच-पांच हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविंद चौबे ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ डुमरांव थाने में गैस कालाबाजारी का मामला दर्ज हुआ था। अभियुक्त जमुना शाह पिता रामकिशन शाह नेनुआ, एवं पप्पू भारती पिता जय किशन भारती हथेलीपुर दोनों अभियुक्त 5 जनवरी 2019 को मां दुमरेजणी इंटरप्राइजेज के नाम पर कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वर्धमान पश्चिम बंगाल से गैस लेकर डुमरांव एवं आसपास के गांव में कालाबाजारी कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम डुमरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बक्सर, एमओ डुमरांव ने संयुक्त छापेमारी की थी।

### महाशिवरात्रि पर शांति समिति की हुई बैठक

ब्रह्मपुर (बक्सर) 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाना है। इस अवसर पर ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसे देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ताकि विधि व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधाए देने के लिए डुमरांव एसडीओ ने मंगलवार को शांति समिति की बैठक बुलाई है। बैठक में ब्रह्मपुर के बीडीओ, नगर पंचायत ईओ, मुख्य पार्षद, सीओ, थानाध्यक्ष, अंचल निरीक्षक, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि सभी को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। वही एसडीओ ने थानाध्यक्ष व बीडीओ से शांति समिति के सदस्यों को बुलाने की बात भी कही है। यह बैठक मंदिर परिसर में अपराह्न दो बजे आयोजित होगा। जिसमें महाशिवरात्रि को ले विशेष चर्चा की जाएगी।

### डुमरांव के नए अनुमंडल पदाधिकारी बनें राकेश कुमार

डुमरांव (बक्सर) डुमरांव के एसडीएम कुमार पंकज का तबादला हो गया है। उनकी जगह कृषि विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी रहे राकेश कुमार को डुमरांव एसडीओ नियुक्त किया गया है। जबकि कुमार पंकज को गया जिले में आपदा विभाग में अपर समाहर्ता बनाया गया है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। बताते दें कि गृह विभाग ने सोमवार को बड़े पैमाने में पदाधिकारियों का तबादला किया है। इसी कड़ी में डुमरांव के एसडीएम का तबादला हुआ है। हालांकि, राज्य सरकार ने उन्हें पहले ही एडीएम रैंक पर प्रमोशन दे दिया था। लेकिन पदस्थापना नहीं की गई थी। नयें पदस्थापना के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही नये एसडीओ अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे।

### डिहरी आरएमएस कार्यालय नहीं हटाने के लिए रेलमंत्री को लिखा पत्र

डिहरी ऑनसोन (रोहतास) काराकाट के जदयू सांसद महाबली सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर डिहरी स्टेशन स्थित आरएमएस कार्यालय को स्थानांतरित नहीं करने का अनुरोध किया है। लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि यहां पर स्थापित रेल डाक सेवा कार्यालय रोहतास व कैमूर जिले के 50 उप डाकघर एवं लगभग 150 शाखा डाकघर के डाक कार्यों को संभालता है। सासाराम रेल डाक सेवा को 2007 में हटाने के बाद रोहतास व कैमूर जिलों के लिए यही एकमात्र रेल डाक सेवा कार्यालय अवस्थित है। डिहरी ऑन सोन, डीडीयू तथा गया के बीच सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला स्टेशन है। भौगोलिक दृष्टिकोण से रोहतास जिले की दक्षिण सीमा लगभग 120 किलोमीटर तथा उत्तर 70 किलोमीटर है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि अरुण शर्मा ने बताया कि सांसद ने जनहित में सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए डिहरी स्थित रेल डाक सेवा कार्यालय वर्तमान की तरह चालू रखने का रेल मंत्री से अनुरोध किया है।

# धूम्रपान और प्रतिबंधित गुटखा का भंडारण बिक्री करने पर होगी कार्रवाई : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



सासाराम (रोहतास) जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुप्तेश्वर धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी के संबंध में मंदिर परिसर में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, प्रखंड विकास पदाधिकारी चेनारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी चेनारी, अंचल अधिकारी चेनारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सासाराम, प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू, अंचल अधिकारी सासाराम सहित विभिन्न पदाधिकारी गण तथा न्यास समिति की सदस्य गण सम्मिलित रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा धार्मिक स्थल गुप्तेश्वर धाम के रास्ते का भी निरीक्षण किया गया। वहां रास्ते में श्रद्धालुओं के सुगम एवं समुचित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए तथा मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता के संबंध में भी गहनता से निरीक्षण किया गया। रास्ते में पड़ने वाले दुकानों की भी जांच की गई। जांच के क्रम में कोटपा अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित गुटका जैसी अवैध सामग्रियों की बड़ी मात्रा जब्त की गई जो लगभग चार बोरे से अधिक थे। इस क्रम में दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि धूम्रपान एवं प्रतिबंधित गुटके का भंडारण एवं बिक्री करना अवैध है। इसी प्रकार से विभिन्न पदाधिकारी द्वारा भी अलग-अलग टीम बनाकर के भी जांच की गई तथा अवैध सामग्रियों को जब्त किया गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई। जांच के क्रम में तीन दुकानों में अवैध शराब भी जब्त की गई तथा गांजा भी एक दुकान से जब्त किया गया। इन सभी जब सामग्रियों को चेनारी थाना को सुपुर्द किया गया तथा चार लोग संदेह के आधार पर भी पकड़े गए। जिनसे चेनारी थाना में पूछताछ की जा रही है तथा आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मंदिर परिसर में व्यापक अव्यवस्था पाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी तथा न्यास समिति को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर साफ सफाई दो पालियों में एक सुबह के 5:00 से 6:00 के बीच में तथा इसी प्रकार से अपराह्न में दूसरी पाली में 5 से 6 बजे के बीच में किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर डीएम ने गुप्तेश्वर धाम परिसर में पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया।

# सेमी राइफल के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया

प्रात : किरण संवाददाता



बक्सर (शाहाबाद)। जिले में हथियारों का प्रदर्शन प्रतिनिधियों एवं हथियारबंद समाजसेवियों के लिए आम हो चुका है। कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग की घटनाएं होने से निर्दोषों की जाने जा रही है। सोमवार के बीती रात जहां सिमरी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव में आई बारात के दौरान एक 12 वर्षीय मासूम बालक हर्ष फायरिंग का शिकार बना गया।

वही दूसरी तरफ सोमवार की देर रात नैनीजोर थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में पुलिस ने सेमी राइफल के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सूत्रों की माने तो पुलिस को ग्रामीणों द्वारा यह सूचना मिली कि जवही गांव में शादी समारोह में दबंग मुखिया प्रतिनिधि के शह पर कुछ लोग हथियारों का प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे है। सूचना के सत्यापन के बाद नैनीजोर थानाध्यक्ष फिरोज आलम पुलिस बल के साथ मौके पर घटना स्थल पहुच कार्रवाई शुरू किया। जिसके बाद पुलिस को देख हथियारबंद लोगों के बीच हड़कंप मच गई। वही पुलिस ने मौके से सेमी राइफल के साथ बिहारी यादव नाम के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। जबकि, कई लोग हथियार सहित मौके से भागने में सफल रहे। वही इस मामले को लेकर डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने सख्त रुख अख्तियार किया है। डीएसपी के निर्देश पर दबंग मुखिया प्रतिनिधि की भूमिका की जांच में पुलिस जुट गई है। इस संबंध में डीएसपी का कहना है कि कोई भी व्यक्ति यदि हर्ष फायरिंग अथवा हथियारों का प्रदर्शन करता है तो उसे बख्शा नहीं जायेगा।

# सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने भोजपुर के विभिन्न मंदिरों में किया दर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आरा के जैन मंदिर श्री 1008 अतिशयकारी चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर आरा में संध्याकाल में एकबार पुनः देवाधिदेव श्री चंद्र प्रभु भगवान और भगवती राज राजेश्वरी माता ज्वालामालिनी के पावन चरणों में संजय करौल न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली, अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ पधारे जहा सकल दिगंबर जैन समाज आरा की ओर से मंदिर प्रबंधन आदित्य विजय जैन ने सभी का स्वागत किया गया। प्रखंड के बखोरापुर स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में देश के सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश संजय करौल सोमवार को अपने पूरे परिवार जनों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने बड़े ही विधि विधान पूर्वक मां काली सहित प्रांगण में स्थित सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना की। न्यायाधीश श्री करौल पहले पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। तब भी वे बखोरापुर मंदिर में पूरे परिवार जनों के साथ दर्शन-पूजन करने आए थे।

बताया जाता है कि न्यायाधीश महोदय बक्सर के किसी मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत ब्रह्मपुर स्थित ब्रह्मेश्वर नाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना किये। फिर बखोरापुर मंदिर पहुंचे थे। बखोरापुर मंदिर में उनके आगमन पर प्रोटोकोल के तहत पुलिस प्रशासन का बड़ा अमला तत्पर दिखा। इसके अलावा उन्होंने माता अरण्य देवी मंदिर भी गए। यहां माता अरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव अरविंद पांडेय और पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार सिंह ने सभी सदस्यों ने उन्हें चादर पुष्प और मां अरण्य देवी का फोटो देकर सम्मानित किया। मौके पर आरक्षी अधीक्षक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक दंडाधिकारी, आरक्षी उपाधीक्षक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# तेज रफ्तार वाहन की भेंट चढ़ी महिला, मौत

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के करुप गांव के समीप सोमवार की देर रात मांगलिक कार्यक्रम से घर लौटने के क्रम में एक महिला को अज्ञात वाहन रौंद फरार हो गया। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद तत्काल पहुंच पुलिस ने शव को कब्जा में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करुप निवासी लक्ष्मण चौधरी की 58 वर्षीय पत्नी कालिका देवी अपने पोता बिट्टू कुमार के साथ मांगलिक कार्यक्रम से रात्रि में अपने घर लौटने के लिए सड़क पार कर रही थी । उक्त क्रम ही बिक्रमगंज-डेहरी मुख्य सड़क पार करते समय बिक्रमगंज तरफ से आ रहें अज्ञात वाहन ने महिला को रौंदते हुए निकल गया। घटना के बाद मृतक के घर सहित पास पड़ोस में मातमी सन्नाटा पसर गया। पड़ोसी के घर चल रहा मांगलिक कार्यक्रम में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर पहुंचे वार्ड पार्षद सुरेश माली सहित अन्य जनप्रतिनिधि उक्त वाहन की जब्ती , चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग करने लगे। आक्रोषित लोगों ने मुख्य सड़क घंटो जाम कर दिया । अधिकारियों के आश्वासन के बाद घटनास्थल से शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को उठाने दिया। काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि मामले की जांच किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। आगामी 09 मार्च, 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में आमजन के बीच व्यापक प्रचार प्रसार हेतु व्यवहार न्यायालय परिसर के गेट संख्या एक से जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर, आरा ब्रजेश कुमार मालवीय द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया की बैंकों के सहयोग से जिसमें पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य से कुल पांच वाहनों द्वारा जागरूकता रथ निकाला गया जो पूरे शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी माइक के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार करेंगे एवं अधिक से अधिक जनसमुदाय इसका लाभ उठा सकें इसके लिए भी प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ अन्य बैंकों के पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पूर्वी गुमटी रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास नहीं बनने से लोग परेशान : राजकिशोर शर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर की आधी आबादी रेलवे लाइन के दक्षिण मे बसा हुआ है। जिसे दैनिक कार्य स्वास्थ, ऑफिस, मार्केटिंग दवा आदि के लिए बार बार बजार आना होता है। रेल ऊपरी पुल बनने के बाद भारी वाहन का यातायात सुविधा अनुकूल हो चुका है। लेकिन स्कूली बच्चे बीमार बुढ़े, रेक्शा ठेला हेतु फुटओवर ब्रिज छः माह में बना कर देने की बात रेल विभाग और जिला प्रशासन द्वारा कह कर पूर्वी रेल रोड क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया। जिसे इस क्षेत्र के लोगों को दिक्कतों का सामान करना पड रहा है। रेलवे आधिकारी और जिला प्रशासन तथा स्थानीय लोगों द्वारा काफी विवाद और विरोध हुआ था तब जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन ने वादा किया था कि 6 माह में फुट ओवर ब्रिज बनाकर जनता को दे देंगे। जिसे आने जाने वाले को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी फुट ओभर ब्रिज निर्माण शुरू हुआ मगर वह बार-बार विवादों में रहा और आज कई वर्ष बीतने के बावजूद भी ब्रिज का निर्माण नहीं हो सका।नतीजा है कि हजारों लोग अनलिगल तरीके से लाइन के आर पार बार बार आते जाते हैं। जबकि कई घटना घट चुकी है तथा कभी भी बड़ी हानि हो सकती है। विदित हो की पटना सहित कई शहरों में रेलपार ओवर ब्रिज बना हुआ है मगर कई जगहों पर अभी भी पूर्व की तरह रोड संचालित है अर्थात पुरानी व्यवस्था है। जिसपर रेक्शा ठेला पैदल यात्रा आराम से होता है आरा सासाराम रेल खंड पर खुद ही सैकड़ो अंडर पास रोड बने है जो एक उदाहरण है इसलिए पूर्वी गुमटी पर भी अंडर पास बन सकता है।

# आइसा के लड़ाई की होई जीत : रौशन कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। छात्र संगठन आइसा महाराजा महाविद्यालय इकाई द्वारा महाराजा कॉलेज मे हुई वित्तीय अनियमितता के खिलाफ चरण बद्ध आंदोलन और धरना पूर्व में लगातार दिया गया था। तत्कालीन महाविद्यालय प्रशासन आइसा के इस दबाव के कारण जांच गठित कर वित्तीय अनियमितता की जांच कराई गई। जांच में करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमितता पाई गई हैं। पूर्व प्राचार्य नरेंद्र कुमार के पांच वर्षों के कार्यकाल में मात्र दो वर्षों में इतने बड़े लूट की बात सामने आई हैं। जहां महाविद्यालय में छात्रों को बैठ कर पढ़ने के लिए वर्ग कक्ष नही हैं वहीं महाविद्यालय में 20 लाख का ईट 70 लाख में लगाया गया है। 18 लाख में दो बाथरूम बनाया गया हैं जिसकी वास्तविक कीमत 5 लाख से भी कम हैं। 10 लाख में 50 बेंच खरीदे गए हैं जिनकी वास्तविक कीमत 2 लाख से भी कम हैं। मेरिट जारी कर इंटर और स्नातक में दाखिला लेने के दर पे जो 2015 में लागू था उस दर पर आज के डेट में पेमेंट गेटवे के नाम पर फर्जी कायार्देश जारी कर 25 लाख का अवैध भुगतान किया गया है। शिक्षक आवास के मरम्मती के नाम पर 30 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की गई हैं जबकि वास्तविक अनुमानित खर्च 10 लाख से भी कम है।

महिला छात्रावास में फर्नीचर खरीद में 32 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की गई हैं जबकि वास्तविक बाजार कीमत तीन गुनी कम हैं। कॉलेज में चहारदीवारी के नाम पर 25 लाख रुपए खर्च कर दिए गए हैं जबकि चहारदीवारी मरम्मती में 4 से 5 लाख वास्तविक खर्च हुवे हैं, हालात ये हैं की जो चहारदीवारी कभी मरम्मत ही नही हुवे उसकी भी मरम्मती दिखा दी गई हैं। ऐसे ही कंप्यूटर खरीद घोटाला सहित ऐसे अनेक घोटाले सामने आए हैं। इस व्यापक वित्तीय अनियमितता के खिलाफ आइसा के पूर्व बिहार राज्य सचिव व भाकपा माले वर्तमान डूमाराव (बक्सर) विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा और भाकपा माले तरारी (भोजपुर) विधायक सुदामा प्रसाद द्वारा भी बिहार विधानसभा में महाराजा महाविधाल पूर्व प्राचार्य व वर्तमान जैन कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह के खिलाफ उनके कार्यकाल में हुए घोटाले की जांच के लिए बिहार सरकार से स्वतंत्र जांच कमिटी बना कर जांच करने की मांग किए।

छात्र संगठन आइसा ये भी मांग करती है की उनके सभी कार्यकालो की जहां पर प्राचार्य पद पर कार्यरत रहे हैं उन सभी जगहों पर जांच करने की मांग करती हैं और इसके लिए लड़ाई आने वाले दिनों में किया जाएगा।

# जिला-जान बचाओ अभियान चला लोगों ने किया धरना प्रदर्शन

## देश के चौथे स्तंभ पत्रकारों के सुरक्षा हेतु उठाया आवाज

प्रात : किरण संवाददाता



नसरीगंज( रोहतास अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी पुल पर बने कृषि योग्य टिलो को नष्ट करने, रोहतास के साथ बिहार सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार करने एवं पत्रकार अशोक कुमार पर जानलेवा हमला के विरुद्ध नासरीगंज प्रखंड कार्यालय पर लोगों ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पारस नाथ चौधरी,महेंद्र सिंह, जाप जिला अध्यक्ष विशाल कुशवाहा एवं कलक्टर चौधरी ने बताया कि सोन नद के बीच में बने टिलो पर तटिय गांव के भूमिहिन किसान वर्षो से खेती करते आ रहे हैं। उनके लिए सोन टिले जिवकोपार्जन के प्रमुख साधन रहे हैं। वर्तमान में बालू माफियाओं द्वारा सरकार की मिलीभगत से टिलो को नष्ट किया जा रहा हैं। रोहतास जिले के बालू खनन से सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होने के बाद भी यहां सरकारी यूनिवर्सिटी,मेडिकल कॉलेज एवं ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। विगत दिनों जब्त अवैध बालू लदे ट्रको से अधिकारी द्वारा छोड़ने के लिए मोलभाव करते वीडियो बनाए जाने पर माफियाओं द्वारा काराकाट प्रखंड के प्रभात खबर के पत्रकार अशोक कुमार का अपहरण कर हत्या करने का प्रयास किया गया। मामले की जांच कर दोषियों को सजा देने, सोन टिला बचाने एवं रोहतास जिले में संसाधन बढ़ाने की मांग एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से की गई। मौके पर वार्ड 14 के पार्षद सुभाष चौधरी, रोहित चौधरी, राम अवधेश चौधरी,राहुल यादव,सोनू गुप्ता,राम अयोध्या चौधरी,राधिका देवी, रामकली देवी, सैयद शेरजहां,शम्भू चौधरी, तेतरी देवी, सुषमा देवी, दौलतिया देवी, विश्वनाथ चौधरी,जितेश गुप्ता, धनजी यादव एवं भोला चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बालू खनन से किसान परेशान, फसल बर्बाद होने का लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता



रोहतास। ज़िले के नासरीगंज प्रखंड परिसर में मंगलवार को सोन डिला बचाओ मोर्चा द्वारा सोन डिला की खेती बचाने,रोड पर पसरे बालू से सड़क दुर्घटना में हो रही मौत से जान बचाने,कराकाट के प्रभात खबर के पत्रकार अशोक कुमार के अपहरण एवं हत्या की कोशिश के विरुद्ध धरना प्रदर्शन की गई। धरना प्रदर्शन के नेतृत्व कर रहे पारसनाथ चौधरी,महेंद्र सिंह जाप जिलाध्यक्ष विशाल कुशवाहा,कलक्टर चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा की सरकारी व्यवस्था में जंग लग चूका है,गरीब भूमिहीनों को सोन डीले की खेती ही उनकी आमदनी की एक मात्र स्त्रोत है ऐसे में बालू खनन के नाम पर उपजाऊ सोन डीले की खेती को उजाड़ना न्यायसंगत नही है । इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा.रोड पर पसरा बालू तथा बालू की अवैध हजारों गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया जाए। वही सरकार की उदासीनता,पदाधिकारियों एवं खनन माफियाओ के गठजोड़ से नदियों को लुटा जा रहा है, जिससे पेयजल संकट उतपन्न हो रहा है। जिस तरीके से सोन नदी में बाँध बांधकर नदियों की धारा का रुख मोड़ जा रहा है जिसके कारण सैंडल पर खेती कर रहे किसानों के फसल बर्बाद हो रहे हैं। वही पोकलेन मशीन के द्वारा सोन नदी के भीतर से बालू की निकासी की जा रही है जिससे सोन नदी काजल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है जिससे जिले वासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। वही बालू ले दे गाड़ियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं। जिसमें कई मासूम की सड़क दुर्घटना में मौतें हो रही है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में नसरीगंज वार्ड 14 के पार्षद सुभाष चौधरी,रोहित चौधरी, राम अवधेश चौधरी,राहुल यादव,सोनू गुप्ता,राम अयोध्या चौधरी,राधिका देवी, रामकली देवी, साइयदशेर जहाँ,शम्भू चौधरी तेतरी देवी, सुषमा देवी, दौलतिया देवी, विश्वनाथ चौधरी,जितेश गुप्ता, धनजी यादव, भोला चौधरी,शामिल थे।

# समाजसेवी उद्योगपति गरीबों का मसीहा बन कर रहें मदद

प्रात : किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) जिला क्षेत्र के स्थानीय प्रखंड नवानगर मुख्यालय के 200 करोड़ की लागत से बनने वाली भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के स्थापित होने की खबर सुन लोगों में खुशी व्याप्त है। बताया जाता है कि इस कंपनी से प्रतिदिन 1 लाख 20 हजार लीटर एथेनॉल का उत्पादन करेगी। कंपनी के सीएमडी समाजसेवी उद्योगपति अजय कुमार सिंह ने कहा की बिहार वासियों की जीवन दशा बदलना ही मेरे जीवन का मुख्य लक्ष्य है। जिस बिहार को स्वावलंबी बिहार बनाने का एक अधूरा सपना जल्द पूरा होगा। नावानगर प्रखंड क्षेत्र में लगी यह कंपनी अनुमानत मार्च माह में ही एथेनॉल का उत्पादन करना शुरू कर देगी। जिस कंपनी का निर्माण कार्य बियाड़ा से 20 एकड़ की भूमि 90 साल की लीज पर स्वीकृत भी हो गई है।

जिसमे एथेनॉल का निर्माण कार्य जोरों पर चल रही है और कंपनी का कार्य अंतिम दौर में है। ज्ञात हो कि सीएमडी अजय सिंह की प्रारंभिक शिक्षा भोजपुर जिले के पैतृक गांव बखोरापुर स्थित उच्च विद्यालय से हुई थी ये एक किसान के बेटे थे। जो 1989 में मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करके आगे की पढ़ाई में अग्रसर रहे और झारखंड पुलिस में पिताजी के हवलदार के पद पर रहने के कारण रांची रहने लगे जहां वर्ष 2000 में बिहार से अलग होने के बाद झारखंड राज्य के स्थापना के बाद 50 रुपया प्रतिदिन पर मजदूरी करके शिक्षा को अग्रसारित करते रहें। साथ ही रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की भी शिक्षा ग्रहण किया। उन्होंने जीवन के पहले कॉन्ट्रैक्ट के रूप में रांची के गवर्नर हाउस में 45 हजार राशि से शौचालय बनाने को ठीका मिला। उसके बाद देश के नेटवर्क बीएसएनएल का कार्य 28 हजार की लागत से बनने वाली भवन को डीटीओ के निर्देश पर ठीका कार्य

ईमानदारी व सराहनीय कार्य कर अग्रसर होते चले। कॉन्ट्रैक्ट में सफल व सक्षम होने के बाद उनके पास पांच कम्पनी है। जिसमें 1000 व्यक्तियों को रोजगार दिया है। पहली इंडस्ट्रीज के रूप में सिंह इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड में 700 लोगों को रोजगार देने का काम किया है। जो आगे दूसरी कंपनी के रूप में लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट में 150 लोग कार्य करते है। ये कम्पनी बॉलीवुड की फिल्म को प्रोड्यूस करती है।जिसमे पहली फिल्म फैमली ऑफ ठाकुरगंज है इस फिल्म के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अच्छी फिल्म निर्माण के लिए 2 करोड़ रूपया से सम्मानित किया गया उसके बाद सिनेमा में प्रदर्शित सात फिल्मों को लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया था। बॉलीवुड में टॉप स्टूडियों रियल टच प्राइवेट लिमिटेड पोस्ट प्रोडक्शन वर्क के रूप में कार्य करने वाली तीसरी कम्पनी है।

# मेजर राणा प्रताप सिंह कीअध्यक्षता में बैठक किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज पूर्व सैनिक संघ का महावारी बैठक मेजर राणा प्रताप सिंह रिटायर के अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के ऊपर आरामगाह में किया गया। सबसे पहले 2 मिनट की मौन धारण कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग शुरू होने से पहले सभी ने और मेजर राणा प्रताप सिंह अध्यक्ष बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ ने माननीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह को वॉर मेमोरियल के उद्घाटन जो विगत 25 फरवरी को हुआ है उसके लिए सविनय धन्यवाद दिया जो एक भोजपुर जिला के लिए बहुत ही अच्छे काम किया उनके सभी ने सराहा उसके बाद पूर्व सैनिकों ने अपना-अपना पॉइंट दिया जिसमें ज्यादा कर पॉइंट ई सी एच एस के बारे में ही था जहां पर कुर्सी और पीने की पानी के बारे में लोगों ने शिकायत की इस पर अध्यक्ष महोदय ने बताया की कुर्सी और पीने का पानी का प्रबंध अगले मांह हो जाएगा और वहां पर अच्छी तरह से व्यवस्था किया जा रहा है। अभी जिला सैनिक कल्याण में नए अफसर श्री नीतीश कुमार जी प्रभारी बने हैं और दो लोग भी नई पोस्टिंग हुए हैं।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में 6 घायल 5 रेफर



कैमूर। चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगलवार को अवखरा मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक पर चार लोग सवार होकर मुंडेश्वरी से शादी समारोह से होकर छोटका अमांव गांव जा रहा था। तभी दूसरा हसरेव गांव से चैनपुर की तरफ आ रहा था तभी अवखरा मोड़ के पास दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जहां दोनों बाइक पर सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में एक बाइक पर सवार चांद थाना क्षेत्र के छोटका अमांव गांव का निवासी भूपेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार व 19 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी एवं रिश्तेदारी में आई औरंगाबाद के बस्तीपुर निवासी 17 वर्षीय बुची कुमारी व धीरेंद्र सिंह के 18 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी है। जबकि दुसरे बाइक पर सवार दो लोग चांद थाना क्षेत्र के हसरेव गांव निवासी 35 वर्षीय इसराइल व उनका 17 वर्षीय पुत्र इम्तियाज घायल बताया जाता है। छोटका अमांव गांव निवासी घायल के परिजन धीरेंद्र सिंह ने बताया कि अमांव गांव के अपने ही पटीदार का मुंडेश्वरी में शादी समारोह था। जहां सभी लोग मंगलवार को शादी समारोह से होकर घर जा रहा था। तभी हसरेव गांव से एक बाइक पर पिता पुत्र सवार होकर चैनपुर काम करने के लिए आ रहा था। वही अवखरा मोड़ के पास दोनों बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जहां दोनों बाइक पर सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास के लोगों द्वारा इलाज के लिए चैनपुर पीएचसी ले जाया गया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर किया। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद आलोक कुमार छोटी कुमारी बुची कुमारी मुस्कान कुमारी इम्तियाज को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# शराब मामले में 4 साल से फरार चल रहा आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

कैमूर। दुर्गावती सन 2019 में उत्पाद विभाग द्वारा एक ट्रक को शराब मामले जब्त किया गया था। जहां ट्रक को छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया था। जो उसी शराब मामले में 4 साल से फरार चल रहा एक आरोपी को उत्पाद पुलिस ने हरियाणा जिला के पल्लवी गांव में उसके घर से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी हरियाणा जिला के पल्लवी गांव निवासी कुंदन खान के पुत्र शाहीद खान बताया जाता है। जिसपर जानकारी देते हुए भभुआ के उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि 2019 में जांच के दौरान एक ट्रक को दुर्गावती में जप्त किया था। जहां जांच में ट्रक से 271 कार्टून शराब को बरामद कर जप्त किया गया था। जहां से शाहीद ने पुलिस को चकमा देकर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया था।

जिसके बाद पुलिस द्वारा इसके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज किया गया था। बार बार नोटिस जाने के बाद भी यह कोर्ट में उपस्थित नही दे पा रहा था। वहीं वरीय अधिकारियों के निर्देश पर इसको इसके घर हरियाणा जिला के पल्लवी गांव में छापामारी कर उसे गिरफ्तार किया गया है और आगे की कार्रवाई करते हुए उसे न्यायीक हिरासत में भेजा दिया गया है।



# मुझे बॉलीवुड में जाने की कोई जल्दी नहीं है

धीरज धूपर टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। उन्होंने जी टीवी के हिट शो कुंडली भाग्य में काम किया था। दर्शकों ने उन्हें इस शो में काफी सराहा भी था। आने वाले दिनों में वे सीरियल रब से है दुआ में दिखाई देने वाले हैं। धीरज अपने इस शो को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में अपने नए शो के प्रमोशन के दौरान उन्होंने इस सीरियल में अपने किरदार और बॉलीवुड में अपने डेब्यू के बारे में कई खुलासे किए।

## रब से है दुआ के लिए सीख रहें उर्दू

धीरज धूपर जी टीवी के आगामी शो रब से है दुआ में अहम भूमिका निभाते दिखाई देने वाले हैं। यह शो मुस्लिम समुदाय पर आधारित है। धीरज अपने शो के बारे में बात करते हुए कहते हैं, मैंने आज तक जितने भी किरदार निभाए हैं उन सबसे काफी अलग किरदार निभाने का मौका मुझे इस शो में मिल रहा है। मैं सुभान सिद्दीकी का किरदार निभा रहा हूं और इस किरदार के लिए मैं उर्दू सीख रहा हूं। मेरे लिए इस सीरियल में काम करना काफी रोमाचंक अनुभव रहा है।

## टीवी के शाहरुख बन खुश हैं

धीरज धूपर ने सीरियल कुंडली भाग्य में अपने छह साल तक काम किया था। इस शो के बारे में बातें करते हुए धीरज कहते हैं, मेरे लिए मेरे फैंस की खुशी सबसे ज्यादा मायने रखती हैं। करण लूथरा के किरादर में मुझे दर्शकों ने काफी प्यार दिया था और मैं वही प्यार शो रब से है दुआ के किरदार सुभान के लिए भी चाहता हूं। दर्शक मुझे टेलीविजन का शाहरुख खान कहते हैं और मेरे लिए यह खुशी की बात है।

## टेलीविजन इंडस्ट्री के लिए है सम्मान

धीरज धूपर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, मैं आज जहां हूं और जिस तरह का रोल कर रहा हूं मैं उससे काफी संतुष्ट हूं। मुझे बॉलीवुड में जाने की कोई जल्दी नहीं है। टेलीविजन इंडस्ट्री ने मुझे पहचान दी है और मैं इस इंडस्ट्री का काफी सम्मान करता हूं। मैं टेलीविजन का सलमान खान बनना चाहता हूं।



# सारा की सशक्त अदाकारी का संकेत है ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर

**सारा अली खान की अपकमिंग फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के प्रोडक्शन में बनी यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने वाली है। दिलचस्प बात यह है कि मार्च महीने में सारा अली खान की दो फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाली है। 15 मार्च के दिन नेटफ्लिक्स पर उनकी मर्डर मुबारक आएगी। वहीं 21 मार्च के दिन स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता पर आधारित ऐ वतन मेरे वतन स्ट्रीम होगी।**

ऐ वतन मेरे वतन में उषा मेहता की कहानी दिखाई जाएगी। उषा, महात्मा गांधी से बहुत ज्यादा प्रभावित थीं। उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन शुरू किया था। अधिकारी उन्हें पकड़ न लें इस डर से वह हर दिन रेडियो स्टेशन की जगह बदलती रहती थीं। वह रेडियो पर महात्मा गांधी सहित देश के प्रमुख नेताओं के रिकॉर्ड किए गए संदेश बजाती थीं। तीन माह तक प्रसारण करने के बाद अंततः अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ लिया और चार साल तक जेल में बंद रखा। ट्रेलर की शुरुआत रेडिया से होती है। पहले रेडिया की और फिर रेडियो चलाने वाली 22 साल की उषा (सारा अली खान) की झलक दिखाई जाती है। पीछे स्वतंत्रता सेनानी की आवाज सुनाई देती है और स्क्रीन पर अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों को दिखाया जाता है।

उषा अंग्रेजों से लड़ने से पहले अपनों से लड़ती है। उन्हें समझाती और एकजुट करने की कोशिश करती है। वह भारत को आजादी दिलाने में मदद करने के लिए गुपचुप तरीके से एक रेडियो स्टेशन खोलती है। यह रेडियो स्टेशन भारत छोड़ो आंदोलन की आग को हवा देने का जरिया बनता है और अंग्रेजों की नाक में दम कर देता है। ऐसे में अंग्रेज अपना सारा दम लगाकर रेडियो स्टेशन और उषा को ढूंढ निकालते हैं। वह उस पर खूब अत्याचार करते हैं। ट्रेलर देखने के बाद लोग सारा अली खान की तारीफ कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ये सारा अली खान के करियर की बेस्ट परफॉर्मेंस है। इतना ही नहीं, वे इमरान हाशमी की भी प्रशंसा कर रहे हैं। जी हां, इस फिल्म में इमरान हाशमी का स्पेशल अपीयरेंस है। लोग उनके लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।



# फरहान अख्तर की डॉन 3 में कियारा आडवाणी वसूल रही हैं मोटा पैसा

कियारा आडवाणी के हाथ में दो एक्शन फिल्में हैं, जिनके लिए वह बेहद एक्साइटेड हैं। एक तो वॉर 2 और दूसरी डॉन 3, जिसमें ये जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। हालांकि इन मूवीज के लिए एक्ट्रेस ने मोटा पैसा लिया है लेकिन फरहान अख्तर की फिल्म के लिए ज्यादा फीस वसूली है। फरहान अख्तर ने जबसे डॉन 3 की लीड का ऐलान किया है, तभी से ये मूवी चर्चा में बनी हुई है। शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह और प्रियंका चोपड़ा की जगह कियारा आडवाणी को लेने की वजह से हालांकि कुछ फैन्स नाखुश हैं और कुछ बेहद एक्साइटेड। वहीं, इन सब उथल-पुथल के बीच एक्ट्रेस की फीस का भी खुलासा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि जंगली बिल्ली काफी मोटा पैसा वसूल रही हैं। कितना, जानकर होश उड़ जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, सोर्स ने बताया है कि कियारा आडवाणी इस मूवी के लिए एक मोटी फीस ले रही हैं। मेकर्स ने उन्हें उनके करियर का सबसे बड़ा पेमेंट चेक दिया है। दावा किया गया है कि डॉन 3 के लिए कियारा आडवाणी ने 13 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। यह अब तक की सबसे बड़ी फीस है और एक्ट्रेस ने एक्शन सीन्स की तैयारी के लिए पूरी फीस वसूल ली है। इतना ही नहीं, दावा ये भी किया गया है कि वॉर 2 के लिए मिल रही फीस से ये 50 प्रतिशत अधिक है।



# शादी को लेकर हुमा कुरैशी ने दिया बयान

**इन दिनों हुमा कुरैशी अपने एक नहीं बल्कि दो प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस की पॉपुलर वेब सीरीज महारानी 3 जल्द ही रिलीज होने वाली है। साथ ही वे कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे इंडिया को हंसाएंगे से टेलीविजन पर अपना कमबैक करेंगी। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, हुमा कुरैशी ने अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर की हैं। बातों-ही-बातों में उन्होंने अपनी शादी को लेकर भी बयान दिया। अभिनेत्री की मानें तो वे शादी को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती हैं।**

## कई लोग शादी करने के बाद भी बहुत दुखी रहते हैं

मैं अपनी प्रोफेशनल के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ पर भी बहुत ज्यादा फोकस करती हूं। लेकिन शादी को लेकर मुझे या मेरे पेरेंट्स को कोई जल्दबाजी नहीं है। मेरे हिसाब से शादी सबसे जरुरी चीज नहीं है। जब होनी होगी तब हो जाएगी। मैं तब शादी करूंगी जब मुझे राइट पार्टनर मिल जाएगा। किसी एक्सटर्नल रीजन की वजह से शादी नहीं करूंगी। मैं तो आजकल देख रही हूं कि कई लोग शादी करने के बाद भी बहुत दुखी रहते है। जब तक शादी वाली फीलिंग नहीं आती तब तक नहीं करूंगी। मैं दु:खी पार्टनर बनकर नहीं रहना चाहती।

### 6 साल पहले सोनाली बेंद्रे को किया था रिप्लेस

6 साल पहले मैंने एक रियलिटी शो में बतौर जज काम किया था। उस वक्त भी मैं टीवी करने के लिए तैयार नहीं थी। दरअसल, उस वक्त एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे को कैंसर डिटेक्ट हुआ था। उन्होंने अपने ट्रीटमेंट के लिए उस शो से ब्रेक लिया था। मैंने कुछ समय के लिए उन्हें रिप्लेस किया था। उसके बाद टीवी करने का कभी दिल नहीं किया। इस बीच कोई अच्छा अवसर भी नहीं मिला। साथ ही, कॉमेडी करना आसान नहीं है। इस शो की पूरी टीम बहुत मेहनत कर रही है। हमारे पास टैलेंटेड पर्सनालिटी हैं। कोई यूट्यूब सेंसेशन तो कोई रीजनल सिनेमा का स्टार है। मैं रियल लाइफ में भी मैडनेस की मालकिन हूं। अब जब इतने सालों बाद लौट आई हूं तो मैडनेस जरूर मचाउंगी।



# अंशुल गर्ग के अगले सिंगल वे पगला में बिग बॉस 17 की ईशा मालविया आयेंगी नज़र

अंशुल गर्ग पिछले कुछ समय से अपने लेबल देसी म्यूजिक फैक्ट्री के तहत इंडस्ट्री को संगीत रत्न दे रहे हैं। इस साल पहले ही, निर्माता ने बिग बॉस 17 के प्रतियोगियों के साथ दो चार्टबस्टर दिए हैं- अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा के साथ सांवरे, और मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की हल्की सी। और अब, अंशुल सीज़न के एक और प्रतियोगी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जैसा कि उन्होंने खुलासा किया है उनके अगले सिंगल वे पगला का फर्स्ट लुक, जिसमें ईशा मालविया नजर आ रही हैं। यह गाना बिग बॉस 17 के खत्म होने के बाद ईशा का पहला प्रोजेक्ट है और उडारियां अभिनेत्री वे पगला के फर्स्ट लुक पोस्टर में गायक और सह-कलाकार प्रीतिंदर के साथ मनमोहक लग रही हैं। गाना प्यार की मासूमियत को सामने लाता है और पोस्टर में ईशा और प्रीतिंदर की प्यारी केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने के लिए ईशा के साथ सहयोग करने के बारे में बात करते हुए, अंशुल ने कहते हैं कि, डीएमएफ में, बिग बॉस के प्रतियोगियों के साथ हमारा ट्रैक रिकॉर्ड अभूतपूर्व रहा है, और मुझे यकीन है कि वे पगला इस ट्रेंड को कंटिन्यू रखेगा। ईशा ने बिग बॉस 17 में अपने आकर्षण से दर्शकों का दिल जीता और इस गाने में वह खूबसूरती से सामने आई हैं। उनके साथ सहयोग करने का अनुभव बहुत ही अद्भुत था। प्रीतिंदर के साथ ईशा की केमिस्ट्री भी बहुत शानदार है और इस गाने में उनकी जादुई आवाज निश्चित रूप से दर्शकों को प्यार की मासूमियत का एहसास कराएगी। इस गाने का टीजर गुरुवार को रिलीज़ किया जाएगा। वे पगला में ईशा के साथ प्रीतिंदर हैं, जिन्होंने गाना भी गाया है। संगीत रजत नागपाल ने दिया है और गीत परम ने लिखे हैं। सत्ती ढिल्लों ने संगीत वीडियो का निर्देशन किया है और इसे अंशुल गर्ग ने अपने लेबल देसी म्यूजिक फैक्ट्री के तहत प्रस्तुत किया है।



# कमल हासन की ठग लाइफ से बाहर हुए

दुलकर सलमान? सामने आई यह बड़ी वजह साउथ सुपरस्टार कमल हासन की अपकमिंग फिल्म ठग लाइफ इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मणिरत्नम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कमल हासन के साथ-साथ दुलकर सलमान भी अहम भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अब चर्चा है कि दुलकर ठग लाइफ का हिस्सा नहीं होगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के कुछ हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्य की शूटिंग सर्बिया में चल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ठग लाइफ में दुलकर सलमान महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन अपने कई अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के चलते दुलकर ने ठग लाइफ को छोड़ दिया है। रिपोर्ट्स की माने तो अभिनेता अगले कुछ समय तक काफी व्यस्त हैं और उनके पास तारीखों की कमी है, जिसके चलते उन्हें इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को छोड़ना पड़ा। हालांकि, मेकर्स या फिर दुलकर की ओर से अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। गौरतलब है कि ठग लाइफ में जयम रवि भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले है। फिल्म में फिल्म में वे कैमियो करेंगे। हालांकि, जयम रवि के फिल्म में शामिल होने को लेकर भी मेकर्स की तरफ से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की अनुसार, ठग लाइफ का पहला शेड्यूल 30 जनवरी को खत्म हो चुका है, जिसमें कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी ने हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन्स को शूट किया। फिल्म में कमल हासन, जोजू जॉर्ज और अभिरामी के अलावा त्रिशा, ऐश्वर्या लक्ष्मी, जयम रवि नास्सर, गौतम कार्तिक जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिलहाल दुलकर अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म लकी भास्कर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी एटलुरी कर रहे हैं। इसके अलावा दुलकर सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित पावर-पैक थ्रिलर सूर्या 43 में भी नजर आएंगे।

# इंडस्ट्री में 19 साल बिताने के बाद भी अभय देओल के पास नहीं है यह चीज

अभय देओल को इंडस्ट्री में 19 साल हो गए हैं। उन्होंने वर्ष 2005 में फिल्म सोना ना था से डेब्यू किया था। करीब दो दशक की अपनी इस बॉलीवुड यात्रा को लेकर अभय देओल का कहना है कि ऐसा लगता है मानो कल की ही बात हो। अभय देओल का कहना है कि उन्होंने कुछ भी अलग नहीं किया है। अभय देओल ने बाकायदा एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर नोट लिखा है। इसमें उन्होंने कहा कि वे खुद के प्रति हमेशा ईमानदार रहे और बाजार के दबाव से बचते रहे।

## खुद को नहीं बनाया ब्रांड

अभय देओल ने कहा कि उन्होंने हमेशा विज्ञापनों और पीआर के दबाव को नजरअंदाज किया है। एक्टर ने लिखा, मैंने 19 साल पहले फिल्म सोचा ना था से बॉलीवुड डेब्यू किया। ऐसा लगता है कि यह तो कल की ही बात है! यह काफी सीखने वाला दौर रहा। हम कितने मासूम और भोले थे। हालांकि, मुझे इस बात की खुशी है कि मैंने बाजार की मांगों के आगे झुककर विज्ञापन और पीआर के जरिए खुद को एक ब्रांड के रूप में स्थापित नहीं किया। अभय ने आगे कहा, लेकिन, मैं 19 साल बाद भी यहां हूं और अभी भी फिल्में बना रहा हूं। इसके लिए मैं बेहद शुक्रगुजार हूं। और... मैंने जो फिल्में चुनीं, उससे मैं एक ब्रांड बन गया। मैंने अपने लिए जो भी चुना, उससे सफलता और असफलता दोनों देखी हैं। मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी है और इसके जरिए कई सबक सीखे हैं। मैं जैसा भी हूं उसमें बहुत सहज हूं और खुश हूं।

## अभय ने जताई यह ख्वाहिश

हालांकि, अभय देओल को कुछ चीजों को लेकर पछतावा भी है। जैसे कि उनका अपना स्टाइलिस्ट न होगा। एक्टर ने कहा, मेरी ख्वाहिश है कि मुझे फिल्म के लिए अपना खुद का स्टाइलिस्ट मिल जाए और कोई मुझे बताए कि मेरे साइड बर्न के कारण मैं 70 के दशक के जैसा दिखता हूं! बात करें फिल्म सोचा ना था की तो यह एक रोमांटिक कॉमडी फिल्म थी। इसमें अभय देओल के साथ आयशा टाकिया और अपूर्वा झा भी नजर आईं। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था।






## संक्षिप्त समाचार

### कोट्यार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वेराकार्बन के साथ बायोडीजल क्षेत्र में क्रेडिट प्रमाणन की उपलब्धि हासिल की है

**मुंबई, एजेंसी।** कोट्यार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड कार्बन प्रमाणन के लिए विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक, वेरा कार्बन के तहत मान्यता की अपनी हालिया उपलब्धि की घोषणा करते हुए रोमांचित है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि कोट्यार्क को परिभाषित करती है बायो डीजल इस क्षेत्र में यह उपलब्धि स्वीकार करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। नवीन और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं को अपनाकर, कोट्यार्क इंडस्ट्रीज ने 15 सितंबर 2020 से 31 मार्च 2022 तक 57,874 कार्बन क्रेडिट सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। वेरा रजिस्ट्री दिनांक 2 मार्च 2024। यह उपलब्धि न केवल हमारे समर्पण का प्रमाण है। पर्यावरणीय पदचिह्न हमें जैव डीजल क्षेत्र के सतत विकास में एक नेता के रूप में भी स्थापित करता है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, गौरांग शाह ने कहा, हमें वेरा से यह सम्मान प्राप्त करने पर बहुत गर्व है, जो हमारी टीम की कड़ी मेहनत और अभिनव भावना का प्रमाण है जो हमारी कंपनी को आगे बढ़ाता है। यह उपलब्धि एक मील का पत्थर है कोट्यार्क। एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर, उद्योग अधिक टिकाऊ जैव डीजल उद्योग की दिशा में यात्रा में अग्रणी के रूप में हमारी भूमिका पर प्रकाश डालता है और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार भविष्य भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने आगे कहा, कार्बन क्रेडिट की मंजूरी न केवल हमारे पर्यावरणीय प्रयासों की मान्यता है, बल्कि अगले 21 वर्षों के लिए अतिरिक्त राजस्व का एक आशाजनक अवसर भी है। निरंतर वित्तीय लाभ की यह संभावना आर्थिक व्यवहार्यता और पर्यावरण के बीच तालमेल में हमारे विश्वास को मजबूत करती है। स्थिरता और हम इस पुण्य चक्र को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोट्यार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड इस उपलब्धि को अपने संस्थापक सिद्धांत का प्रतिबिंब और एक महत्वपूर्ण कदम मानता है। स्थिरता के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की ओर। हम आपके निरंतर समर्थन के लिए आभारी हैं और अधिक हरियाली की दिशा में मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

### न्यू हॉलैंड ने युवाओं के कौशल विकास के लिए पेश की सक्षम परियोजना



**नई दिल्ली , एजेंसी।** सीएनएच के ब्रांड, न्यू हॉलैंड ने सक्षम परियोजना शुरू की है, जो ग्रामीण क्षेत्र में वंचित वर्ग के युवाओं को प्रशिक्षण और सशक्त बनाने पर केंद्रित है। यह राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है। सीड्स - सोशल एम्पावरमेंट एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट सोसाइटी की भागीदारी वाली इस परियोजना का लक्ष्य है, एजी और ऑटोमोटिव उद्योग के लिए कुशल और प्रमाणित ऑटोमोटिव सेल्स पेशेवरों का समूह तैयार करना। न्यूनतम 12वीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त करने वाले 18 साल और इससे अधिक आयु के व्यक्ति उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र क्षेत्रों में इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परियोजना के बारे में, सीएनएच इंडिया के कृषि खंड के बिक्री निदेशक, संदीप गुप्ता ने कहा, हमारी परियोजना, सक्षम ग्रामीण युवाओं को आधुनिक दौर के लिए प्रासंगिक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल के ज़रिये हम उन्हें आवश्यक कौशल से लैस करना चाहते हैं जो उन्हें संभावित प्लेसमेंट अवसरों के लिए सक्षम बनाएगा जो अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगा। सीएनएच, लीड और हुनर जैसी पहलों के ज़रिये बेरोज़गार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिससे भारत में 15,000 परिवारों में बदलाव आ रहा है।

### अमिताभ बच्चन के पास हैं –डीपी वायर्स कंपनी के 298545 शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई ऐसे सुपरस्टार हैं जिनकी दिलचस्पी शेयर बाजार में है। कुछ एक्टर्स तो शेयर बाजार में निवेश कर कमाई भी कर रहे हैं। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी शेयर बाजार में दांव लगाकर कमाई करते हैं। अमिताभ बच्चन के पोर्टफोलियो में चर्चित शेयर-डीपी वायर्स का है। इस कंपनी में अमिताभ बच्चन की हिस्सेदारी एक फीसदी से ज्यादा की है। बीते शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के दौरान डीपी वायर्स के शेयर पर निवेशक टूट पड़े थे। सप्ताह के इस आखिरी कारोबारी दिन शेयर की कीमत 538.10 रुपये थी। एक दिन पहले की क्लोजिंग के मुकाबले शेयर में 2.09 प्रतिशत की तेजी थी। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 548 रुपये तक गई थी। बता दें कि 17 नवंबर 2023 को शेयर की कीमत 677.80 रुपये तक गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई भी था। हालांकि, इसके बाद मुनाफावसूली आई और फरवरी 2024 में शेयर 452 रुपये तक लुढ़का। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है।

# टाटा मोटर्स का शेयर 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा

**▶▶ कारोबार के दौरान आई करीब आठ फीसदी तेजी ▶▶ पीवी और सीवी बिजनस अलग-अलग करेगी कंपनी**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स का शेयर आज करीब आठ फीसदी तेजी के साथ 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी अपने पैंसेजर वीकल और कमर्शियल वीकल बिजनस को अलग करने जा रही है। इससे कंपनी के शेयरों में आज काफी तेजी दिखाई दी और यह 7.9 प्रतिशत तेजी के साथ 1065.60 रुपये पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। दोपहर बाद 1.45 बजे यह 3.17 प्रतिशत तेजी के साथ 1018.50 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इन्वेस्टर्स प्रस्तावित डिमर्जर से बेहतर वैल्यू डिस्कवरी की उम्मीद कर रहे हैं। यही वजह है कि कंपनी के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। इस साल इसमें 30 फीसदी से अधिक तेजी आई है।




डिमर्जर में 12 से 15 महीने का समय लग सकता है। इसके बाद बनने वाली टाटा मोटर्स पीवी का पैंसेजर वीकल सेगमेंट में सीधा मुकाबला मारुति, हुंडई और महिंद्रा एंड महिंद्रा से होगा। इस सेगमेंट में मारुति लीडर है। दूसरी ओर सीवी यानी कमर्शियल सेगमेंट में टाटा मोटर्स के आगे अशोक लीलैंड की चुनौती होगी। जानकारों का कहना है कि डिमर्जर से टाटा मोटर्स के शेयरों में बेहतर वैल्यू डिस्कवरी देखने को मिलेगी। डिमर्जर के बाद कंपनी के शेयरहोल्डर्स को दोनों लिस्टेड कंपनियों में समान शेयरहोल्डिंग रहेगी।

### कहां से आता है सबसे ज्यादा रेवेन्यू

एमके ग्लोबल के चिराग ग्लोबल ने कहा कि टाटा मोटर्स की डिमर्जर की योजना मैनेजमेंट के इस भरोसे को दिखाती है कि दोनों कंपनियों अलग–अलग काम कर सकती हैं। ऐतिहासिक रूप से देखें तो कमर्शियल वीकल बिजनस का कैश फ्लो बेहतर रहा है जबकि पैसेंजर वीकल सेगमेंट को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। दिसंबर तिमाही में टाटा मोटर्स का रेवेन्यू 1.1 लाख करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का मार्केट कैप करीब 3,39,237 करोड़ रुपये है जबकि घरेलू मार्केट में इसकी हिस्सेदारी 13.8 फीसदी है। लेकिन इसके रेवेन्यू में 70 फीसदी हिस्सेदारी जगुआर लैंड रोवर की है। कमर्शियल वीकल्स की 18 फीसदी और पैसेंजर वीकल्स की 12 फीसदी हिस्सेदारी है।

# अनार की अच्छी पैदावार से किसान और व्यापारियों की बल्ले-बल्ले, दिल्ली की आजादपुर मंडी भी गुलजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इस बार अनार की अच्छी पैदावार हुई है। अब अनार का एक्सपोर्ट अमेरिका समेत कई देशों में हो रहा है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले दिनों ङ्ग पर लिखा कि अमेरिका के लिए स्वाद और सेहत का उपहार, भारत से रवाना हुए रसदार अनार। कृषि निर्यात निकायएपीडा के मुताबिक 4,200 बक्शे (12.6 टन) अनार का शिपमेंट 28 फरवरी को भेजा गया है। दिल्ली में भी अच्छी क्वालिटी का अनार आ रहा है। आजादपुर मंडी में न्यू अनार मर्चेंट असोसिएशन के सदस्य प्रवीण बघाई ने बताया कि अनार की अच्छी पैदावार से किसान और व्यापारी दोनों उत्साहित हैं। इस समय कच्छ और भुज से अनार आ रहा है। फिर मई जून से महाराष्ट्र से आएगा, जो पूरे साल रहेगा। कच्छ-भुज से पहले राजस्थान से दिल्ली में अनार आ रहा था।

प्रवीण ने बताया कि 3-4 साल पहले महाराष्ट्र में काफी बरसात हुई। वहां के पेड़ पौधे खत्म हो गए। दो-तीन साल मार्केट में अनार कम हो गया था। बाद में किसानों ने अनार की फसल तैयार की। महाराष्ट्र के अनार की क्वालिटी भी काफी अच्छी मानी जाती है। इसका दाना बढ़िया होता है। इसी तरह राजस्थान का अनार भी पसंद किया जाता है। कच्छ-भुज के अनार का बीच छोटा और रसीला होता है। फिर भी एक्सपोर्ट क्वालिटी का माल महाराष्ट्र से जाता है। आजादपुर मंडी में अनार की औसतन 30 गाड़ियां रोजाना आ रही हैं। एक गाड़ी में 15 से 20 टन माल होता है। मंडी में 20 से 100 रुपये किलो अनार बेचा जा रहा है। रिटेल मार्केट में दुकानदार माल, क्षेत्र और ग्राहक के हिसाब से रेट तय करते हैं। आजादपुर मंडी में 80 से 100 आढ़ती हैं। द चेंबर ऑफ आजादपुर फ्रूट एंड वेजिटेबल असोसिएशन के महासचिव राजकुमार भाटिया ने बताया कि अच्छे साल में अच्छी फसल की बात करें, तो किसान को अनार की खेती में 3 से 5 लाख रुपये प्रति एकड़ की सकल आय प्राप्त होती है। ये किसी भी अन्य फसल से अधिक है। महाराष्ट्र के किसानों की समृद्धि में अनार और अंगूर प्रमुख हैं। देश में अनार की अलग-अलग किस्में महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में होती हैं। भगवा किस्म का अनार ज्यादा बिकता है। एक दशक में राजस्थान और गुजरात के तीन चार जिलों में अनार की फसल बढ़ी है। इससे पहले देशी अनार राजस्थान के कुछ क्षेत्रों और हरियाणा के हिसार में होता था। हिसार यूनिवर्सिटी से पौध हर जगह जाती थी, लेकिन इसकी खूबसूरती कम थी। फिर 80 के दशक में पूसा इंस्टीट्यूट ने अफगानिस्तान के विकल्प के रूप में अनार और अंगूर की खेती को महाराष्ट्र में बढ़ावा दिया था। हिमाचल की कुल्लू बेल्ट के अनार भी उत्तर भारत में कई जगह पहुंचते हैं। सीजन का साइकल नवंबर से अगस्त तक एक जैसा रहता है।



देश में अनार का क्षेत्रफल 2,76,000 हेक्टेयर, उत्पादन 31,03,000 मीट्रिक टन है। अनार की खेती मुख्य रूप से महाराष्ट्र के पुणे, अहमदनगर, पुणे, सांगली, सोलापुर और वाशिम में होती है। अभी महाराष्ट्र में अनार की फसल के तहत 73,027 हेक्टेयर क्षेत्र कवर है। वहीं राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक में इसकी खेती की जाती है।

### 62,280 मीट्रिक टन अनार का निर्यात

साल 2022-23 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), बांग्लादेश, नेपाल, नीदरलैंड, सऊदी अरब, श्रीलंका, थाईलैंड, बाहरीन, ओमान सहित देशों में 58.36 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के 62,280 मीट्रिक टन अनार का निर्यात किया गया है। भारत दुनिया में अनार के उत्पादन में सातवें स्थान पर है।

# कारोबारी गतिविधियों, बिक्री में नरमी के चलते फरवरी में सर्विस सेक्टर की वृद्धि सुस्त पड़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है।

सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा, हालांकि यह पहले के मुकाबले थोड़ा कमजोर पड़ गया।

# ऑल टाइम हाई पर पहुंची सोने की कीमत, चांदी भी 72 हजार के पार निकली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोना आज यानी मंगलवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 924 रुपए महंगा होकर 64,404 रुपए का हो गया है। इससे पहले 4 दिसंबर को सोने ने अपना ऑल टाइम हाई बनाया था। तब इसकी कीमत 63,805 रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं चांदी में भी आज बढ़त देखने को मिल रही है। ये 1,261 रुपए महंगी होकर 72,038 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई है। इससे पहले ये 70,777 रुपए पर थी। चांदी ने भी बीते साल 4 दिसंबर को ही ऑलटाइम हाई बनाया था। चांदी 77 हजार के पार पहुंच गई थी।

फरवरी में सोने-चांदी के दामों में गिरावट देखने को मिली थी। महीने की शुरुआत यानी 1 फरवरी को सोना 62,775 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 29 फरवरी को 62,241 रुपए पर आ गया था यानी बीते महीने में इसकी कीमत में 534 रुपए प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई। वहीं चांदी भी 71,153 रुपए प्रति किलोग्राम से गिरकर 69,312 रुपए पर आ गई थी।

# एक साल टल सकता है एमएसएमई पर लागू होने वाला नियम, 45 दिन में भुगतान न करने पर 30 फीसदी का लगेगा आयकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों यानी एमएसएमई के लिए 45 दिन में भुगतान नहीं करने से संबंधित नया नियम एक साल टल सकता है। सरकार इसे इस साल के बजाय अगले साल एक अप्रैल से लागू कर सकती है। इस नियम के तहत अगर व्यापारी एमएसएमई का भुगतान 45 दिन में नहीं करते हैं तो इस भुगतान को उनकी कमाई मानकर उन पर 30 फीसदी की दर से आयकर लगाया जाएगा। यह नियम छोटे उद्योगों के लिए अच्छा है, लेकिन कारोबारी इसका विरोध कर रहे हैं। कारोबारी संगठनों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से नियम को एक साल टालने को कहा था। एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 43 बी एच नियम लागू करने का फैसला हुआ है। 2006 में 43 बी बना था। अब इसमें एच लगा दिया गया है। इससे एमएसएमई में पंजीकृत व्यापारियों से खरीदे गए माल का भुगतान 45 दिन में करना होगा।




### नियम का असर

कोई व्यापारी 45 दिन में भुगतान नहीं करता है तो भुगतान वाली रकम को कमाई मान कर 30 प्रतिशत आयकर लगेगा। इस रकम का अगले वित्त वर्ष में भुगतान किया जाता है तो फिर उस साल में कुल आयकर की देनदारी में इसे समाहित किया जाएगा। इसमें भी पेंच यह है कि अगर किसी व्यापारी ने 10 लाख का माल खरीदा। अगर 7 लाख चुका दिया और 3 लाख बाकी रह गया। अगले साल अगर उसका कारोबार दो ही लाख का होता है तो फिर तीन लाख रुपये में से एक लाख रुपये उसके अगले साल समाहित करना होगा।

### कपड़ों के कारोबार पर ज्यादा असर

व्यापारियों का कहना है कि कपड़ों का कारोबार ज्यादा प्रभावित होगा। कपड़े गोदाम से निकलकर शोरूम और उसे बेचने तक में चार महीने से ज्यादा समय लग जाते हैं। वे एमएसएमई जो पंजीकृत हैं। यह प्रावधान केवल निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं से खरीदे गए माल या सेवा पर लागू होगा। व्यापारी से खरीदे गए माल पर लागू नहीं।

# कॉन्क्लेव में शामिल हुए स्टार्ट-अप धन निर्माता, रोजगार निर्माता और समाज के निचले स्तर के लिए आर्थिक अवसरों के निर्माता : धर्मेंद्र प्रधान

**केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आईआईएम संबलपुर में किया आई-हब इनक्यूबेटर का उद्घाटन**

**संबलपुर , एजेंसी।** आईआईएम संबलपुर में केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के हाथों फिजिकल और वर्चुअल इनक्यूबेटर आई-हब फाउंडेशन के उद्घाटन के साथ एक दिवसीय 100 क्यूब स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव की शुरुआत हुई। एक पंजीकृत कंपनी के रूप में धारा 8 के तहत स्थापित आई-हब फाउंडेशन कपड़ा, कला और संस्कृति, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, वित्तीय और डिजिटल समावेशिता, आदिवासी उद्यमिता और स्थिरता सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए वेंचर के पोषण और समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

यह विशिष्ट स्टार्टअप पहल 2036 में ओडिशा के शताब्दी समारोह तक अपने परिसर में 100 स्टार्टअप स्थापित करने का प्रयास करेगी, जिनमें से प्रत्येक का अनुमानित मूल्यांकन 100 करोड़ रुपए है। कॉन्क्लेव में प्रोफेसर महादेव जायसवाल, डायरेक्टर,




आईआईएम संबलपुर; प्रोफेसर मनोज कुमार तिवारी, डायरेक्टर आईआईएम मुंबई; पीएम प्रसाद, एमडी, कोल इंडिया लिमिटेड; अमरेंदु प्रकाश, सीएमडी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड; संजीव बजाज, एमडी, बजाज फिनसर्व; रश्मि रंजन महापात्र, एमडी पैरी एंटरप्राइजेज; नागराज प्रकाशम, लेखक और एंजेल निवेशक; जयंती महापात्रा, सीईओ और संस्थापक मानिकस्टू (जीओएटी बैंक); निर्मित पारिख, संस्थापक अपना; और अविनाश पुणेकर, सीईओ आईक्रिएट, संकाय सदस्य और स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस कार्यक्रम में आईआईएम मुंबई और आईआईएम संबलपुर द्वारा अंगुल, ओडिशा में मैनेजमेंट एजुकेशन सेंटर की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए।

अपने संबोधन में केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 100 क्यूब स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव के महत्व पर जोर दिया और कहा, कॉन्क्लेव में शामिल हुए स्टार्ट-अप धन निर्माता, रोजगार निर्माता और समाज के निचले स्तर के लिए आर्थिक अवसरों के निर्माता हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने स्वास्थ्य सेवा, कपड़ा, कृषि, खानों और खनिजों को स्टार्टअप के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के रूप में देखा और कहा कि आईआईटी संबलपुर जैसे शिक्षा संस्थान की फैकल्टी प्रतिभाएं इस मामले में मार्गदर्शन के लिए स्वाभाविक जगह हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आज देश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है; हालांकि चुनौती संसाधनों को नए आइडिया से जोड़ने में है। आई-हब जैसे इन्क्यूबेशन सेंटर इसकी सुविधा देंगे। अंत में, उन्होंने स्टार्टअप आइडियाज, प्रोडक्ट और प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने की जरूरत पर जोर दिया। बजाज फिनसर्व के एमडी संजीव बजाज ने कहा, 100-क्यूब कॉन्क्लेव का हिस्सा बनना खुशी की बात है, खासकर इसकी बड़ी योजनाओं को देखते हुए। सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था भारत के वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। ऐसे में यह एक उपयुक्त अवसर है। भारत पहले से ही तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप राष्ट्र है, जिसमें एक लाख ग्यारह हजार से अधिक स्टार्टअप डीपीआईआईटी के साथ पंजीकृत हैं।

# कश्मीर की वुशु बहनों अनस और आयरा ने मॉस्को में जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कश्मीर की वुशु बहनें अनसा चिश्ती और आयरा चिश्ती ने रशियन मॉस्को स्टार्स वुशु इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप 28 फरवरी को मॉस्को में शुरू हुई और 5 मार्च 2024 को समाप्त होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग 52 और 56 में असाधारण प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में रूसी प्रतिद्वंद्वियों को हराया और अपने प्रशंसकों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर की पूरी खेल बिरादरी को गौरवान्वित किया।

जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की प्रमुख नुजहत गुल ने एक्स (ट्विटर) पर घाटी की दो प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग 52 और 56 में असाधारण प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में रूसी प्रतिद्वंद्वियों को हराया और अपने प्रशंसकों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर की पूरी खेल बिरादरी को गौरवान्वित किया। आयरा के लिए यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। इससे पहले उन्होंने जॉर्जिया में स्वर्ण और इंडोनेशिया में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अब यह अंतरराष्ट्रीय वुशु चैम्पियनशिप में लगातार तीसरा पदक है और पिछले साल उन्हें राज्य पुरस्कार के लिए भी चुना गया था। आयरा पहली वुशु महिला एथलीट हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया था।

# रोहित और द्रविड़ धर्मशाला पहुंचे

## प्रैक्टिस सेशन में शामिल होना मुश्किल, बाकी प्लेयर्स 3 मार्च को पहुंच गए थे स्टेडियम




**धर्मशाला (एजेंसी)।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ धर्मशाला पहुंच गए हैं। टीम के बाकी खिलाड़ी 3 मार्च को ही एचपीसीए स्टेडियम पहुंच गए थे। जहां 2 दिन बाद 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ 5वां टेस्ट खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ एक स्टेट इवेंट में चीफ गेस्ट बन कर गए थे। वे दोपहर तक धर्मशाला पहुंचे। इसलिए उनका आज के प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल होना मुश्किल है।

**टीम 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गई** –इंग्लैंड और टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गए। इनके साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ स्टेडियम नहीं पहुंच सके। दोनों के मंगलवार सुबह तक ग्राउंड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दोपहर करीब 1=30 बजे तक ग्राउंड पहुंचे। दोनों टीमें 3 मार्च को प्रैक्टिस शुरू करने वाली थी, लेकिन तेज बारिश के कारण प्रैक्टिस नहीं हो सकी। फिर 4 मार्च को मौसम साफ हुआ और दोनों टीमों ने तैयारी की। अब 5 मार्च को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस सेशन है, लेकिन इसमें रोहित और द्रविड़ के शामिल होने की संभावनाएं कम हैं।

**खेल महाकुंभ में शामिल होने गए थे रोहित-द्रविड़** – रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ धर्मशाला से करीब 150 किमी दूर बिलासपुर गए थे। यहां उन्होंने कैबिनेट मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के साथ खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। रोहित इससे पहले बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए थे।

**सीरीज में 3-1 से आगे है भारत** –भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हुआ पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने लगातार 3 मुकाबले जीते और सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली।

**धर्मशाला में 7 साल बाद टेस्ट मैच हो रहा** – धर्मशाल में इतिहास का दूसरा ही टेस्ट मैच होगा। इससे पहले 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। भारत ने इसे 8 विकेट से जीतकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया था। अब भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 7 मार्च से सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा।

# इंग्लैंड के खिलाफ 2012 श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी, 100वें टेस्ट से पूर्व बोले अश्विन

**धर्मशाला (एजेंसी)।** भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी जिससे उन्हें अपनी गलतियों को सुधारने में मदद मिली।



इंग्लैंड ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। इंग्लैंड के खिलाफ यहां सात मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने करियर के 100 टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने इस बारे में कहा, 'यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पैल रहा। हाल ही में 500 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बने अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

# एलिस पेरी ने सिक्स लगाकर कार का कांच तोड़ा

## ● मंधाना को मिले 3 जीवनदान, ऋचा घोष ने फ्लाइंग कैच लपका, यूपी वॉरियर्ज हारा




**चेन्नई (एजेंसी)।** विमेंस प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने वापसी कर ली है। टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में लगातार 2 हार के बाद अपने पांचवें मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को हरा दिया। टीम को 23 रन से जीत मिली। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने डब्ल्यूपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 80 रन की पारी खेली। मंधाना के 2 कैच छूटे, वह एक बार स्टंपिंग आउट होने से भी बच गईं। आरसीबी से अर्धशतक लगाने वाली दूसरी बैटर एलिस पेरी ने सिक्स लगाकर कार का कांच तोड़ दिया।

1. **अटापट्टू ने दिया मंधाना को जीवनदान** –8वें ओवर की आखिरी बॉल पर सोफी एकलेस्टन के सामने स्मृति मंधाना ने लॉन्ग ऑफ की ओर बड़ा शॉट खेला। फील्डिंग कर रहीं चमारी अटापट्टू ने लॉन्ग-ऑफ से दौड़कर बॉल का गलत अनुमान लगाया, फिर वह पीछे हटीं और एक हाथ से कैच लेने की कोशिश की। बॉल उनके हाथों पर चिपकी नहीं और कैच छूट गया। मंधाना को 28 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला।
2. **एलिसा हीली ने मिस की स्टंपिंग** – एलिसा हीली विकेटकीपिंग के दौरान मंधाना को स्टंपिंग आउट करने से चूक गईं। 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर चमारी अटापट्टू ने तेज फेंकी, जिसे मंधाना मिस कर गईं। मंधाना शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर आईं और शॉट गलत जज किया, जिस कारण बॉल उनके पैड और बल्ले के बीच के गैप से होकर पीछे गई। स्टंप्स के पीछे खड़ी हीली गेंद को अपने पास रखने में नाकाम रहीं और गेंद चार रन के लिए चली गई। मंधाना को दूसरा जीवनदान 29 रन के स्कोर पर मिला।
3. **एकलेस्टन ने मंधाना का कैच टपकाया** –सोफी एक्लेस्टन ने स्मृति मंधाना का कैच छोड़ दिया। 16वें ओवर में मंधाना ने लॉन्ग ऑफ पर शॉट लगाया, वहां फील्डिंग कर रही एक्लेस्टन ने गेंद की लैंडिंग का गलत अनुमान लगाया। बाद में जब गेंद गिरी तो उन्होंने इसे एक हाथ से लेने की कोशिश की। बॉल शुरू में उनके दाहिने हाथ में फंसी, लेकिन बाद में निकलकर बाउंड्री के पार चली गई। मंधाना 71 रन के निजी स्कोर पर तीसरी बार आउट होने से बच गईं।
4. **एलिस पेरी ने कार का कांच तोड़ा** – एलिस पेरी ने मैच के 19वें ओवर में दीप्ति शर्मा की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। चौथी डॉट बॉल के बाद पेरी ने शानदार शॉट लगाया। उन्होंने गेंद को आगे बढ़कर डीप मिड विकेट के ऊपर से खेला। गेंद सीधे स्पॉन्सर कार की पिछली सीट की खिड़की में जा लगी, जिससे कार का शीशा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।
5. **ऋचा ने लिया डाइविंग कैच** – यूपीडब्ल्यू की पारी के 8वें ओवर के दौरान आरसीबी की विकेटकीपर ऋचा घोष ने फ्लाइंग कैच लिया। सोफी डिवाइन की पांचवीं गेंद पर ग्रेस हैरिस स्कूप शॉट के लिए गईं। गेंद में गति ज्यादा नहीं होने के कारण वह ज्यादा दूर तक नहीं गई। इस दौरान ऋचा घोष अपनी बाईं ओर गईं और डाइविंग कैच लेने के लिए छलांग लगाकर कैच पूरा किया।

# आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

## ● सोशल मीडिया पर लिखा- सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता



**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा कैप्टन एमएस धोनी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक दिलचस्प अपडेट किया। एम एस धोनी ने इस पोस्ट में लिखा, नए सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता। बने रहें! हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह पोस्ट आईपीएल से जुड़ी हुई है या नहीं।

**सीएसके ने आईपीएल की तैयारियां जारी की** –डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं। हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एम.एस धोनी ने प्री-वेडिंग सेरेमनी में सीएसके के अपने एक्स टीम मेट डीजे ब्रावो के साथ डांडिया खेला।

**22 मार्च से शुरू होगा मौजूदा सीजन, पहला मैच सीएसके का** – आईपीएल का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। बीसीसीआई ने लीग के पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

# पाकिस्तान में जूडो प्लेयर की मैच के दौरान मौत

## खेलते हुए मैट पर गिरी 20 साल की प्लेयर, सिर पर चोट लगने से जान गई



**पख्तूनख्वा (एजेंसी)।** पाकिस्तान में जूडो टूर्नामेंट के दौरान एक जुडोका की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। यह घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई प्रतियोगिता के दौरान की है। 20 साल की फिजा शेर अली को 44 किलो वेट कैटगिरी में मैच के दौरान सिर में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**ट्रायल में भाग लेने के लिए आई थी** – पाकिस्तान जूडो फेडरेशन के एक अधिकारी के अनुसार फिजा शेर पेशावर में बीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा थीं। वह मर्दन में जूडो के लिए ट्रायल देने आई थीं। वह इस खेल में नई थीं। मैच के दौरान उनके सिर में चोट लग गई, जिसके बाद वह नीचे गिर गईं। उन्हें तुरंत मेडिलक स्टाफ ने प्राथमिक उपचार दिया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**कुछ महीने पहले इस्लामाबाद में भी टेबल टेनिस खिलाड़ी की हो गई थी मौत** – कुछ दिन पहले, इस्लामाबाद में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता के दौरान 16 साल की एक लड़की की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह ढ्ढञ्जस्न जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आई हुई थी।

# पाकिस्तानी मुक्केबाज रशीद साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद लापता

**रोम (एजेंसी)।** ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने इटली गए पाकिस्तानी मुक्केबाज जोहेब रशीद अपने ही साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद से लापता है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां बताया कि इटली में पाकिस्तान दूतावास को इस घटना की जानकारी दे दी गई और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की गई है। राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा, 'जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिए बहुत शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि जोहेब इटली में ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा था। उसने पिछले वर्ष एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नासिर ने कहा कि महिला मुक्केबाज लौरा इकराम अभ्यास के लिए गई थी और जोहेब ने उसके कमरे की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली और इसके बाद वह होटल से गायब हो गया। उन्होंने बताया, 'पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन उसने इस बीच किसी से भी संपर्क नहीं किया है।

# बीसीसीआई से मान्यता चाहती है भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम चाहती है कि बीसीसीआई उन्हें अपनी छत्रछाया में लेकर सक्षम खिलाड़ियों की तरह माने ताकि वे भी आगे बढ़ सकें। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम के कोच मोहम्मद इब्राहिम ने सोमवार को कहा कि नेत्रहीन क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाने के लिए बीसीसीआई से मान्यता मिलना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि मान्यता के साथ नेत्रहीन क्रिकेटरों को बोर्ड से केंद्रीय अनुबंध भी मिलने चाहिए। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान के नेत्रहीन क्रिकेटरों को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंध मिले हुए हैं और वे अच्छा खेल रहे हैं। पीसीबी ने उनका काफी सहयोग किया है। बीसीसीआई को भी आम क्रिकेटरों की तरह नेत्रहीन क्रिकेटरों को अनुबंध देने चाहिए।

भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ के महासचिव शैलेंदर यादव ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिये सराहना और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'नेत्रहीन टीम के पूर्व कप्तान शेखर नाईक को पद्मश्री दिया गया और पूर्व कप्तान अजय रेड्डी को इस साल अर्जुन पुरस्कार मिला। उम्मीद है कि दूसरे देशों की तरह बीसीसीआई नेत्रहीन क्रिकेट को मान्यता देगा।

# नील वैगनर को जबरन रिटायरमेंट दिलाया गया

## ● रॉस टेलर बोले- कीवी बॉलर ने खुद को अवेलेबल रखा था

## ● न्यूजीलैंड प्लेइंग-11 में नहीं मिली थी जगह



**वेलिंगटन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वैगनर को जबरन रिटायरमेंट दिलाया गया। उन्हें बता दिया गया था कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में उन्हें प्लेइंग इलेवन में नहीं चुना जाएगा। वैगनर ने हाल ही में पहले टेस्ट की शुरुआत से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने रिटायरमेंट की घोषणा की। टेलर ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट पॉडकास्ट पर कहा, मुझे लगता है कि यह सब अब थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। मुझे लगता है कि वैगनर को जबरदस्ती रिटायरमेंट दिलाया गया। यदि आप वैगनर की प्रेस कॉन्फ्रेंस को सुनते हैं, तो वह कहना चाह रहे थे कि रिटायरमेंट आखिरी टेस्ट खेलने के बाद लेंगे।

37 वर्षीय वैगनर पहले टेस्ट के दौरान एक सब्सटीट्यूट फील्डर के रूप में मैदान में उतरे थे और कई मौकों पर ड्रिंक्स भी लेकर आए थे।

**वैगनर आज भी मेरी पहली चॉइस – टेलर** –टेलर बोले मुझे लगता है कि भविष्य को देखते हुए टीम में बदलाव किया गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में जीत की स्थिति में, मैं नील वैगनर के आगे किसी को भी नहीं सोचूंगा। मुझे यकीन है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आराम से सो रहे होंगे, क्योंकि वैगनर टीम का हिस्सा नहीं है।

**न्यूजीलैंड के लिए 64 टेस्ट खेल चुके हैं** – वैगनर मूल रूप से साउथ अफ्रीका के रहने वाले हैं। वे न्यूजीलैंड शिफ्ट हो गए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 64 मैच खेले हैं। जिसमें 3.13 की इकोनॉमी रेट से 260 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 2012 वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ 13 से 16 फरवरी तक हुए मैच में खेला था।

**वैगनर ने संन्यास की घोषणा के बाद कुछ यादें भी शेयर कीं** – संन्यास की घोषणा के बाद वैगनर ने मीडिया के साथ कुछ पुरानी यादें भी शेयर कीं। उन्होंने कहा 2014 में भारत के साथ पहली टेस्ट जीत, बारबाडोस में वेस्टइंडीज में न्यूजीलैंड की पहली टेस्ट सीरीज जीत, 2018 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत को वह कभी नहीं भूलेंगे। वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और भारत और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल टेस्ट में एक रन की जीत को कभी नहीं भूल पाएंगे।

# वानखेड़े में हो सकता है रणजी ट्रॉफी फाइनल



**मुंबई (एजेंसी)।** रणजी ट्रॉफी के 89वें सीजन का फाइनल मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हो सकता है। होम टीम मुंबई ने सेमीफाइनल में तमिलनाडु को हराकर 48वीं बार रणजी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं मध्य प्रदेश और विदर्भ टीम के बीच रोमांचक सेमीफाइनल हुआ। वानखेड़े स्टेडियम 2011 का वनडे वर्ल्ड कप फाइनल होस्ट करने के लिए फेमस है। जहां भारत ने श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी जीती थी। यहीं क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर अपना आखिरी इंटरनेशनल भी मैच खेला था।

**एमसीए अधिकारी फाइनल कराने को तैयार** – मुंबइ क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया, वानखेड़े स्टेडियम में ही फाइनल कराने के पूरे चांस हैं। आखिरी डिसिजन सेमीफाइनल के चौथे दिन तक आ जाएगा। एमसीए के सेक्रेटरी अजिंक्य नायक ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम मुंबई क्रिकेट का घर रहा है। यहां 50 से ज्यादा सालों से मुंबई के होम मैच हो रहे। टूर्नामेंट की अहमियत और मुंबई क्रिकेट कम्यूनिटी को देखते हुए यहां फाइनल कराना बेस्ट डिसिजन होगा।

**तमिलनाडु के कोच बोले, टॉस के कारण हारे** – मुंबई ने पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मुंबई तीसरे दिन ही मुकाबला जीतकर फाइनल में पहुंच गई। शतक बनाने वाले शार्दूल ठाकुर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

मुंबई के खिलाफ सेमफाइनल में हार के बाद तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने कहा कि उनकी टीम टॉस के कारण हारी। अगर कप्तान साई किशोर टॉस जीतने पर पहले बैटिंग नहीं लेते तो सिचुएशन बदल भी सकती थी। मुंबई की पिच पर घास थी, इससे गेंदबाजों को मदद मिली और तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन ही बना सका।

## मुंबई ने 48वीं बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई

**मुंबई ने 41 बार जीता है खिताब** – मुंबई 48वीं बार रणजी के फाइनल में पहुंचा है, टीम ने 41 बार खिताब जीता है। हालांकि टीम को आखिरी जीत 2015-16 के सीजन में मिली। 2021-22 के सीजन में टीम को मध्य प्रदेश के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

**मध्य प्रदेश से फिर हो सकता है सामना** – मुंबई को रणजी ट्रॉफी फाइनल में एक बार फिर मध्य प्रदेश के सामने खेलना पड़ सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एमपी टीम विदर्भ को नागपुर में खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल में हरा दे। सोमवार को मुकाबले के तीसरे दिन तक विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 343 रन बना लिए। टीम की कुल बढ़त 261 रन की हो चुकी है। पहली पारी में मध्य प्रदेश ने 252 और विदर्भ ने 170 रन बनाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### म्यांमार, बांग्लादेशी शरणार्थियों और मणिपुर से आए लोगों की सहायता जारी रखेगा मिजोरम



**आइजोल।** मिजोरम सरकार राज्य में शरण लेने वाले म्यांमार, बांग्लादेश और मणिपुर के 42000 लोगों को सहायता उपलब्ध कराती रहेगी। गृह मंत्री के सप्तांगा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि म्यांमार और बांग्लादेश से शरण मांगने वालों और मणिपुर से आने वालों की संख्या में बदलाव जारी है। ऐसे में रोजाना उनका रिकार्ड बनाए रखना कठिन है। गृह विभाग के रिकार्ड के अनुसार, राज्य में मणिपुर से 9,248, म्यांमार से 32,161 और बांग्लादेश से 1,167 लोग आए हुए हैं। एमएनएफ विधायक के लालदवंगलिंगा के प्रश्न का उत्तर देते हुए सप्तांगा ने कहा कि इन लोगों की जितना संभव है उतनी सहायता जारी रखी जाएगी। सप्तांगा ने कहा कि केंद्र ने पूर्ववर्ती मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सरकार को सहायता के लिए तीन करोड़ रुपये उपलब्ध कराए थे।

### लोकसभा चुनाव के लिए बीआरएस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची



**हैदराबाद।** बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर राव ने आगामी संसदीय चुनावों के लिए पार्टी की पहली सूची में चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। घोषित नामों में से बी विनोद कुमार (करीमनगर लोकसभा सीट), नामा नागेश्वर राव (खम्मम लोकसभा सीट), मलोथ कविता (महबूबाबाद लोकसभा सीट) और कोप्पुला ईश्वर (पेद्दापल्ली लोकसभा सीट) को टिकट दिया गया है।

### बिस्तर पर खून से सनी पड़ी बीवी-बच्चों की लाशें, किराये के घर पर लटकी मिली पति की लाश

**कोट्टायम (केरल)।** केरल के पाला से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य किराए के घर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान 44 वर्षीय जैसन थॉमस, उनकी पत्नी और 10 साल से कम उम्र के तीन बच्चों के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, जैसन को लटका हुआ पाया गया। वहीं, उसकी पत्नी और बच्चों के शव खून के निशान के साथ बिस्तर पर पड़े पाए गए। जैसन नजंडुपारा, अकलाकुन्नम के मूल निवासी थे। वे पूवारानी कोचुकोट्टारम इलाके में एक किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस को संदेह है कि जैसन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की होगी।

### बीजीपी नेता को आम आदमी पार्टी नेता ने मारी गोली

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता को आम आदमी के नेता गोली मार दी है। यह घटना छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया की बताई जा रही है। घायल भाजपा नेता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं गोलीकांड का आरोपी आप नेता मौके से फरार हो गया है।
बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना आपसी विवाद के कारण हुई है। बतादे कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल और भाजपा नेता गोपाल गिरी का किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल ने भाजपा के नेता गोपाल के ऊपर गोली चला दी है। जैसे ही गोली की आवाज आसपास के लोगों को सुनाई दी।

# दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत रैपिड रेल को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एनसीआर में रहने वालों के लिए गुड न्यूज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेन के दूसरे खंड का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद दुहाई से मोदीनगर उत्तर तक यात्रियों के लिए ट्रेन चलने लगेगी।

प्रधानमंत्री मोदी 6 मार्च को नमो भारत ट्रेन के दूसरे खंड का वर्चुअली उद्घाटन करने जा रहे हैं। आरआरटीएस के मुरादनगर स्टेशन पर कार्यक्रम होगा। ट्रेन 7 मार्च से आम यात्रियों के लिए चल सकती है। इस तरह नमो भारत साहिबाबाद से मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर चलेगी।

नमो भारत ट्रेन का परिचालन मौजूदा समय में साहिबाबाद से दुहाई डिपो स्टेशन तक चल रहा है। यह 17 किलोमीटर लंबा खंड है। इस खंड में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन हैं। ट्रेन में रोजाना ढाई से तीन हजार यात्री सफर कर रहे हैं। आरआरटीएस का खंड-2 दुहाई से आगे मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक भी तैयार हो गया। इस खंड में मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण और मोदीनगर उत्तर स्टेशन हैं।

एनसीआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अगले दिन या आठ मार्च को ट्रेन यात्रियों के लिए चलने लगेगी। मुरादनगर स्टेशन पर उद्घाटन कार्यक्रम कराया जाएगा। इसके लिए स्टेशन तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में एनसीआरटीसी के





एमडी विनय कुमार सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

ट्रेन में यात्रा के लिए यात्रियों को टिकट खरीदने के कई विकल्प हैं। स्टेशन पर लगी टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) में नगद, कार्ड के साथ यूपीआई से भुगतान किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से नगदी या खुले पैसे रखने का झंझट खत्म हो जाएगा। उद्घाटन से पहले चीफ मेट्रो रेल सेफ्टी ने कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इसके बाद कॉरिडोर पर ट्रेन परिचालन की मंजूरी दी है। कई मानकों पर रेल सेफ्टी का निरीक्षण किया। इसमें ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और सिग्नल आदि की जांच की गई। मोदीनगर में यात्रियों की सुविधा के लिए मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नॉर्थ दो स्टेशन बनाए गए हैं। यहां ग्राउंड लेवल पर स्टेशन में प्रवेश और निकास लिए दोनों ओर एक-एक गेट है। सीढ़ियों के साथ दो-दो एस्केलेटर और एक-एक लिफ्ट लगाई गई है। स्टेशन पर कार्य पूरे हो गए। एस्केलेटर और लिफ्ट लगा दी गई है, लेकिन दोनों स्टेशन के बाहर अभी कार्य चल रहा है। इसे भी जल्द पूरा करने का दावा किया गया है। अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

## एनसीआर में आएगी नौकरियों और रोजगार की बहार, यमुना प्राधिकरण बनाएगा 5 औद्योगिक पार्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाले सालों में एनसीआर में नौकरियों और रोजगार की बहार आने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए प्राधिकरण को शासन से 243.9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की स्वीकृति मिल गई है। इन प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों में लेदर फुटवियर पार्क, सामान और सहायक उपकरण पार्क, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, हथकरघा और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क विकसित किए जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण के मुताबिक, यह पार्क सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्रों के अतिरिक्त होंगे। जिन्हें पहले लगभग 500 एकड़ भूमि पर विकसित करने की घोषणा की गई थी। अब इन्हें सेक्टर-10 में 243 हेक्टेयर भूमि में विकसित किए जाने पर मंजूरी मिल गई है। प्राधिकरण बोर्ड की मंजूरी के बाद अब शासन ने भी भूमि की स्वीकृति दे दी है। जिला प्रशासन जल्द जमीन के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू करेगा।

औद्योगिक पार्कों के लिए वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के तहत संचालित लेदर निर्यात परिषद ने क्षेत्र में लेदर पार्क का प्रस्ताव रखा था, जिसमें चमड़े से संबंधित सामान, जूते और परिधान के निर्माण पर ध्यान केंद्रित था। वहीं, ऑल इंडिया प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क का प्रस्ताव रखा, जिससे क्षेत्र में खुद के उद्योग स्थापित हो सकेंगे। पारंपरिक शिल्प कौशल को समर्थन देने के लिए हस्तशिल्प कल्याण संघ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। नए क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण पार्क भी होगा, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े सामान को बनाया जाएगा। इस परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। सेक्टर-10 में दूसरा सेमीकंडक्टर पार्क भी बनेगा ~ सेक्टर-28 के बाद प्राधिकरण की सेक्टर-10 में एक और सेमीकंडक्टर पार्क विकसित करने की योजना है। इसके लिए एक अमेरिकन कंपनी को भी उत्पादन के लिए एनओसी देने पर विचार किया जा रहा है।

## बेटे का बर्थडे मनाया, रात में सबसे की बात; ड्रीमलैंड के मालिक पवन भड़ाना ने किया सुसाइड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ड्रीमलैंड प्रमोटर एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक और प्रमोटर पवन भड़ाना ने सेक्टर-93 की पार्श्वनाथ सोसाइटी स्थित फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर रविवार रात आत्महत्या कर ली। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। बिल्डर के कर्ज से परेशान होने और मानसिक तनाव में होने की बात सामने आ रही। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि ड्रीमलैंड के मालिक पवन भड़ाना सोसाइटी में तीन बच्चों और पत्नी के साथ रह रहे थे। सोमवार सुबह परिवार वालों ने उनके आत्महत्या करने की सूचना दी। सुबह छोटे बेटे ने खिड़की से बिल्डर का शव फंदे से लटका हुआ देखा। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। कंपनी का कारोबार 500 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है। पवन भड़ाना के खिलाफ अलग-अलग थाने में कई केस दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही वह जेल से छूटकर जमानत पर बाहर आए थे। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। शव को फंदे से परिजनों ने ही उतारा था। ऐसे में पुलिस मृतक के घर वालों से भी जल्द पूछताछ करेगी। परिजन अभी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे कि खुदकुशी का कारण क्या है। करीबियों के मुताबिक पवन हंसमुख स्वभाव के थे। बीते शनिवार को उनके छोटे बेटे शौर्य का जन्मदिन था। उस दिन घर में उत्सव का माहौल था और पवन काफी खुश थे। रविवार रात पवन ने पत्नी और छोटे बेटे से रात 11 बजे बात की और फिर दूसरे कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। पवन ने बेटे को जल्द ही टूर पर ले जाने का वादा भी जन्मदिन पर किया था।

# पहली नजर का प्यार, दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर काला जठेड़ी 12 मार्च को शादी करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर काला जठेड़ी 12 मार्च को शादी करने वाला है। उसकी शादी मैडम मिंज उर्फ अनुराधा से होगी। इसके लिए उसे छह घंटे की पैरोल दी जाएगी। संदीप उर्फ काला जठेड़ी और अनुराधा उर्फ मैडम मिंज के लिए यह पहली नजर का प्यार था। दोनों की मुलाकात 2020 के वसंत के मौसम में हुई थी जब देश में कोरोना महामारी फैली हुई थी। हालांकि यह उनकी परेशानी का इकलौता कारण नहीं था क्योंकि दोनों दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा पुलिस की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल हैं। पुलिस फाइलों में अनुराधा मैडम मिंज और संदीप गैंगस्टर काला जठेड़ी है, जिसके सिर पर उस समय 7 लाख रुपये का इनाम था। दोनों को 2021 में पकड़ा गया था। जठेड़ी तब से सलाखों के पीछे है। हालांकि, अनुराधा को जमानत मिल गई और दोनों ने कानूनी चैनलों के जरिए नियमित मुलाकातों के माध्यम से अपने रोमांस





को बनाए रखा। सोमवार को, द्वारका की एक कोर्ट ने अनुराधा से शादी करने के लिए जठेड़ी को छह घंटे की कस्टडी पैरोल दे दी। जिससे उसकी पांच साल पुरानी मुराद पूरी होने वाली है। फूलों की घाटी की यात्रा के दौरान दोनों के बीच प्यार पनपा, जब दोनों भाग रहे थे। अगले नौ महीनों तक, दोनों मसूरी से देहरादून, रानीखेत और अन्य स्थानों पर घूमते हुए पुलिस के साथ चूहे-बिल्ली का खेल खेलते रहे। उन्हें आखिरकार जुलाई 2021 में सहारनपुर के पास पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हालांकि, अलग-अलग जेलों में बंद होने के बावजूद दोनों का प्यार जिंदा रहा। लॉरेंस विश्नोई ने उनके बीच ग्रेपवाइन (कम्युनिकेशन का अनौपचारिक तरीका) की भूमिका निभाई। कई महीनों बाद अनुराधा को जमानत मिल गई और फिर उनकी लगातार मुलाकात होने लगीं।जठेड़ी और मैडम मिंज की प्रेम कहानी से परिचित लोगों का कहना है कि अनुराधा जिस सहजता से धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलती थी और कलाश्निकोव से गोलियां दागती थी, उससे जठेड़ी उसपर लट्टू हो गया। एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी जिसकी टीम ने 2021 में जठेड़ी और अनुराधा का पता लगाया था, उन्होंने कहा, अनुराधा के लिए, जीवन उसके पूर्व मित्र - खूंखार गैंगस्टर आनंदपाल की मौत के साथ खत्म हो गया था। वह 2017 में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। अनुराधा तब आनंदपाल के प्रतिद्वंद्वी, राजू बसोदी के रडार पर आ गई थी। यह तब था जब गैंगस्टर बलबीर बानूदा ने उसे सपोर्ट दिया था। 2019 तक, वह बिश्नोई के संपर्क में आ गई और अंततः जठेड़ी से उसकी दोस्ती हुई। अनुराधा राजस्थान के सीकर के अल्फासर गांव के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है। पुलिस अधिकारी ने कहा, जब वह बहुत छोटी थी तभी उसकी मां की मौत हो गई।

## इजराइल ने हमास से अपहरण किए गए लोगों के बारे में जानकारी मांगी

**तेल अवीव , एजेंसी।**
द होस्टेस एंड मिसिंग फैमिली फोरम ऑफ इजराइल ने मांग की है कि संघर्ष विराम के लिए बातचीत को तेज किया जाए और अपहरण किए गए लोगों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी जुटाकर सार्वजनिक किया जाए। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला करने के बाद कई लोगों को बंधक बना लिया था। हमास के एक



वरिष्ठ अधिकारी बसेम नईम ने एक इंटरव्यू में कहा कि बंधकों को अलग-अलग समूहों में कैद कर रखा गया है। अब हमास के पास इसकी जानकारी नहीं है कि कितने लोग मारे जा चुके हैं और कितने जिंदा हैं। नईम ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि अपहरण किए गए लोगों के बारे में जानकारी बहुत मूल्यवान है और इसे मुफ्त में किसी के भी साथ साझा नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि कैदियों की स्थिति के बारे में जानकारी तब जुटाई जा सकेगी, जब सीजफायर होगा। कैदी के सबसे करीबी ऑलिव मोस्ले ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, हमास के अधिकारी का यह बयान बेहद ही खौफनाक है। हम अपने सभी प्रियजनों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमें नहीं पता है कि वह जिंदा लौटेंगे या नहीं। उन्होंने इजराइल सरकार से आह्वान किया कि वह गाजा और कैदियों की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाकर सार्वजनिक करे। इजराइली इंटेलिजेंस एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम 134 लोग हमास की कस्टडी में हैं और उनमें से 32 मारे जा चुके हैं। हमास द्वारा मृत और जिंदा कैदियों के बारे में जानकारी नहीं दिए जाने के बाद इजराइल ने संघर्ष विराम से पहले शांति स्थापित करने के लिए चल रही वार्ता से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं।

## फ्रांस में महिलाओं को दिया गया गर्भपात का संवैधानिक अधिकार, ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश

**पेरिस, एजेंसी।**
फ्रांस दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया है जिसने गर्भपात के अधिकार को अपने संविधान में जगह दे दी है। बता दें कि दुनियाभर एंटी अबॉर्शन ग्रुप इस फैसले का विरोध कर रहे थे। बावजूद इसके मैक्रों की सरकार ने सख्ती दिखाई और बड़ा फैसला ले लिया। फ्रांस की संसद में इस विधेयक के पक्ष में 780 वोट पड़े। वहीं



बता दें कि फ्रांस में महिलाओं को गर्भपात का कानूनी अधिकार 1974 से ही मिला हुआ है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में रो वी वेड के फैसले को पलटते हुए गर्भपात के कानूनी अधिकार को खत्म कर दिया था।

विरोध में केवल 72 वोट ही पड़े। बहुत सारे अबॉर्शन राइट्स ऐक्टिविस्ट पैरिस में इकट्ठा हुए थे और इस फैसले का स्वागत कर रहे थे। अगर सर्वे की बात करें तो अमेरिका और अन्य किसी भी देश से ज्यादा गर्भपात के अधिकार को फ्रांस में समर्थन मिला। यहां करीब 80 फीसदी लोगों ने इस अधिकार को सही माना। फ्रांस के प्रधानमंत्री गैब्रिएल अटाल ने कहा, हम सभी महिलाओं को एक संदेश दे रहे हैं। आपका शरीर सिर्फ आपका है। इस बारे में फैसला लेने के अधिकार भी आपके अलावा और किसी को नहीं है। सीएनएन के मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उन्होंने पहले ही महिलाओं से वादा किया था कि वे गर्भपात के लिए संवैधानिक अधिकार देंगे। इस संशोधन विधेयक में कहा गया है कि फ्रांस में गर्बपात की गारंटी के साथ स्वतंत्रता है। बताया जा रहा है कि फ्रांस की सरकार महिला दिवस के मौके पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगी और इस फैसले का जश्न मनाएगी। फ्रांसीसी वामपंथी इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे हैं। कैथोलिक चर्च ने भी इस विधेयक का विरोध किया था।

# हमास ने किए रेप, गाजा में भी बंधकों की इज्जत लूटी

### ूएन की रिपोर्ट में चौंकाने ाले खुलासे

**ाजा, एजेंसी।**
़मास को लेकर यूएन यानी संयुक्त राष्ट्र ी रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ेपोर्ट में दावा किया गया है कि 7 अक्टूबर को हुए हमलों के दौरान कई ़लात्कारों भी हुए थे। इतना ही नहीं साथ ी रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा ले जाए ए बंधकों के साथ भी रेप किया गया था। अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास े लड़ाकों ने इजरायल पर हमला कर ेया था। तब से ही दोनों पक्षों में खूनी ंघर्ष जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संघर्ष में ौन हिंसा पर यूएन की विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पैटन ने इजरायल और वेस्ट बैंक का दौरा किया था। वह फरवरी में करीब ढाई सप्ताह के लिए इन क्षेत्रों में अन्य एक्सपर्ट्स के साथ पहुंची थीं। उन्होंने पाया कि इस बात के स्पष्ट जानकारी थी कि कुछ बंधकों के साथ बलात्कार किया गया है।

उन्होंने पाया कि यह भी माना जा रहा है कि ऐसी हिंसा उन लोगों के साथ अब तक जारी है, जो बंधक बने हुए हैं। खास बात है कि इजरायल ने हमास पर 7 अक्टूबर को बलात्कार और यौन हिंसा के भी आरोप लगाए थे। वहीं, इन मामलों पर धीमी प्रतिक्रिया देने के लिए यूएन को भी खासी आलोचना का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, गाजा क्षेत्र में हमास और अन्य सशस्त्र बलों की तरफ



से आम जनता और सैन्य के खिलाफ हुए हमलों के संदर्भ में मिशन की टीम को पता चला है कि यहां यह मानने का आधार है कि 7 अक्टूबर को कई स्थानों पर रेप और गैंगरेप समेत संघर्ष संबंधित यौन हिंसा हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये घटनाएं तीन जगहों पर हुई हैं। इनमें नोवा म्यूजिक फेस्टिवल, रोड 232 और किब्बूत्ज रीम शामिल है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है, इनमें से अधिकांश घटनाओं में पीड़ितों के साथ पहले बलात्कार किया गया और बाद में उन्हें मार दिया गया। ऐसे दो मामले भी हैं, जहां महिलाओं के शवों के साथ बलात्कार किया गया है।

## ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत, रिपब्लिकन पार्टी में प्राथमिक चुनाव जीतकर बनाया इतिहास

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है। वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं।

निक्की हेली की पहली जीत

अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129